YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-345 ❒ सोमवार, 19 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल हेल्थ को नीति के केंद्र में रखा गया है, ताकि तकनीक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और परिणामों में सुधार हो सके। डिजिटल हेल्थ तभी सफल हो सकती है, जब वह सरल, सुरक्षित और भरोसेमंद हो।



ब्रजेश पाठक

अंडमान सागर में भारत की पहली ओपन-सी समुद्री मछली पालन परियोजना का शुभारंभ 11
गायत्री परिवार युग चेतना का प्रवाहः धामी 12

## संक्षेप

### निवेश बढ़ाने में एआई की भूमिका का भी अध्ययन करेंगे अधिकारी

**लखनऊ।** प्रदेश में औद्योगिक निवेश की रफ्तार बढ़ाने के लिए अधिकारियों व कर्मियों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के बेहतर उपयोग की भी जानकारी दी जाएगी। इन्वेस्ट यूपी ने उनकी कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए आईआईएम लखलऊ के साथ मिलकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई है। इसके तहत फरवरी के बाद आईआईएम लखनऊ में पांच दिवसीय कैपेबिल्टी बिल्डिंग ट्रेनिंग होगी। विशेष प्रशिक्षण में सभी जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी, सभी औद्योगिक प्राधिकरण के ओएसडी, एमएसएमई के अधिकारी व कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी। सूत्रों का कहना है कि इसका प्रमुख मकसद उन्हें एआई के उपयोग, एनालिटिक्स की जानकारी, निवेश के बढ़ते क्षेत्रों की संभावनाओं समेत अन्य विषयों पर तकनीकी ज्ञान दिलाना होगा।

### विमान में बम की सूचना पर लखनऊ में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में रविवार सुबह बम होने की सूचना से एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जानकारी के अनुसार एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को सुबह 08:46 बजे दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या (6ई-6650) में बम होने की सूचना मिली। इसके बाद सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर 09:17 बजे सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद यात्रियों को उतार कर विमान को तत्काल आइसोलेशन वे में पार्क कराया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विमान के बाथरूम में टिशू पेपर पर हाथ से लिखा एक नोट मिला, जिस परल्प्लेन में बम है लिखा था। सूचना मिलते ही विमान को लखनऊ डायवर्ट किया गया।

### यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों के लिये मनोवैज्ञानिक हेल्प डेस्क शुरू

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों के लिये मण्डलीय मनोवैज्ञानिक हेल्प डेस्क शुरू हुई है। मनोवैज्ञानिक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों को परीक्षा के तनाव, घबराहट, बेहतर प्रदर्शन का दबाव, एक्रागता में दिक्कत और भय का समाधान बताएंगे। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि मनोवैज्ञानिक परीक्षार्थियों को भय मुक्त, तनावमुक्त होकर परीक्षा में सम्मिलित होने के टिप्स दिये जांएंगे। जेडी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन व मण्डलीय मनोवैज्ञानिक, मनोविज्ञानशाला षष्ठ मण्डल के नेतृत्व में मण्डलीय मनोविज्ञानशाला, निकट सिटी स्टेशन लखनऊ में मण्डलीय हेल्पडेस्क 2026 का गठन कर दिया गया है।

# यूपी बनेगा हेल्थकेयर और मेडिकल टेक्नोलॉजी हब : सीएम योगी

## योगी आदित्यनाथ ने किया यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❒ 25 करोड़ नहीं, 35 करोड़ लोगों की सेहत की जिम्मेदारी उठाता है उत्तर प्रदेश
❒ पिछले पौने नौ वर्षों में प्रदेश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन किया, जिसके परिणाम आज ज़मीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे
❒ सरकार का उद्देश्य अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा दिलाना

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजधानी लखनऊ में यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ 25 करोड़ की आबादी वाला राज्य ही नहीं, बल्कि देश व पड़ोसी राज्यों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति का सबसे बड़ा केंद्र भी है। प्रदेश को मेडिकल टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर इनोवेशन और फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का राष्ट्रीय तथा वैश्विक हब बनाने की दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले पौने नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन किया है, जिसके परिणाम आज ज़मीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के सबसे बड़े हेल्थकेयर कंज्यूमर मार्केट के रूप में 35 करोड़ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का भार वहन करता है। पिछले पौने नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में वह परिवर्तन किया है, जिसकी कल्पना पहले संभव नहीं थी। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सरकारी और निजी क्षेत्र को मिलाकर कुल 40 मेडिकल कॉलेज थे। आज प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज पूरी तरह क्रियाशील हैं। इसके अतिरिक्त दो एम्स, 100 से अधिक जिला अस्पताल, सैकड़ों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स की एक मजबूत श्रृंखला खड़ी की गई है, जिससे दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच रही हैं। सरकार का उद्देश्य केवल भवन खड़े करना नहीं था, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था तैयार करना था, जिसमें अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी सम्मानजनक व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लागू होने से पहले किसी गरीब परिवार में यदि कोई गंभीर रूप से बीमार हो जाता था, तो पूरा परिवार भय और आर्थिक संकट में घिर जाता था। इलाज अधूरा छूट जाता था, क्योंकि न सरकार का सहयोग होता था और न ही संसाधन। आज उत्तर प्रदेश में 5.5 करोड़ परिवारों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से प्रति परिवार ?5 लाख तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जो पात्र परिवार किसी कारणवश आयुष्मान योजना में शामिल नहीं हो सके, उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से कवर किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान कार्ड एक अतिरिक्त सुरक्षा कवच है। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी तथा हेल्थ एंड वेलनेस ● शेष पेज 11 पर

### योगी ने पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत लाभार्थियों के खाते में भेजे दो हजार करोड़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे ?2,000 करोड़ की अनुदान राशि के अंतरण किया। उन्होंने कार्यक्रम में कई लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि सभी को रोटी, कपड़ा और आवास उपलब्ध कराना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का एक हिस्सा है। इसलिए आवास पूर्ण होने पर पीएम को पत्र लिख कर उन्हें धन्यवाद जरूर ज्ञापित करें। लखनऊ के गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे ● शेष पेज 11 पर

# संगम पर जनसमुद्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में चार करोड़ ने लगायी पवित्र डुबकी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के माघ मेले मे मौनी अमावस्या के अवसर पर रविवार शाम पांच बजे तक चार करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी में पावन डुबकी लगा चुके थे। आज सुबह चार बजे से ही मौनी अमावस्या का स्नान शुरू हो गया था। जैसे जैसे सूरज निकला उसी रफ़्तार से श्रद्धांलुओं की भीड़ भी बढ़ने लगी भीड़ क़ा आलम ये था कि 11 बजे सुबह तक ही एक करोड़ लोगो ने स्नान कर लिया था। श्रद्धालुओं की भीड़ क़ो देखते हुए पुलिस ने भी अपनी योजना मे बदलाव करते हुए दूसरे रास्ते से स्नान घाट तक पहुंचाया। मौसम ने भी श्रद्धालुओं का साथ दिया और खिली खिली धूप मे लोग स्नान करते रहें। प्रशासन की तरफ से बताया गया कि आज शाम पांच बजे तक चार करोड़ से ज्यादा लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। स्नान करने वाले लोगो पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई।

मौनी अमावस्या का स्नान सबसे बड़ा स्नान पर्व होता हैं। मेला प्राधिकरण का अनुमान था कि आज के दिन तीन से साढ़े तीन करोड़ लोग स्नान करेंगे लेकिन दो बजे तक ही तीन करोड़ लोगो नें स्नान कर लिया था। लिहाज़ा ये आकड़ा और बढ़ेगा, श्रद्धालुओं की भीड़ क़ो देखते हुए पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार कल देर रात 12 बजे से ही घाट पर डटे रहें और खुद ही पूरी व्यवस्था की निगरानी करते रहे।

श्रद्धालुओं की भीड़ एक जगह एकत्र न हो, शहर के अंदर भी पुलिस ने खास इंतज़ाम किये हैं। जानसेन गंज चौराहे से रेलवे स्टेशन जाने वाली रोड क़ो बंद कर दिया गया था। बिजली घर से सिविल लाइन्स जाने वाले रास्ते पर भी बैरिकेटिंग की गई हैं। इसके अलावा सिविल लाइन्स रेलवे स्टेशन साइड पर पैदल ही श्रद्धालुओं क़ो जाने दिया जा रहा हैं। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार और उनकी टीम ने जिस तरह से ट्रैफ़िक प्लान तैयार किया हैं उससे काफी अच्छा असर पड़ा है। श्रद्धालु स्नान कर रहें हैं और शहर मे जाम भी नही लगा।

मौनी अमावस्या का स्नान करने शंकराचर्या स्वामी अविमुकतेशवारा नन्द महाराज अपने रथ पर सवार होकर भीड़ के बीच जा रहें थे। तभी पुलिस नें रथ की बजाये पैदल जाकर स्नान करने की अपील की जिस पर ● शेष पेज 11 पर

# धर्म ही मुझे और मोदी को चला रहा: भागवत

एजेंसी



❒ जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा

छत्रपति संभाजीनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि धर्म ही मुझे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चला रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि वही सृष्टि, समाज और राष्ट्र के संचालन का मूल सिद्धांत है। भागवत ने कहा कि जब तक ऐसा धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, तब तक देश विश्वगुरु बना रहेगा।

रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि सृष्टि के निर्माण के बाद उसके संचालन के जो नियम बने, वही धर्म कहलाए। पूरा ब्रह्मांड उन्हीं नियमों के अनुसार चलता है, लेकिन आज दुनिया में आध्यात्मिकता की कमी के कारण इस सत्य को समझा नहीं जा रहा।

उन्होंने कहा कि धर्म किसी भी व्यक्ति, समाज या रचना के लिए अनिवार्य है। कोई राज्य भले ही धर्मनिरपेक्ष हो सकता है, लेकिन कोई भी व्यक्ति या व्यवस्था धर्म के बिना नहीं चल सकती। प्रकृति की हर रचना का अपना कर्तव्य और अनुशासन होता है, वही धर्म है। जातिगत भेदभाव पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि जाति को खत्म करने के लिए सबसे पहले मन से जाति को मिटाना ● शेष पेज 11 पर

## विधानसभा में आज से शुरू होगा तीन दिवसीय सम्मेलन

लखनऊ। देशभर के पीठासीन अधिकारी और विधान परिषद के सचिव लखनऊ में तीन दिनों तक विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय परंपराओं, सदन संचालन, सुशासन और समसामयिक विधायी विषयों पर चर्चा विमर्श करेंगे। यूपी विधानसभा में सोमवार से 21 जनवरी तक 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन और विधानसभा व विधान परिषदों के सचिवों का 62वां सम्मेलन होगा सम्मेलन को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपसभापति राज्यसभा हरिवंश नारायण सिंह, सभापति विधान परिषद कुंवर मानवेंद्र सिंह और यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना उपस्थित रहेंगे। विधान भवन में सोमवार को सम्मेलन का उद्घाटन होगा। पहले दिन कार्यक्रम का शुभारंभ होगा और प्रदर्शनी का उद्घाटन, समूह चित्र व विभिन्न समितियों की बैठकें आयोजित होंगी। दूसरे दिन 20 जनवरी को पूर्ण सत्र के दौरान एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा होगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश ● शेष पेज 11 पर

# सांसों पर 'आफत' काल

एजेंसी



❒ दिल्ली में कोहरे- ठंड के बीच आनंद विहार में वायु गुणवत्ता '493' पहुंचा

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी वायु प्रदूषण ने लोगों को जीना दुश्वार कर दिया है और रविवार को यहां के आनंद विहार में वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) औसतन 493 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में आज सुबह यहां के ज्यादातर हिस्सों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। बोर्ड के अनुसार आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता सबसे खराब रही, जहाँ एक्यूआई 493 दर्ज किया गया। इसके बाद रोहिणी में यह 488 रहा। इसके अलावा वज़ीरपुर में एक्यूआई 483 और बवाना में 478 दर्ज किया गया। द्वारका सेक्टर -8 में सुबह करीब नौ बजे एक्यूआई 471 और जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 470 दर्ज किया गया। वहीं, चांदनी चौक में एक्यूआई 466 के साथ गंभीर प्रदूषण रहा, जबकि नज़फ़गढ़ में तुलनात्मक रूप से कम लेकिन फिर भी सेहत के लिए खराब रहा। यहां पर एक्यूआई 307 दर्ज किया गया। मौसम ने राष्ट्रीय स्थिति को और खराब कर दिया है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी ) ने रविवार की सुबह दिल्ली में कई जगहों पर हल्का कोहरा और कुछ जगहों पर घना कोहरा छाने की सूचना दी, जिससे दृश्यता कम हो गयी। यहां पर आज आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है और न्यूनतम तापमान चार से छह डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है जो सामान्य से कम है। वहीं, अधिकतम तापमान 21 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं जो मौसम के औसत से ज़्यादा है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में सोमवार को सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरे का अनुमान है, जिसमें न्यूनतम तापमान थोड़ा बढ़कर 6-8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जो सामान्य स्तर के करीब होगा। अधिकतम तापमान स्थिर रहने की उम्मीद है। वहीं, , सुबह हवा शांत रहेगी और दिन में धीरे-धीरे हवा तेज़ होगी। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले कुछ दिनों तक उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ ● शेष पेज 11 पर

# यूपी के बड़े के साथ छोटे धार्मिक मेलों का खर्च उठाएगी सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ प्रांतीय मेले पर अप्रैल तक खर्च होने हैं 50 करोड़

लखनऊ। राज्य सरकार प्रदेश के शहरों में लगने वाले बड़ों के साथ छोटे धार्मिक मेलों का भी खर्च उठाएगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रांतीय मेले के लिए हुई व्यवस्था 50 करोड़ रुपये को अप्रैल 2026 तक खर्च किया जाना है। नगर विकास विभाग निकायों से मेले के संबंध में प्रस्ताव मांगने जा रहा है। इसमें पूछा जाएगा कि उनके यहां कितने प्रकार के धार्मिक मेले लग रहे हैं और इसका ऐतिहासिक महत्व क्या है। इसके आधार पर निकायों को मेला खर्च का पैसा दिया जाएगा। राज्य सरकार प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में लगने वाले छोटे और बड़े धार्मिक मेलों का ऐतिहासिक महत्व जनता को बताना चाहती है। प्रदेश में काफी संख्या में ऐसे मेले हैं, जिनके बारे में लोगों को जानकारी नहीं है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इन मेलों को महत्व अधिक है। उदाहरण के लिए बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर पर नवरात्र में लगने वाला मेला काफी महत्व वाला है। इसमें यूपी ही नहीं देशभर के काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसी तरह प्रदेश के अन्य शहरों में भी कई मेले लगते हैं। इसीलिए उच्च स्तर पर यह फैसला हुआ था कि स्थानीय धार्मिक मेलों का प्रांतीयकरण किया जाए और इस पर आने वाला खर्च शासन स्तर से दिया जाए। प्रदेश के सभी जिलों से इसके लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा जा चुका है। शासन स्तर पर यह देखा जा रहा कि प्रदेश के कितने जिलों से धार्मिक मेलों के संबंध में प्रस्ताव आ चुके हैं और कितने नहीं आए हैं। प्रदेश के जिन जिलों से धार्मिक मेलों के संबंध में प्रस्ताव नहीं आए हैं उन्हें इस संबंध में पत्र भेजकर प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा जाएगा। इस वित्तीय वर्ष में बचा हुआ पैसा निकायों को दिया जाएगा और जरूरत के आधार पर नए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट का प्रावधान भी कराया जाएगा, जिससे प्रदेश के सभी धार्मिक मेलों के महत्व के बारे में लोगों को परिचित कराया जा सके और मेलों में बेहतर सुविधाएं दी जा सकें।

# देश लगातार नकार रहा कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति : मोदी

एजेंसी

कालियाबोर (असम)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश का मतदाता आज भी सुशासन चाहता है, विकास चाहता है और विकास के साथ विरासत पर समान रूप से ध्यान देने वाली सरकार को पसंद करता है इसलिए वह भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा कर रहा है। हालिया चुनाव परिणामों का एक स्पष्ट संदेश यह भी है कि देश कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को लगातार नकार रहा है। जिस मुंबई शहर में कांग्रेस का जन्म हुआ था, वहां आज वह चौथे या पांचवें स्थान की पार्टी बनकर रह गई है। जिस महाराष्ट्र में कांग्रेस ने वर्षों तक शासन किया, वहां वह पूरी तरह सिमट चुकी है। कांग्रेस देश का भरोसा खो चुकी है क्योंकि उसके पास विकास का कोई विकास का एजेंडा नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दो दिवसीय असम दौरे के दौरान नागांव जिले के कालियाबोर में 6,950 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी और दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा, असम सरकार में मंत्री अतुल बोरा, केशव महानता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि काजीरंगा आकर उन्हें अपनी पिछली यात्रा की याद आ गई। दो वर्ष पहले काजीरंगा में बिताए गए पल उनके जीवन के बहुत विशेष अनुभवों में शामिल हैं। उस दौरान उन्हें काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में रात्रि विश्राम का अवसर मिला था और अगली सुबह हाथी सफारी के दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुंदरता को बहुत करीब से महसूस किया था। असम आकर उन्हें हमेशा एक अलग ही खुशी मिलती है।

प्रधानमंत्री ने बोडो समुदाय की बेटियों द्वारा प्रस्तुत बागुरुम्बा नृत्य की सराहना करते हुए कहा कि 10,000 से अधिक कलाकारों की इस प्रस्तुति ने नया कीर्तिमान बनाया है। बागुरुम्बा नृत्य की अनुभूति आंखों से उतर कर सीधे दिल में उतरती रही और असम के कलाकारों की मेहनत, तैयारी और तालमेल वास्तव में अद्भुत रहा। उन्होंने सभी कलाकारों को बधाई दी और देशभर के सोशल मीडिया इंफ़्लुएंसर्स की भी सराहना की, जिनके प्रयासों से बोडो परंपरा का यह नृत्य सामाजिक माध्यमों पर व्यापक रूप से छाया हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि टेलीविजन पर सुबह से ही बीती रात के कार्यक्रमों का प्रसारण हो रहा है, जिससे कार्यक्रम की भव्यता का अनुमान लगाया जा सकता है। पिछले वर्ष वे झुमरई महोत्सव में शामिल हुए थे और इस वर्ष माघ बिहू के अवसर पर आने का सौभाग्य मिला। एक महीने पहले वे विकास परियोजनाओं के लिए गुवाहाटी आए थे, जहां लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार के तहत नई टर्मिनल इमारत का उद्घाटन किया गया था और नामरूप में अमोनिया-यूरिया संयंत्र की आधारशिला रखी गई थी। ऐसे सभी अवसरों ने भाजपा सरकार के 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र को और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम के इतिहास में कालियाबोर का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का प्रवेश द्वार है और ऊपरी असम की संपर्क व्यवस्था का केंद्र भी है। इसी क्षेत्र से महायोद्धा लचित बोरफुकन ने मुगल आक्रमणकारियों को बाहर खदेड़ने ● शेष पेज 11 पर

# समाधान, सम्मान और सेवा का संगम

## 152वाँ 'आपका विधायक – आपके द्वार' जनसंवाद शिविर

### शिविर में 75 नागरिकों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, सरोजनीनगर। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के देवीखेड़ा और खरिका प्रथम में रविवार को 152वाँ 'आपका विधायकऽआपके द्वार' साप्ताहिक जनसंवाद शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और खेल के माध्यम से समाज को सशक्त बनाना है। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों ने वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आय प्रमाण पत्र और विधवा पेंशन सहित कुल 16 महत्वपूर्ण प्रकरण प्रस्तुत किए।

इनमें से 10 प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया गया। टेंडर पॉम हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा कैंप में 75 वृद्धजनों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 38 लाभार्थियों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। 'गाँव की शान' पहल के तहत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार मेधावियों ऽ आदर्श सिंह, सौम्या भदौरिया, अस्मिता वर्मा और अवंतिका मैसी को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए 166वें बॉयज यूथ क्लब और 101वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया। क्लबों को क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल और कैरम की स्पोर्ट्स किट वितरित की गई। क्षेत्र के प्रबुद्धजन और गणमान्य नागरिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीणों को ताजगी और पौष्टिकता से भरा भोजन उपलब्ध कराया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह का यह साप्ताहिक अभियान निरंतर जारी रहेगा और सरोजनीनगर के हर गाँव-मोहल्ले तक विकास और कल्याण की नई ऊँचाइयाँ छूता रहेगा।

# हेल्थ सेक्टर बनेगा विकसित भारत की रीढ़ : पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में स्वास्थ्य क्षेत्र सबसे अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी विजन के साथ उत्तर प्रदेश लगातार प्रगति के नए मानक स्थापित कर रहा है और प्रदेश की अगुवाई में भारत स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जल्द ही वैश्विक स्तर पर गौरवपूर्ण स्थान हासिल करेगा।

उपमुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आयोजित यूपी हेल्थ टेक कॉन्क्लेव 1.0 के पहले संस्करण के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति और उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि का आकलन करने में हेल्थ सेक्टर सर्वोच्च मानकों में शामिल है। आज जब दुनिया में भारत का उल्लेख होता है, तो हमारे वैज्ञानिकों और टेक्नोलॉजी क्षमता की चर्चा भी गर्व के साथ की जाती है। उन्होने कहा कि यह कॉन्क्लेव उत्तर प्रदेश में हेल्थ टेक्नोलॉजी को नई दिशा देने का मंच है, जहां यह मंथन होगा कि उत्तर प्रदेश की अगुवाई में भारत हेल्थ सेक्टर में किस प्रकार नए कीर्तिमान बना सकता है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठनों के आकलन का हवाला देते हुए कहा कि 60 से 70 प्रतिशत स्वास्थ्य निर्णय समय पर और सटीक डायग्नोसिस पर निर्भर होते हैं। इसलिए हेल्थ टेक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। श्री पाठक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल हेल्थ को नीति के केंद्र में रखा गया है, ताकि तकनीक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और परिणामों में सुधार हो सके। डिप्टी सीएम ने स्पष्ट किया कि डिजिटल हेल्थ तभी सफल हो सकती है, जब वह सरल, सुरक्षित और भरोसेमंद हो। केवल हाईटेक होना पर्याप्त नहीं, बल्कि आमजन तक उसकी पहुंच और उपयोगिता भी जरूरी है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में हेल्थ टेक का स्केल-अप मातृ-शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोगों, डायग्नोस्टिक्स और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

उन्होंने कहा कि एआई और डिजिटल टूल्स का उद्देश्य डॉक्टर की जगह लेना नहीं है, बल्कि क्लिनिकल निर्णयों को अधिक सटीक बनाना है। सरकार का फोकस है कि इनोवेशन केवल लैब तक सीमित न रहे, बल्कि वह जिला अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था तक पहुंचे। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, भारत सरकार के सचिव मनोज जोशी, औषधि महानियंत्रक डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## मौनी अमावस्या को लेकर माघ मेला क्षेत्र में प्रशासन सतर्क



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माघ मेला–2026 के मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या के सफल एवं निर्विघ्न आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में पुलिस आयुक्त, मण्डलायुक्त एवं अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय द्वारा मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने ड्यूटीरत पुलिस बल से संवाद कर भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो और कानून–व्यवस्था पूरी तरह बनाए रखी जाए। प्रशासन ने बताया कि मौनी अमावस्या के अवसर पर संभावित भारी भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को और मजबूत किया गया है।

## वरिष्ठ अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माघ मेला–2026 के मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इसी क्रम में शनिवार 18 जनवरी 2026 को डीआरएम, पुलिस महानिरीक्षक (रेलवे), नगर निगम आयुक्त, पुलिस उपायुक्त नगर तथा अपर जिलाधिकारी नगर ने नगर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, मार्गों एवं डाइवर्जन प्वाइंट्स का भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित आवागमन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मौनी अमावस्या के अवसर पर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है तथा हर स्तर पर निगरानी रखी जा रही है।

## पर्स लूट का खुलासा, दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मेजा पुलिस टीम ने महिला से पर्स लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अंतर्जनपदीय शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से सोने–चांदी के टुकड़े, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 4,670 रुपये नकद तथा दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। थाना मेजा प्रभारी के अनुसार 2 दिसंबर 2025 को मेजा रोड ओवरब्रिज के पास मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने महिला का पर्स लूट लिया था। इस संबंध में वादिनी कोमल शुक्ला की तहरीर पर मुकदमा संख्या 647/2025 धारा 309(2)/317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। मुखबिर की सूचना पर रविवार को मेजा क्षेत्र के कठौली पुल के पास से अभियुक्त विकास पाल और अभिषेक पाल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने महिला को चाकू दिखाकर पर्स लूटने की बात कबूल की। दोनों के खिलाफ कई थानों में लूट, चोरी और गैंगस्टर एक्ट समेत दर्जनों आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## गोपाल विद्यालय में परीक्षा संपन्न



**कोरांव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव ,प्रयागराज में एनसीसी ''ए'' सर्टीफिकेट की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें 13 जे डी तथा 07 जे डब्ल्यू कैडटो ने प्रतिभाग किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहम्मद साबिर अली ने परीक्षा की शुरुआत का आदेश दिया। एनसीसी ऑफिसर श्याम नारायण सरोज के निर्देशन में परीक्षा संपन्न हुई । परीक्षा 10बजे से 12 बजे तक लिखित तथा उसके बाद प्रैक्टिकल परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण,मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट और बैटल क्राफ्ट का टेस्ट लिया गया। परीक्षा के दौरान 16 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज के कमान अधिकारी कर्नल निशांत बरियार ने परीक्षा का निरीक्षण किया। सूबेदार कोसा थापा तथा हवलदार महेश शाही ने परीक्षा को कुशलतापूर्वक संपन्न कराया।

# माघमेला क्षेत्र में साधु–संतों व श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार अक्षम्य: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज के माघमेला क्षेत्र में साधु-संतों, भक्तों और श्रद्धालुओं के साथ कथित दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत निंदनीय और अक्षम्य है। शाही स्नान की सदियों पुरानी सनातनी परंपरा में पिछले वर्ष भी इसी सरकार के कार्यकाल में अव्यवस्था के कारण व्यवधान उत्पन्न हुआ था और इस वर्ष भी वैसी ही स्थिति दोहराई गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि सवाल यह है कि ऐसे मामले भाजपा सरकार के दौरान ही बार-बार क्यों सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या का शाही स्नान कोई नया आयोजन नहीं है, इसे हर वर्ष व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जाता रहा है। इसके बावजूद यदि आस्था के इस महापर्व में अव्यवस्था, दुर्व्यवहार और श्रद्धालुओं को अपमान झेलना पड़ रहा है, तो इसके लिए सरकार की नाकाम व्यवस्था और कुशासन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन-प्रशासन का रवैया लगातार अहंकारपूर्ण होता जा रहा है। प्रशासन हर जगह 'मुख्य' बनने की कोशिश करता है, जबकि आस्था और परंपरा के आयोजनों में सहयोग, संवेदनशीलता और समन्वय सबसे जरूरी होता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब कहीं इस पूरे मामले का दोष भी 'एआई' पर डालने की कोशिश न की जाए। अखिलेश यादव ने कहा कि यदि प्रदेश के गृह सचिव अपनी मनमानी कर रहे हैं, तो यह भी गंभीर विषय है और यदि वे किसी के निर्देश पर ऐसा कर रहे हैं तो यह और भी अधिक चिंताजनक है।

## अल्पसंख्यक हिंदुओं को असुरक्षा के वातावरण से निकालने में केंद्र सरकार विफल: तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को असुरक्षा के वातावरण से निकालने में अक्षम साबित हो रही है। श्री तिवारी ने बांग्लादेश में अलग अलग जिलों में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की दिल दहलाने वाली हत्या की घटनाओं को गम्भीर एवं चिंताजनक कहा है। उन्होंने कहा कि हिन्दू होटल व्यवसायी लिटन चन्द्र घोष की पीट पीटकर हत्या कर दी गयी। वहीं उन्होंने एक पेट्रोल पम्प पर कार्यरत हिन्दू कर्मचारी रिजन साहा की वाहन से कुचल कर की गयी हत्या को भयावह करार दिया। बांग्लादेश में लगातार अल्पसंख्यक हिन्दुओं तथा सिखों व बौद्धों को कट्टरपंथियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है, इसके बावजूद मोदी सरकार की पड़ोसी देश में हिन्दुओं की असुरक्षा को लेकर आवाज खामोश है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को इन्दिरा गांधी ने साहसिक व दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए निर्मित कराया लेकिन मोदी सरकार इस विरासत को भी असुरक्षा के वातावरण से निकालने में अक्षम साबित हो रही है।उन्होने महाराष्ट्र में नगर निकाय के चुनाव में मेयर पद पर भाजपा तथा शिवसेना शिंदे के बीच खींचतान को लेकर भी तंज कसा है।

## शंकराचार्य व संतों के साथ दुर्व्यवहार निंदनीय : उज्जवल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के साथ प्रयागराज माघमेला में मौनी अमावस्या पर शाही स्नान के लिए जिस तरह रोका गया और उनके साथ दुरव्यवहार किया गया तथा उनके संतों और सहयोगियों के बाल पकड़ कर घसीटें गये यह गंगा जमुना की पावन भूमि संगम पर लगने वाले सदियों से माघमेला व कुम्भ में पहली बार ऐसा अपमान हुआ हैं । उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि इस घटना से सांसद उज्जवल रमण सिंह बहुत दुखी और आश्चर्यचकित हैं कि जिस प्रदेश का मुखिया खुद मठ के महंत हो उनके राज में संयासियों के केश खींच कर घसीटा गया हो बहुत ही निंदनीय है उन्होंने केंद्र सरकार से मांग किया इस पूरी घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और संतो के साथ दुरव्यवहार करने वालों के खिलाफ शक्त कार्यवाही होनी चाहिए।

## सरकारी आयुष अस्पताल बनेंगे रिसर्च सेंटर हब, बीमारियों के इलाज में खुलेगी नई राह

लखनऊ। योगी सरकार आयुष चिकित्सा पद्धतियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। प्रदेश के आयुष अस्पताल अब केवल इलाज तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन्हें रिसर्च सेंटर हब के रूप में विकसित करने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए सेंट्रल रिसर्च सेंटर (केंद्रीय अनुसंधान संस्थान) के साथ एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया जाएगा। इस पहल के तहत कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग समेत कई अति गंभीर और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों पर आयुष चिकित्सा पद्धतियों से शोध किया जाएगा। प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयुर्वेद, योग, यूनानी व होम्योपैथी को स्वास्थ्य व्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुष पद्धतियों का समन्वय न केवल इलाज को अधिक प्रभावी बनाएगा, बल्कि रोगों की रोकथाम और दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में भी मददगार होगा।

# रेल व्यवस्था में सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी/प्रयागराज। मौनी अमावस्या के अवसर पर मेला यात्रियों की सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन ने मंडलीय अधिकारियों के साथ झूंसी और प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की निगरानी की।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एस. रामाकृष्णन, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (तृतीय) आयुष कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरेज एंड वैगन) अनुभव पाठक, सहायक यांत्रिक इंजीनियर ओजस श्रीवास्तव और सहायक परिचालन प्रबंधक ओम प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा प्रयागराज रामबाग और झूंसी स्टेशनों से 12 मेला स्पेशल गाड़ियाँ चलाई गईं, ताकि श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुँचाया जा सके। वापसी यात्रियों की संख्या बढ़ने पर और भी स्पेशल गाड़ियाँ संचालित की जा सकती हैं। रेल प्रबंधक ने स्टेशन परिसर, यात्री आश्रय स्थल, पैदल उपरिगामी पुल (एफ.ओ.बी.) और प्लेटफॉर्म पर भीड़ प्रबंधन की मॉनिटरिंग की। यात्रियों को ट्रेनों की स्थिति और यात्रा संबंधी जानकारी देने के लिए जन सहयोग काउंटर 24 घंटे सक्रिय रहे। आर.पी.एफ. द्वारा मेगा माइक के माध्यम से यात्रियों को निर्देशित और जागरूक किया गया। आशीष जैन ने मेला स्पेशल गाड़ियों का निरीक्षण किया, जिसमें गाड़ियों की साफ-सफाई, पावर कार, लोको और कोचों का जायजा लिया। उन्होंने प्लेटफॉर्म और गाड़ियों में यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं से संवाद कर उनकी सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों की समीक्षा की। इस प्रयास से मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित और सुचारु रूप से सुनिश्चित की गई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी

पत्रांक/मनरेगा/सामग्री आपूर्ति 2025–26 दिनांक : 17/01/2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर विकास खंड त्रिवेदीगंज में मनरेगा योजनान्तर्गत इंटरलॉकिंग एवं आंगनवाणी केंद्र आरसीसी नाली निर्माण कार्य, इंटरलाकिंग ईंट, बालू, मौरंग, सीमेंट ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, लोकल बालू, सरिया हेतु सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति के लिए निविदा वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19/01/ 2026 से 27 /01/ 2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफ़ाफ़े में रखकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 29/01/ 2026 को समय 3.00 बजे टेंडर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जाएगी जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत रुपए में | सामग्री का विवरण | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डेहवा में मोहर्रम अली की चक्की से हासिम व सरवरे आलम के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 8 लाख | एम–275 श्रेणी ईंट, एम–150 श्रेणी ईंट, सीमेंट, मौरंग, बालू, लोकल बालू साइन बोर्ड, इत्यादि | तीन माह |
| 2 | डेहवा में जाकिर के दरवाजे से मस्जिद तक इंटर लाकिंग निर्माण कार्य। | 4 लाख | इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग जिग जैग–150 ग्रेड एम–150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईट गिट्टी–40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड, इत्यादि | तीन माह |
| 3 | डेहवा में कय्यूम के दरवाजे से इस्तियाक के दरवाजे तक इंटर लांकिग निर्माण कार्य। | 4 लाख | इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग जिग जैग–150 ग्रेड एम–150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईट गिट्टी–40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड, इत्यादि। | तीन माह |
| 4 | शाहपुर में अन्यपूर्णा भवन निर्माण कार्य। | 16 लाख | सीधा ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, सरिया, टाइल्स , पेंट सामग्री, आदि । | तीन माह |
| 5 | डेहवा में समसुल्लका पुत्र इरशाद का पशु शेड निर्माण। | 1.50 लाख | सीधा ईंट, ईंट गिट्टी, बालू , सीमेंट , मौरंग, टीन शेड, सरिया, लोहे की पाइप , हुक, आदि। | |
| 6 | शाहपुर में सुलेमान के दरवाजे से पुत्तन के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 1.4 लाख | इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग जिग जैग–150 ग्रेड एम–150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईट गिट्टी–40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड, इत्यादि। | तीन माह |
| 7 | शाहपुर में डेहवा मार्ग से विनोद पांडेय के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 4 लाख | इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग जिग जैग–150 ग्रेड एम–150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईट गिट्टी–40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड, इत्यादि | तीन माह |
| 8 | शाहपुर में रहमत अली के दरवाजे से कुलदीप व अतुल के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 4 लाख | इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग जिग जैग–150 ग्रेड एम–150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईट गिट्टी–40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड, इत्यादि | तीन माह |

**आवश्यक नियम व शर्तें निम्नवत हैं।**

1. प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम 3 निविदायें आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की सामग्री समय सीमा 2 माह है।
2. आपूर्तिकर्ता की फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसको आपूर्ति का आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने पर या गुणवत्ता खराब होने पर ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त कर किसी अन्य फर्म को समान दरों आपूर्ति देने हेतु स्वतंत्र होगी।
4. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने से व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
5. प्रस्तुत दरें प्राक्कलन में दी गयी पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**ग्राम प्रधान**
**शैल कुमारी**
**ग्राम पंचायत शाहपुर**
**विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी**

**सचिव**
**निर्देश कुमार शर्मा**
**ग्राम पंचायत शाहपुर**
**विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी**

# भव्य हिंदू सम्मेलन एवं भारत माता पूजन-आरती का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। इंदिरा नगर सेक्टर-11 स्थित गायत्री मार्केट के शहीद कैप्टन मुकेश श्रीवास्तव पार्क में भव्य हिंदू सम्मेलन एवं भारत माता पूजन-आरती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने भाग लिया, जिससे पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति और धार्मिक भावना से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के पूजन और आरती के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने भारत माता के जयकारे लगाते हुए देश की एकता, अखंडता और सनातन संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया। आयोजन के दौरान वक्ताओं ने हिंदू समाज को संगठित रहने, अपनी संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मैत्री प्रियदर्शनी, संघ भाग प्रमुख हेमराज, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव पशु चिकित्सा, शहीद कैप्टन मुकेश श्रीवास्तव की माता श्रीमती सरोजिनी श्रीवास्तव, विक्रम सिंह, एस.के सिंह, चंदन, संजीव, दुर्गेश, बृजेश तिवारी, मनोज मिश्रा, ए एन पांडेय, महिला प्रकोष्ठ प्राची श्रीवास्तव और आशुतोष मिश्रा सहित हिंदू समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भी सक्रिय सहभागिता देखने को मिली, जिससे आयोजन और भी प्रभावशाली बन गया। आयोजन स्थल पर भक्ति, अनुशासन और सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने ऐसे आयोजनों को समाज को जोड़ने वाला बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और राष्ट्र कल्याण की कामना के साथ किया गया। आयोजन को स्थानीय लोगों ने सफल और प्रेरणादायक बताते हुए आयोजकों की सराहना की।

## किया गया निर्वाचन नामावलियों का प्रकाशन

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत अस्ती में विशेष विशेष पुनरीक्षण दिवस एवं आलेख निर्वाचन नामावलियों के प्रकाशन में भाग संख्या 145 व 146 का विशेष पुनरी क्षण दिवस एवं आलेख निर्वाचन नामा वलियो के प्रकाशन किया गया। यह काम गांव के प्राथमिक विद्यालय में 18 जनवरी 2026 को किया गया। बी एल ओ संजय शर्मा की ओर से बताया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा आज निर्वाचक नामावली (वोटर लिस्ट) का प्रकाशन के साथ आलेख होना सुनिश्चित था। इसी परिपेक्ष्य मे फार्म 6,(नाम जोड़ना) व फार्म 7,और 8 आज बूथ 145, और 146 पर भरा भरे जाने थे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा (डिम्पल) की ओर से अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने की बात कहीगई। कार्यकम में बूथ प्रवास मे गोसाईगज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा ,अमेठी मण्डल के उपाध्यक्ष संतोष सिंह, ग्राम प्रधान पति अस्ती वीरेंद्र कुमार, बी एल ओ 2 सुभाष वर्मा राहुल, वकील सुनील कुमार ,मोनू वर्मा ,मनीष, कुलदीप कुमार, जगत पाल अध्यापक व सुपर वाइजर धीरेन्द्र कुमार राय शामिल हुए।।

# महिला जागृति और राष्ट्र निर्माण का सशक्त संदेश



## राष्ट्र सेविका समिति ने किया पथ संचलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्र सेविका समिति महानगर की ओर से रविवार को नगर निगम मुख्यालय के सामने पथ संचलन किया गया। इसमें शामिल सेविकाओं ने अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रेरक प्रदर्शन किया। इसका उद्देश्य समाज में महिला जागृति को सुदृढ़ करना तथा राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की सक्रिय और निर्णायक भूमिका को रेखांकित करना रहा। मुख्य अतिथि के रूप में वीणा सिंह और अखिल भारतीय सह-संपर्क प्रमुख सीता उपस्थित रहीं। उनके साथ महानगर प्रांत संचालिका रत्नम, प्रांत निधि प्रमुख मिथिलेश, प्रांत व्यवस्था प्रमुख अरुणा सिंह तथा पूर्व क्षेत्र प्रचारिका शशि भी मंचासीन रहीं।

## गोसाईगंज पुलिस ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज पुलिस की ओर से ईमानदारी के मिशाल पेश की गई है। इस क्षेत्र के गांव मलौली में गश्त के दौरान उप निरीक्षक शुभम सिंह को सड़क पर गिरी हुई चांदी की पायल मिली तो उन्हों पास में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने का काम शुरू कर दिया । उन्होंने उस वाहन नंबर की पहचान की , जिसके आधार पर पायल की स्वामिनी को बुलाया जा सके। जांच के बाद मिली पायल को उसकी स्वामिनी महिला के सुपुर्द कर दिया गया। पायल की मालकिन सविता कुमारी पत्नी राम विमल, निवासी है। थाना कोठी थाना, जनपद बाराबंकी पुलिस ने भी पायल मिलने पर गोसाईगंज पुलिस की ईमानदारी और तत्परता की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

## प्रार्थना पत्र लेकर इधर उधर भटक रहा है पीड़ित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में शिकायत के बाद त्वरित कार्रवाई के दावे किए जा रहे हैं तो दूसरी ओर अपनी समस्याओं को लेकर भटक रहे पीड़ितो की ओर से सरकारी दावों झुंठ की नींव पर खड़े नज़र आ रहे हैं। सुशांत गोल्फ सीटी थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर बेहटा निवासी राम विलास के अनुसार उनकी ओर से सुशांत गोल्फ सिटी में थाने दिए गए शिकायती पत्र पर पुलिस की ओर से कोई विचार नहीं किया गया। इसी लिए उनके विरोधियों के हौसले बुलंद है। जबकि पीड़ित इधर उधर भटके को मजबूर है।पीड़ित राम विलास के अनुसार जिस जमीन पर पूर्वजों के समय से उसका कब्जा बना हुआ है उसी पर अब गांव के ही राम मनुज ,सुरेश पुत्र गण अशर्फी लाल , अखिलेश , शक्तिमान पुत्र गण राम मनुज, और अंश व वंश पुत्र गण सुरेश द्वारा जबरन कब्जा करने की नियत बना ली गई है। ये सब अपनी दंगाई दिखाते हुए जमीन को अपनी बताने का काम कर रहे हैं। शिकायत कर्ता के अनुसार 11 जनवरी 2026 को आरोपियों ने 10 बजे के आस पास उसकी जमीन पर कब्जा करने की नियत से साफ सफाई का काम शुरू किया था। विरोध करने पर उन्होंने गंदी गंदी गलियां देते हुए जान से मार देने की धमकी भी दी। राम बिलास ने इस बात की शिकयत उसी दिन स्थानीय पुलिस से कर दी लेकिन उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। यही बात पीड़ित के लिए कष्टदाई बन गई। वह सीधे तौर पर कहता है कि सरकार की ओर से किए जा रहे किसी भी मामले में निष्पक्षता कार्यवाही के दावे झूठे और जनता को भ्रमित करने वाले हैं। इस मामले में सच्चाई जानने के लिए एस एच ओ सुशांत गोल्फ से उनके सी यू जी मोबाइल फोन पर संपर्क स्थापित करने की कोशिश की गई। फोन की घंटी बजती रही और फोन कट गया। बात नहीं हो सकी। सच क्या है इस बात का पता नहीं चल सका।

## हर पात्र नागरिक बने मतदाता : शैलेन्द्र मौर्य

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भाजपा पदाधिकारियों ने रविवार को फैजुल्लागंज प्रथम एवं चतुर्थ वार्ड में घर–घर जनसंपर्क कर पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने अथवा आवश्यक सुधार के लिए फार्म 6 भरने हेतु जागरूक किया। कार्यकर्ताओं ने नागरिकों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देते हुए समयबद्ध रूप से आवेदन भरने के लिए प्रेरित किया। भाजपा उत्तर–4 के मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिन पात्र व्यक्तियों का नाम अभी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे शीघ्र फार्म 6 भरकर अपना नाम जुड़वाएं ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी मतदाता सूची के निर्माण में सभी के सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान महानगर प्रतिनिधि नम्रता सिंह श्रीनेत, मण्डल महामंत्री विनोद अवस्थी, मंत्री गीतेश मिश्रा राहुल, राम दुलारी गुप्ता मौजूद रहे।

## आईआईटीआर और लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के बीच एमओयू

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिकित्सा अनुसंधान और अकादमिक सहयोग को नई मजबूती देने के उद्देश्य से सीएसआईआर–इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च, लखनऊ तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के बीच एक दिन पूर्व शनिवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ। लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से अतिरिक्त कुलसचिव डॉ. मनीष कुमार वर्मा ने समझौते पर हस्ताक्षर किए, जबकि संस्थान के श्वसन रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वर्मा इस अवसर पर साक्षी के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. कलैसेल्वी की गरिमामयी उपस्थिति रही। समझौते के तहत दोनों संस्थान संयुक्त शोध परियोजनाओं, फैकल्टी/वैज्ञानिकों के अकादमिक आदान–प्रदान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं तथा सेमिनार आयोजित करेंगे। इसके साथ ही विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए मार्गदर्शन, क्षमता–विकास और रिसर्च–आधारित सीखने के अवसरों को बढ़ाया जाएगा। एमओयू विशेष रूप से चिकित्सा विज्ञान, विषविज्ञान, जन–स्वास्थ्य तथा अन्य जैव–चिकित्सीय क्षेत्रों में सहयोग को केंद्रित करेगा।

# 800 मीटर सड़क व नाली निर्माण जल्द शुरू होगा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड संख्या 5 के अंतर्गत आने वाली सैन्यपुरम कॉलोनी के निवासियों को शीघ्र ही बड़ी राहत मिलने जा रही है। वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि लवकुश रावत (पार्षद पति) ने कॉलोनी में 800 मीटर लंबी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य को जल्द प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस निर्माण कार्य से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव एवं आवागमन की समस्याओं का समाधान होगा और कॉलोनी के विकास को नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर बाएं से जे.एन. सिंह, एम.पी. सिंह, सनी सिंह, लवकुश रावत, जय हिन्द यादव, गणेश गुप्ता एवं अनुज तिवारी उपस्थित रहे।

सैन्यपुरम कॉलोनी की जनता की ओर से इस विकासात्मक पहल के लिए पार्षद प्रतिनिधि लवकुश रावत का आभार व्यक्त किया गया और निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होने की अपेक्षा जताई गई।

# परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

### चार घंटे के प्रदर्शन के बाद परिजनों, ग्रामीणों सहित सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से दी अर्पित को अंतिम विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा, लखनऊ। बंथरा में शनिवार शाम स्कूटी सवार युवक अर्पित त्रिवेदी व अमेजॉन कर्मी युवती काजल रावत को स्कॉर्पियो द्वारा रौंदने के बाद हुई मौत में दोनों के शव रविवार दोपहर जब गांव पहुंचे तो परिजनों व ग्रामीणों में हाहाकार मच गया। सहिजनपुर निवासी मृतक युवती काजल रावत पुत्री शिव शंकर का परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया वहीं घटना से आक्रोशित लतीफ नगर निवासी मृतक अर्पित त्रिवेदी पुत्र अवधेश त्रिवेदी के परिजनों ने घटनास्थल कटी बगिया मोहान मार्ग पर अमेजॉन वेयरहाउस रामगढ़ी के पास ही शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के दौरान थाना बंथरा पुलिस सहित सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णा नगर रजनीश वर्मा, क्षेत्रीय लेखपाल, तहसीलदार सहित तमाम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान एसीपी लगातार परिजनों को समझाने के साथ हर संभव मदद का आश्वासन देते रहे, किंतु परिजन 50 लाख रुपए व सरकारी नौकरी की मांग पर अड़े रहे। स्थानीय विधायक राजेश्वर सिंह के प्रतिनिधि निखिल त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पीड़ित परिजनों को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। करीब 4 घंटे चले हंगामे के बाद देर शाम करीब 4:00 बजे परिजन शांत हुए तब जाकर शव का अंतिम संस्कार किया गया। एसीपी द्वारा मुकदमे में गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ाने का आश्वासन दिया गया है। हंगामे के दौरान करीब चार घंटे कटी बगिया मोहान रोड़ जाम रही।

# दो मैचों में बने बड़े स्कोर, दर्शकों में दिखा जबरदस्त उत्साह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। निगोहां टोल प्लाजा पर आयोजित भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को खेले गए पांचवें और छठवें लीग मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। दोनों मैचों में शानदार बल्लेबाजी और जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला। टूर्नामेंट के आयोजक अनमोल तिवारी ने बताया कि पांचवें लीग मुकाबले में इलेवन स्टार चुरुवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 186 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में अमावां दोस्तपुर की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मात्र एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मुकाबले में चमन ने नाबाद 114 रन की धमाकेदार पारी खेलने के साथ एक विकेट भी झटका, जिसके चलते उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।? छठवें लीग मुकाबले में आशु 11 की टीम ने बिना कोई विकेट गंवाए 199 रन का विशाल स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सूरज 11 की टीम 157 रन तक ही पहुंच सकी। हालांकि सूरज 11 के अरुण यादव ने नाबाद 111 रन की शानदार पारी खेलकर सभी का दिल जीत लिया और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अपने नाम किया।

# आंग्ल नववर्ष 2026 पर कैलेंडर का भव्य विमोचन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आंग्ल नववर्ष 2026 के उपलक्ष में नीलमथा स्थित सिद्धार्थ पैलेस में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना के साथ वर्ष 2026 का कैलेंडर जारी किया गया।

कैलेंडर का विमोचन डा. किरन लता डंगवाल, प्रोफ़ेसर शिक्षा शास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस कैलेंडर में गढ़वाली पर्व-त्योहारों के साथ-साथ माँ सुरकंडा देवी मंदिर के आकर्षक स्वरूप को दर्शाया गया है। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। गढ़वाल के पारंपरिक वाद्ययंत्रों – ढोल, दमाऊ, रणसिंगा और भंकोर – की गूंज के बीच भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

कार्यक्रम में मातृशक्तियों ने गढ़वाली लोकगीतों का गायन एवं पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उल्लासमय बना दिया। इसके पश्चात सभी उपस्थित लोगों के लिए तहरी भोज का आयोजन किया गया।बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी, सदस्य एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

# दिनदहाड़े फायरिंग से दहशत, दुबग्गा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। खुलेआम कई राउंड गोलियां चलने की इस सनसनीखेज वारदात ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद से स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है, वहीं पुलिस की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों और भाजपा पार्षद प्रत्याशी पुष्पेंद्र लोधी का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही और निष्क्रियता के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़े हुए हैं। पुष्पेंद्र लोधी ने बताया कि 16 तारीख (शुक्रवार) को भी उनके मित्र फहम जहीर के प्लॉट पर निर्माण कार्य के दौरान फायरिंग की गई थी। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी गई थी, लेकिन आरोप है कि उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इसी वजह से दोबारा इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया।

पीड़ित फहम जहीर के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 2 बजे उनके प्लॉट पर निर्माण कार्य चल रहा था। तभी कुछ दबंग किस्म के लोग मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवाने के साथ-साथ जबरन जमीन कब्जाने की नीयत से कथित तौर पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। आरोप है कि मौके पर मौजूद मजदूरों के साथ मारपीट भी की गई। अचानक हुई इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे।

घटना से नाराज़ भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने दुबग्गा थाने का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इतनी गंभीर और जानलेवा घटना के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक केवल औपचारिक कार्रवाई ही की जा रही है। उनका कहना है कि न तो मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और न ही सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में ठाकुरगंज क्षेत्र के कुछ कथित हिस्ट्रीशीटरों – इस्लाम उर्फ ओलू, सुफियान, उमेश कुमार रावत उर्फ मूसा, विक्रांत साहू, सत्येंद्र रावत, सौरभ रावत, सनी खान और तीरत राम के नाम सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि इनमें से कुछ के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। हालांकि, पुलिस की ओर से अब तक इन नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि उमेश कुमार रावत उर्फ मूसा जिला बदर घोषित होने के बावजूद खुलेआम क्षेत्र में घूमता रहा, जिससे पुलिस संरक्षण को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल इलाके में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते सख्त कार्रवाई करती, तो दोबारा इस तरह की फायरिंग की घटना नहीं होती। पुलिस की चुप्पी और कथित ढुलमुल रवैये से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या राजधानी में भी आम नागरिक सुरक्षित हैं, क्या अपराधियों को राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है, और क्या पुलिस प्रशासन आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा फिलहाल पुलिस का पक्ष और आगे की कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।

# प्रदेश अध्यक्ष ने दिलाई नवीन पदाधिकारियों को शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।जानकीपुरम रविवार को भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल इकाई अजनहर रोड का शपथ ग्रहण समारोह जानकीपुरम विस्तार में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों व्यापारियों की उपस्थिति रही।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संयोजक एस.डी. सिंह बैसवारा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह ने की।इस अवसर पर भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल इकाई अजनहर रोड के नवगठित पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा एवं व्यापारी हितों की रक्षा हेतु प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह ने इकाई के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई शपथ ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से अमरेश प्रताप सिंह अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह महामंत्री आनंद कुमार अवस्थी संरक्षक प्रमोद कुमार रावत संरक्षक राजकुमार पाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष केदार रावत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव बब्लू मौर्या मंत्री उमेश यादव संगठन मंत्री शत्रुघ्न लोधी संगठन मंत्री सुबोध कुमार सिंहल कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह मीडिया प्रभारी चन्द्र गुप्ता सह मीडिया प्रभारी राजकुमार सैनी कार्यकारिणी सदस्य एवं शेखर श्रीवास्तव कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे।मुख्य अतिथि एस. डी. सिंह बैसवारा ने व्यापारियों को एकजुट रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संगठन में ही शक्ति है। उन्होंने व्यापारियों को अस्वस्थ किया की वो व्यापारियों की हर समस्या में उनके साथ खड़े है ।प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि व्यापारी समाज की समस्याओं के समाधान, उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष तथा व्यापारी एकता को मजबूत करने के लिए संगठन पूरी मजबूती के साथ कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित व्यापारी बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# ढकिया मछरेहटा में पुस्तक विमोचन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद के ढकिया मछरेहटा गांव में आज दिनांक 18 जनवरी 2026 को सेवा निवृत्त शिक्षक श्री रामकृष्ण शुक्ल के निज निवास पर ह्लसिंदूर की कीमत (ऑपरेशन सिंदूर)ङ्क पुस्तक के विमोचन के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खेतिया विधायक श्री भागवत उपस्थित रहे। उनके साथ रामगोपाल अवस्थी चेयरमैन रामगढ़ चीनी मिल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र मिश्र (वीरू), अजय भार्गव पूर्व जिला अध्यक्ष सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात पुस्तक का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर लेखक श्री रामकृष्ण शुक्ल ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर आये हुए आगंतुकों को सम्मानित किया । सम्मान कार्यक्रम में अजय प्रकाश शुक्ल एवं अखिलेश त्रिवेदी ने प्रमुख भूमिका निभाई।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लसिंदूर की कीमतङ्क पुस्तक सामाजिक मूल्यों, संस्कारों एवं राष्ट्र भावना को मजबूती प्रदान करती है। यह कृति समाज को दिशा देने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने लेखक के प्रयासों की सराहना की।इस अवसर पर अजय कुमार शुक्ला, केदार नाथ शुक्ला, संजय शुक्ला, यूपेश्वर शुक्ला, मूर्ति मोहन, देवदेश्वर शुक्ला,रवी त्रिवेदी, पंकज शुक्ला, रामनरेश शुक्ला, शुभम त्रिवेदी,रामनरेश शुक्ल सहित बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु, ग्रामीण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय त्रिवेदी द्वारा किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डूबकी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैमिषारण्य सीतापुर । इस बार रविवार को वर्ष की पहली और माघ महीने की सबसे महत्वपूर्ण मौनी अमावस्या का पावन पर्व पड़ रहा है नैमिषारण्य तीर्थ मे स्नान ध्यान और दान के लिए इस दिन को ग्रन्थों मे महापुष्पदायी बताया गया रविवार के दिन अमावस्या का संयोज होना विशेष फलदायी माना जाता है जिसे स्कंद और पुराण मे कठिन तपस्या के समान फल देने वाला कहा गया है पंचाग के अनुसार मौनी अमावस्या का विशेष मुहुर्त शनिवार की रात12 बजकर 5 मिनट से प्रारम्भ होकर रविवार । बजाकर 22 मिनट तक रहेगा

# रोमी साहनी ने निभाई पिता की भूमिका अनाथ परिवार को मिला संभल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलिया खीरी। जनपद के ग्राम जगनपुरवा निवासी राजेश भार्गव, पुत्र स्वर्गीय बृजलाल जी के असामयिक निधन से परिवार पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य अचानक दुनिया छोड़ गया, जिससे घर की आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा गई। ऊपर से बिटिया वर्षा देवी का विवाह आगामी अप्रैल माह में तय होने के कारण परिजनों की चिंताएं और भी गहरा गई थीं।

इस हृदयविदारक परिस्थिति की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी शोकाकुल परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें इस कठिन समय में धैर्य रखने का भरोसा दिलाया। परिवार को सांत्वना देते हुए विधायक रोमी साहनी ने भावुक शब्दों में कहा–'तुम्हारे पिता नहीं रहे३ अब तुम्हारा पिता मैं हूँ।'

उनके ये शब्द सुनकर परिवार की आंखें भर आईं और माहौल भावुक हो गया।

विधायक रोमी साहनी ने मौके पर ही बिटिया वर्षा देवी को ?25,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बेटी के विवाह में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और शादी में हरसंभव एवं पूरी सहायता की जाएगी। विधायक के इस आश्वासन से परिवार को न केवल आर्थिक संबल मिला, बल्कि मानसिक रूप से भी बड़ी राहत महसूस हुई।

परिजनों ने विधायक के इस मानवीय व्यवहार और संवेदनशील पहल के लिए आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों का कहना है कि विधायक रोमी साहनी ने एक जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ एक अभिभावक की भूमिका निभाकर मानवता की मिसाल पेश की है। उनके इस कदम की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है और लोग इसे सच्ची जनसेवा का उदाहरण बता रहे हैं।विधायक रोमी साहनी ने कहा कि समाज के हर जरूरतमंद और दुखी परिवार के साथ वे हमेशा खड़े हैं और आगे भी ऐसे मामलों में हरसंभव मदद करते रहेंगे।

# प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा द्वारा किया गया भव्य खिचड़ी भोज का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में ब्राह्मण धर्मशाला, लखीमपुर में भव्य खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आपसी भाईचारे व सामाजिक एकता का संदेश दिया।

खिचड़ी भोज कार्यक्रम में महासभा के जिलाध्यक्ष नंदकुमार मिश्रा एवं महामंत्री कुमदेश शंकर शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही नगर अध्यक्ष लखीमपुर हरिनाम अवस्थी, नगर महामंत्री नीतीश कुमार मिश्रा, संगठन मंत्री अंकुर पांडे 'टप्पू', विधानसभा संयोजक धौरहरा ओमनारायन शुक्ला, धौरहरा नगर अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला सहित संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने मकर संक्रांति के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, सहयोग और सद्भावना को बल मिलता है। जिलाध्यक्ष नंदकुमार मिश्रा ने कहा कि प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा समाज को संगठित करने, युवाओं को दिशा देने और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। महामंत्री कुमदेश शंकर शुक्ला ने संगठन की आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी से सहयोग की अपील की। खिचड़ी भोज में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों व उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

# सरकार द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर (यूनिटऽ1), कानपुर नगर महिलाओं के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरा

एजेंसी

कानपुर। महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर (यूनिटऽ1), कानपुर नगर महिलाओं के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरा है। अप्रैल 2017 से दिसंबर 2025 तक इस केंद्र के माध्यम से कुल 12,344 मामलों में महिलाओं को सहयोग प्रदान किया गया। इन मामलों में आवश्यकता के अनुसार परामर्श, सुलह-समझौता, पुलिस सहायता, चिकित्सकीय उपचार, कानूनी मार्गदर्शन और सुरक्षित आश्रय जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही, कई महिलाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी दिया गया। परामर्श और भावनात्मक सहयोग पर विशेष जोर इस अवधि में सबसे अधिक आवश्यकता महिलाओं को मानसिक

**1,744 मामलों में महिलाओं को तत्काल पुलिस सहयोग प्राप्त हुआ**

**महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता**

और भावनात्मक सहयोग की रही। 5,322 महिलाओं और बालिकाओं को विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा 1,068 मामलों में सुरक्षित आश्रय सुविधा भी प्रदान की गई। तुरंत मिली पुलिस की मदद वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से 1,744 मामलों में पुलिस की त्वरित सहायता उपलब्ध कराई गई। इसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण प्रदान करना रहा, ताकि वे बिना दबाव अपनी बात रख सकें और आवश्यक कार्रवाई समय पर हो सके।

स्वावलंबन की दिशा में कदम

वन स्टॉप सेंटर के जरिए 237 महिलाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ा गया, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसके साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य और न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 618 मामलों में चिकित्सकीय सहायता तथा 620 मामलों में कानूनी परामर्श उपलब्ध कराया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास कुमार ने रविवार को बताया कि

योगी सरकार की मंशा के अनुरूप वन स्टॉप सेंटर महिलाओं को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। यहां परामर्श, पुलिस सहयोग, चिकित्सकीय, कानूनी सहायता और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था की गई है।

# संग्राम सिंह पटेल के अथक प्रयास से राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज हेतु धन राशि स्वीकृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लहरपुर सीतापुर। आपको बताते चलें कि बीते 4 वर्ष से बंद पड़ा राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज अब फिर से चालू होने जा रहा है। ज्ञातव है ।कि भोजपुरी फिल्म अभिनेता संग्राम सिंह पटेल के अथक प्रयासों के बाद भी नगर के मध्य राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज का कार्य पूरा होने के 4 वर्ष पूरे हो जाने के बाद भी अभी तक संचालित नहीं हो पाया था। जिसको लेकर अभिनेता संग्राम सिंह पटेल के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र देकर डिग्री कॉलेज को संचालित कराए जाने की मांग की है । जिस पर संयुक्त निदेशक उत्तर प्रदेश शिक्षा डॉक्टर अपर्णा मिश्रा के द्वारा अवगत कराया गया था ।कि महाविद्यालय को हैंड ओवर करने के लिए समिति का गठन कर दिया गया है। और स्थानांतरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिस पर अभिनेता संग्राम सिंह पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र देकर राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज को संचालित कराए जाने की मांग की वही इस समय लहरपुर में संग्राम सिंह पटेल के द्वारा लहरपुर को नई गति की ओर ले जाने को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं अब देखना यह है कि लहरपुर वासियों के दिलों में अपनी अलग पहचान बनाने वाले भोजपुरी अभिनेता संग्राम सिंह पटेल लहरपुर के अंदर और क्या- कुछ नया करेंगे यह कह पाना कुछ संभव नहीं है

## सीएचसी पर बच्चों का किया उपचार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आरबीएसके की खैराबाद टीम ने खैराबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अनुष्का फाउण्डेशन के मार्गदर्शन में जरूरतमंदों व गरीबों के निशुल्क इलाज और स्वास्थ्य परीक्षण को हेल्थ कैम्प का आयोजन किया। हेल्थ कैम्प में आयोजक संस्था के शाखा प्रबंधक सौरभ शुक्ला, वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक डाक्टर शिरीष श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी अमितेश रंजन, राधा, बलराम, अधीक्षक डाक्टर राहिल फरीद, डीईआईसी प्रबंधक डाक्टर सीमा कसोधन, डाक्टर शिवानी टंडन, डाक्टर विजय सिंह, डाक्टर शाहिना खान, जया तिवारी, भावना मिश्रा, संजीव बाजपेयी, आरबीएसके की ऋचा गुप्ता, केएमएएमसी के राधा बलराम, सीनियर प्रोग्राम मैनेजर डाक्टर श्रीष श्रीवास्तव व ब्राांच मैनेजर सौरभ शुक्ला आदि मौजूद थे। हेल्थ कैम्प में ऐसे गरीब व जरूरतमंद बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार कर उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गईं जिनके हांथों, पैरों की उंगलियां जन्म से ही जुड़ी रहती हैं। आयोजकों ने बताया कि अब तक संस्था ने ऐसे कुल 48 बच्चों का उपचार किया है। संस्था की राज्य टीम ने इस गतिविधि को सराहा और ऐसे आयोजनों की निरंतरता पर बल दिया।

## लूट के 20 मोबाइल फोन के साथ तीन दबोचे

नोएडा। जिला गौतमबुद्ध नगर के थाना सेक्टर 39 पुलिस ने बीती रात लूट के सामान के साथ तीन लोगों को दबोच लिया है। इनमें एक बाल अपचारी भी है। पुलिस ने इनके पास से विभिन्न जगहों से लूटे 20 मोबाइल फोन, देसी तमंचा, नकदी आदि बरामद की है। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने बोटैनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास से अर्जुन पुत्र संजय, रोबिन त्यागी तथा एक बाल अपचारी, जिसकी उम्र 17 वर्ष है, को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने एनसीआर के विभिन्न जगहों से लूटे हुए 20 मोबाइल फोन, देसी तमंचा और दो हजार रुपये बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि इन बदमाशों ने एनसीआर में लूटपाट की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है। इनके खिलाफ पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं।

## सरकारी गोदाम से चोरी हुए 131 स्मार्टफोन सहित कथित पत्रकार गिरफ्तार

फर्रुखाबाद । कलेक्ट्रेट की गोदाम से चोरी हुए स्मार्ट फोन के मामले में पुलिस ने कथित पत्रकार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 131 स्मार्ट फोन बरामद किए हैं। यह फोन एक योजना के तहत अभ्यर्थियों को वितरित करने के लिए आये थे।
रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत अभ्यर्थियों को बांटने के लिए आए 802 स्मार्टफोन और 5 टेबलेट गोदाम से चोरी हो गए थे। कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ के गोदाम में रखें स्मार्टफोन में से बड़ी संख्या में फोन गायब होने पर गोदाम मैनेजर ने 13 जनवरी को फतेहगढ़ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। एएसपी कुमार
ने बताया कि जांच के आधार पर आज पुलिस ने कथित पत्रकार वीर प्रताप सिंह निवासी बिधूना औरैया, हाल निवासी शास्त्री नगर मोहम्मदाबाद के यहां छापा मारा। पुलिस ने वीर प्रताप के कब्जे से 131 स्मार्टफोन बरामद कर लिये हैं। इसके बाद वीर प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।
अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि वीर प्रताप को जेल भेजा जा रहा है। वीर कलेक्ट्रेट परिसर में नेटवर्किंग का कार्य करता था। उन्होंने कहा कि फतेहगढ़ कोतवाल रणविजय सिंह ने इतनी बड़ी चोरी का खुलासा किया है। वीर प्रताप किसी भी समाचार पत्र में पत्रकार नहीं है। वह अपने आप को स्वयंभू पत्रकार बताया करता था।

## बरेली में उधार के रुपये मांगने पर युवक का सिर मुंडवाया,आरोपितों पर केस दर्ज

बरेली । उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में उधार के रुपये मांगने पर दबंगों ने एक युवक के साथ मारपीट की। उसका सिर मुंडवाकर कैंची से मूछ और भौंह के बाल काट दिया। चेहरे पर कीचड़ पोत दी गई। इस घटना का संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।
क्षेत्राधिकारी नवाबगंज निलेश मिश्रा ने रविवार को बताया कि पीड़ित पप्पू दिवाकर निवासी गरसौली गांव (बहेड़ी तहसील) ने बताया कि वह गेलटांडा गांव में चंद्रसेन के यहां रहकर काम करता था। चंद्रसेन ने उससे ट्रैक्टर खरीदने के लिए करीब साढ़े चार लाख रुपये उधार लिए थे। जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो चंद्रसेन, उसका बेटा पप्पू और गोधनलाल भड़क गए। आरोप है कि सभी ने मिलकर पहले उससे मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसे अपमानित किया। उसका सिर मुंडवाकर कैंची से मूछ और भौंह के बाल काट दिया।

## टोल प्लाजा की आय-व्यय जांच में जुटा आयकर विभाग दूसरे दिन भी जारी रही रेड

कानपुर। उत्तर प्रदेश में कानपुर जनपद के शिवराजपुर स्थित नेवादा दरिया टोल प्लाजा पर आयकर विभाग की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। शनिवार को शुरू हुई छापेमारी रविवार को भी चलती रही, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। आयकर (आईटी) विभाग की टीम टोल प्लाजा से जुड़े आय-व्यय के दस्तावेजों के साथ-साथ डिजिटल रिकॉर्डों की भी गहन जांच कर रही है। तीन गाड़ियों में पहुंचे आयकर अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों ने टोल प्लाजा परिसर को अपने नियंत्रण में लेकर हर स्तर पर छानबीन शुरू कर दी। टीम द्वारा कार्यालय कक्ष, सर्वर सिस्टम, लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों और कम्प्यूटर डेटा को खंगाला जा रहा है। अधिकारियों ने कर्मचारियों से भी पूछताछ कर जानकारी जुटाई है। जानकारी के अनुसार नेवादा दरिया टोल प्लाजा का संचालन बीआर गोयल फर्म द्वारा किया जा रहा है। यह कंपनी सड़क निर्माण समेत कई बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में काम करती है। इसी कड़ी में देश के विभिन्न राज्यों में भी इस फर्म के कार्यालयों पर आयकर विभाग द्वारा एक साथ छापेमारी की गई है।

# ईसानगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 38 गौवंश के साथ 12 पशु तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ईसानगर खीरी । जनपद में पशु तस्करी और गोवध निवारण अधिनियम के उल्लंघन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना ईसानगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 38 गौवंशों की तस्करी करते हुए 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मौके से 4 ट्रैक्टर-ट्रालियां और एक आल्टो कार भी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक खीरी एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी खीरी के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी धौरहरा के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने दिनांक 18 जनवरी 2026 को थाना ईसानगर क्षेत्र के ग्राम इमलिया चौराहा से आगे सिसैया मार्ग पर चेकिंग के दौरान पशु तस्करी में लिप्त वाहनों को रोककर कार्रवाई की। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे अभियुक्तों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 38 गौवंश, 4 ट्रैक्टर-ट्रालियां एवं 1 आल्टो कार बरामद हुई। सभी अभियुक्त जनपद सीतापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी बताए जा रहे हैं। इस संबंध में थाना ईसानगर पर मु0अ0सं0 0026/2026 धारा 5इ/8 गोवध निवारण अधिनियम एवं धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है, जबकि बरामद गौवंशों को सुरक्षित स्थान पर सुपुर्द कर दिया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में रामबक्श, अवधेश कुमार, हरिवंश लाल, सदानंद, आशीष मिश्रा, अपनेश कुमार, हरेराम, कमल किशोर, प्रदीप वर्मा, पंकज, हिमांशू राजवंशी और धनंजय शामिल हैं। सभी अभियुक्तों की उम्र 20 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी के साथ उपनिरीक्षक अनिल कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनपद में पशु तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस तरह के अपराधों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ईसानगर पुलिस की इस कार्रवाई से पशु तस्करों में हड़कंप मच गया है और क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता की सराहना हो रही है।

# ब्लूमिंगडेल मास्टर ने बदायूँ क्लब रॉक स्टार को दी मात, रूपेंद्र सिंह लाम्बा रहे मैन ऑफ द मैच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। ब्लूमिंगडेल स्कूल द्वारा आयोजित मैत्री क्रिकेट मैच में ब्लूमिंगडेल मास्टर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बदायूं क्लब रॉक स्टार को 110 रन से पराजित किया। मैच का आयोजन आज ब्लूमिंगडेल स्कूल के प्रांगण में किया गया, जहां खिलाड़ियों के साथ-साथ क्लब सदस्यों एवं शिक्षकों ने भी खेल का भरपूर आनंद लिया। मैच में बदायूं क्लब के कप्तान अक्षज रस्तोगी और ब्लूमिंगडेल मास्टर के कप्तान ईशान मेहंदीरत्ता के बीच टॉस हुआ। टॉस जीतकर ब्लूमिंगडेल मास्टर ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 299 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ब्लूमिंगडेल की ओर से कमलेश्वर ने 74 रन, अजय शर्मा ने नाबाद 65 रन तथा कप्तान ईशान मेहंदीरत्ता ने नाबाद 68 रन की शानदार पारी खेली। बदायूं क्लब की ओर से रुपेन्दर सिंह लाम्बा ने 3 विकेट लेकर सर्वाधिक सफलता प्राप्त की, जबकि हर्षित ने 1 विकेट लिया। 300 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बदायूं क्लब रॉक स्टार की टीम निर्धारित 15 ओवरों में 6 विकेट खोकर 189 रन ही बना सकी। कप्तान अक्षज रस्तोगी ने सर्वाधिक 74 रन बनाए। रुपेन्दर सिंह ने नाबाद 38 रन, विवेक खुराना ने 21 रन तथा क्षितिज शंखधार ने 16 रन का योगदान दिया। ब्लूमिंगडेल मास्टर की ओर से राहुल लाल ने 3 विकेट, फैजान ने 2 विकेट और हर्ष कुमार ने 1 विकेट लिया। मैच के बाद पुरस्कार वितरण में राहुल लाल को बेस्ट बॉलर, अक्षज रस्तोगी को बेस्ट बैट्समैन तथा रुपेन्दर सिंह लाम्बा को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान ब्लूमिंगडेल स्कूल की निदेशिका पम्मी मेहंदीरत्ता एवं ज्योति मेहंदीरत्ता द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर सचिव डॉ. अक्षत अशेष को भी सम्मानित किया गया। मैच की कमेंट्री रविंद्र मोहन सक्सेना, अजय शर्मा एवं रवि माहेश्वरी ने की बदायूं क्लब टीम में अक्षज रस्तोगी, क्षितिज शंखधार, प्रदीप शर्मा, ज्योति मेहंदीरत्ता, अक्षत अशेष, रुपेन्दर सिंह, गौरव रस्तोगी, हर्षित सक्सेना, चितरंजन गुप्ता, विवेक खुराना, आदित्य श्रोत्रिय, स्वचित एवं गौरांश शामिल रहे। इस अवसर पर कुलदीप रस्तोगी, डॉ. संजीव गुप्ता, गोपाल रस्तोगी, राजन आहूजा, श्वेता मेहंदीरत्ता एवं ऋचा अशेष भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में निदेशिका पम्मी मेहंदीरत्ता ने सभी खिलाड़ियों व शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के संतुलन के लिए ऐसे खेल आयोजनों का होना अत्यंत आवश्यक है।

## जिला पंचायत सभागार में व्यापारी-अधिकारी संगोष्ठी आयोजित

बदायूँ। बदायूँ के जिला पंचायत सभागार में आज व्यापारी और अधिकारीं के बीच संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारिक समस्याओं पर चर्चा, बेहतर प्रशासन और कारोबार को सुगम बनाने के उपाय पर विचार-विमर्श करना था। संगोष्ठी में व्यापारियों ने अपने अनुभव साझा किए और अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं, नीतियों और सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सवाल-जवाब सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों पर खुलकर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रशासन कि और से उपायुक्त विजय कुमार सोनी, रवि कुमार, संजीव पाठक, सहायक आयुक्त दिव्य प्रकाश सिसोदिया एवं व्यापारी समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## यूपी सरकार का फरमान बंदरों को पकड़ेगा वन विभाग

बदायूँ। वन विभाग के सूत्रों से ज्ञात हुआ हा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बंदरों को पकड़ने एवं उनके समुचित प्रबंधन की जिम्मेदारी अब वन विभाग को सौंप दी है। यह निर्णय मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में लिया गया। बैठक में वन विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वह एक माह के भीतर बंदरों के प्रबंधन एवं पुनर्वास को लेकर एक समेकित कार्ययोजना तैयार करे। आवश्यकता पड़ने पर अन्य संबंधित विभागों से सहयोग लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि बंदर वन्यजीव की श्रेणी में आते हैं और उनके व्यवहार, संरक्षण, प्रबंधन एवं पुनर्वास से संबंधित विशेषज्ञता वन विभाग के पास उपलब्ध है। इसी कारण यह जिम्मेदारी नगर निकायों से हटाकर वन विभाग को दी गई है।नगर पालिका की भूमिका अब केवल उन पशु-पक्षियों तक सीमित रहेगी, जिनसे गंदगी या सार्वजनिक असुविधा उत्पन्न होती है, जैसे-छुट्टा पशु, लावारिस कुत्ते अथवा कीड़े- मकौड़े आदि। सरकार के इस फैसले से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों से होने वाली समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की उम्मीद की जा रही है।

# आशा वर्कर्स की हड़ताल का 34वां दिन, आज भी सरकार ने नहीं सुनी उनकी फरियाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर जारी हड़ताल के 34वें दिन मंगलवार को पूरे प्रदेश में सरकार के कथित दमनकारी रवैये और वार्ता से पीछे हटने के विरोध में काला दिवस मनाया गया। बदायूं जनपद में भी आशा कर्मियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर काले वस्त्र और काली पट्टियां पहनकर अपना विरोध दर्ज कराया। मालवीय विद्यालय मैदान में हड़ताली आशा कर्मियों का धरना 33वें दिन भी जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि प्रदेश भर में हजारों आशा कर्मी काला दिवस मना रही हैं, जो किसी भी सरकार के लिए बेहद शर्मनाक स्थिति है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने वार्ता के दरवाजे बंद कर अपने अहंकारी और जनविरोधी चेहरे को उजागर किया है जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछले 34 दिनों में सरकार के दोहरे रवैये और उसके बयानों की सच्चाई सामने आ चुकी है। आशा कर्मियों को स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ बताने वाले मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री आज चुप हैं। पूरी सर्दी आशा कर्मी अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाती रहीं, लेकिन सरकार ने उनकी बातों को अनसुना किया। उन्होंने जानकारी दी कि 19 और 20 जनवरी को जन अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आशा कर्मी जनता की अदालत में सरकार के खिलाफ अपनी फरियाद रखेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार इस आंदोलन को न तो चुप्पी साधकर थका सकती है और न ही दमन के बल पर डरा सकती है। जौली वैश्य ने 19 जनवरी को सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, ट्रेड यूनियन कार्य कर्ताओं और आशा कर्मियों के परिजनों से मालवीय मैदान पहुंचकर जन अदालत को सफल बनाने की अपील की। धरने में मनीषा सोमश्री, गीता देवी, नीरज देवी, प्रतिभा, इंदुवती, सरोज पाठक, कमलेश, अनुपम, हंसमुखी, शारदा देवी, रजनी, रामवती, मिथलेश, मुन्नी, राधेश्वरी, मंजू और सीता रानी सहित कई आशा कर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# लखीमपुर खीरी में 5100 शहरी लाभार्थियों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त, सीएम ने किया 51 करोड़ रुपये का ऑनलाइन हस्तांतरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## अटल सभागार में भव्य आयोजन, सीएम के कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग



लखीमपुर खीरी । शहरी गरीबों के पक्के आवास का सपना साकार करने की दिशा में सरकार ने रविवार को एक बड़ा कदम उठाया। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 के तहत 5100 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 51 करोड़ रुपये की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने विधायक (धौरहरा) विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और पीओ डूडा संगीता सिंह की मौजूदगी में सीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी। सीएम ने बटन दबाकर सभी लाभार्थियों के खातों में एक-एक लाख की धनराशि अंतरित की। इस दौरान विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने डीएम व एडीएम के साथ लाभार्थियों को आवास के स्वीकृति पत्र वितरित किए।

'पीएम आवास योजना से गरीबों को सम्मान और सुरक्षित भविष्य' : विधायक

विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि पीएम आवास योजना केवल पक्का घर नहीं, बल्कि गरीबों को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भविष्य देती है। उन्होंने कहा कि पीएम और सीएम के नेतृत्व में अब गरीबों का पक्का आवास सपना साकार होता लक्ष्य बन गया है। विधायक ने लाभार्थियों से अपील की कि वे इस सहायता का सदुपयोग कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराएं और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करें।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने लाभार्थियों को दी बधाई

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ घर देने तक सीमित नहीं है, बल्कि गरीबों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की सौगात है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ समय पर, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से हर पात्र नागरिक तक पहुंचे, ताकि हर परिवार नई छत के साथ खुशहाल और समृद्ध जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सके। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि योजना गरीबों के जीवन में न सिर्फ छत, बल्कि आत्मसम्मान और आशाओं का आधार भी बन रही है।

''अब हमारी भी छत है३'' : पीएम आवास योजना से भावुक हुए हीरालाल थारू, मुख्यमंत्री से संवाद में छलका धन्यवाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वर्चुअल संवाद के दौरान पीएम आवास योजना (शहरी) के पलिया से लाभार्थी थारू समुदाय के हीरालाल थारू भावुक नजर आए। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष चरण स्पर्श कर कोटि-कोटि प्रणाम किया। मुख्यमंत्री ने स्नेहपूर्वक अभिवादन स्वीकार करते हुए जिले में थारू समुदाय की आबादी और उनकी सामाजिक स्थिति के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने जब पूछा कि अब तक आवास नहीं था, तो हीरालाल ने बताया कि पहली बार उन्हें पक्का आवास मिला है। इस पर मुख्यमंत्री ने बधाई देते हुए कहा कि यह सरकार की योजनाओं की सार्थकता है।

संवाद के दौरान हीरालाल ने बताया कि उनकी माता को निराश्रित महिला पेंशन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, राशन कार्ड, शौचालय और निशुल्क विद्युत कनेक्शन का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं का लाभ समय पर लेना जरूरी है और थारू समाज के हर व्यक्ति व हर गरीब को इसके लिए जागरूक कर प्रेरित किया जाना चाहिए। इससे समाज का व्यापक उत्थान संभव है।

मुख्यमंत्री के सुझाव पर हीरालाल ने थारू समुदाय की ओर से प्रधानमंत्री को आभार व धन्यवाद पत्र लिखने की बात कही। इस पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए भरोसा दिलाया कि वे पूरे समाज की ओर से यह संदेश जरूर पहुंचाएंगे।

मुख्यमंत्री की बातों से उत्साहित हीरालाल ने थारू समुदाय की ओर से प्रधानमंत्री को आभार और धन्यवाद पत्र लिखने का संकल्प लिया। खुशी से भरे स्वर में उन्होंने कहा कि सरकार ने जो भरोसा और सम्मान दिया है, उसे शब्दों में पिरोकर वे पूरे समाज की भावनाएं जरूर पहुंचाएंगे।

## उझानी: डीएम ने किया देवनागरी इंटर कॉलेज के बूथ का निरीक्षण

उझानी (बदायूं) कैनविज टाइम्स संवाददाता। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने आज देवनागरी इंटर कॉलेज में स्थापित बूथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।आज दोपहर करीब 12 बजे जिलाधिकारी अचानक देवनागरी इंटर कॉलेज स्थित बूथ पर पहुंचे। कॉलेज के निदेशक संकेत मोहन शर्मा, एडवोकेट ने जिलाधिकारी का स्वागत किया।थनिरीक्षण के दौरान डीएम ने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि विशेष अभियान के अंतर्गत फॉर्म-6 (नया नाम जोड़ना), फॉर्म-7 (नाम हटाना) तथा फॉर्म-8 (संशोधन/स्थानांतरण) से संबंधित दावे और आपत्तियां पूरी गंभीरता से प्राप्त की जाएं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सैकड़ों लोगों मौनावस्था में किया भागीरथी में स्नान

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। मौनी अमावस्या पर कछला घाट पर गंगा स्नान के लिए उमड़ी हजारों की भीड़। श्रद्धालुओं ने मौन व्रत रखकर सुबह से गंगा स्नान किया और दान-पुण्य किया।आचार्य राजेश शर्मा के अनुसार, मौनी अमावस्या में सूर्य, चंद्रमा और मकर राशि का योग आत्म-साक्षात्कार का पर्व है। इस दिन स्नान से कर्म, भाव और अज्ञान के पाप नष्ट होते हैं और भगवान वासुदेव का प्रेम प्राप्त होता है। भक्तों ने तिल-दान, वस्त्र-दान, अन्न-दान और ब्राह्मण सेवा कर अक्षय पुण्य अर्जित किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए घाट पर पुलिस निगरानी में रही।

## सनातन पद यात्रा में मैथिल ब्राह्मण सभा ने दिया भरपूर सहयोग

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर में आयोजित सनातन पद यात्रा को सफल बनाने में मैथिल सभा की भूमिका सराहनीय रही। यात्रा के दौरान सभा के सदस्यों ने अनुशासन, सेवा और सांस्कृतिक गरिमा का परिचय देते हुए सक्रिय सहयोग प्रदान किया। मैथिल सभा द्वारा यात्रा मार्ग पर जलपान की व्यवस्था, स्वयंसेवकों की तैनाती तथा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध किया गया। साथ ही, पारंपरिक मैथिली परिधान और सांस्कृतिक झलक ने यात्रा को विशेष आकर्षण प्रदान किया।आयोजकों ने मैथिल सभा के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों के सहयोग से ही सनातन परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर मैथिल सभा के पदाधिकारियों मैथिल ब्राह्मण सभा बदायूं के जिला अध्यक्ष नवल किशोर शर्मा, अनिल शर्मा फौजी, सोमनाथ शर्मा, प्रमोद शर्मा, राधेश्याम शर्मा, शौरभ शर्मा तथा जितेंद्र शर्मा इत्यादि ने भविष्य में इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिकआयोजनों में निरंतर सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों / मतदान केंद्रों पर बैठकों का आयोजन

सम्भल ( बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता । आज 10:30 बजे से 4:30 बजे तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान के अन्तर्गत आलेख्य निर्वाचन नामावलियां जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों / मतदान केंद्रों पर बैठकों का आयोजन करते हुए पढ़े जाने के निर्देश निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये थे। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा एसआईआर के कार्यों को लेकर बाबू राम सिंह इण्टर कॉलेज बबराला के मतदेय स्थलों को चेक किया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित बीएलओ से अद्यतन मतदाता सूची ,फार्म संख्या 6, 7 एवं 8 तथा घोषणा पत्र (अनुलग्नक 4) तथा सूची के पढ़े जाने को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बागपत की खेकड़ा पुलिस ने चार चोर किए गिरफ्तार, नलकूपों से चुराया सामान भी बरामद

बागपत। उत्तर प्रदेश के जनपद बागपत की खेकड़ा पुलिस ने किसानों के नलकूपों पर चोरी करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए सभी चोरों को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी प्रभाकर कैंतुरा ने आज बताया कि खेकड़ा कस्बे के ही रहने वाले आधा दर्जन किसानों के द्वारा नलकूपों पर चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था । मामले की जांच चल रही थी। जांच के आधार पर पुलिस ने रविवार को चार चोरों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा की हुई बैठक में संगठन का हुआ विस्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। अखिल भारत हिंदू महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक अखिल भारत हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ0 पीयूष शुक्ला के आवास पर आयोजित हुई। इस बैठक में जिला एवं गोला नगर के कार्यकारिणी के विस्तार पर चर्चा की गई। जिसमें प्रदेश संगठन मंत्री डॉ सचिन पांडेय के द्वारा जिला एवं नगर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा एडवोकेट सविता बाजपेई को मनोनीत किया गया। साथ ही गोला नगर उपाध्यक्ष प्रीति सिंह, दिनेश मिश्रा को वरिष्ठ जिला महामंत्री, लवलेश जायसवाल को जिला कोषाध्यक्ष, रामजी रस्तोगी को जिला उपाध्यक्ष व गोला नगर उपाध्यक्ष प्रीति सिंह को मनोनीत किया गया। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि सभी पदाधिकारी अपनी कार्यकारिणी के द्वारा संगठन के कार्य एवं कार्यकारिणी के विस्तार पर ध्यान दें।

इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री डॉ0 सचिन पांडे, जिला अध्यक्ष डॉक्टर पीयूष शुक्ला, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सविता बाजपेई, महिला नगर अध्यक्ष उर्मिला शर्मा, युवा नगर अध्यक्ष गोला रितेश पांडेय, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरिजा शंकर, अंकित बाजपेई, कल्पना तिवारी व दिनेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन में बम की सूचना दो घण्टे चला चेकिंग अभियान

**एजेंसी**

फर्रुखाबाद । कालिंद्री एक्सप्रेस ट्रेन में रविवार को बम होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस के तमाम अधिकारी, जीआरपी, आरपीएफ और बम निरोधक दस्ता ने ट्रेन की संघन तलाशी ली। लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु न मिलने पर ट्रेन को रवाना किया गया।सूचना देने वाले को पकड़ लिया गया है। स्टेशन मास्टर मनोज कुमार ने बताया कि स्टेशन कार्यालय में सूचना मिली कि भिवानी से प्रयागराज जा रही कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन में बम रखा है। धमाके में कई लोग मारे जा सकते हैं। इस सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, कोतवाली थाना अध्यक्ष दर्शन सिंह सोलंकी, आरपीएफ थाना प्रभारी ओमप्रकाश मीणा, जीआरपी थाना अध्यक्ष रिपू दमन सिंह डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता की टीम को लेकर रेलवे स्टेशन पहुंचे। ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर रोके जाने के बाद सभी डिब्बों की गहन जांच शुरू की गई। जांच के बाद किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। अधिकारियों ने राहत की सांस ली और यात्रियों को स्थिति से अवगत कराया। दो घंटे के अधिक समय के बाद ट्रेन को आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। एएसपी ने बताया कि सूचना देने वाले की पहचान थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर नगला विनायक निवासी एक यात्री श्यामू उर्फ सुमोद कुमार श्रीवास्तव के रुप में की है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## बैठक का आयोजन

संभल बहजोई । नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (23 जनवरी ) की जयंती पर आयोजित होने वाली ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा,मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समस्त संबंधित विभागों के समन्वय से कार्ययोजना तैयार करने, निर्धारित समय पर कलक्ट्रेट परिसर में मॉक ड्रिल प्रारम्भ करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी हेतु सायरन ध्वनित किये जाने, सायरन बजते ही प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किये जाने तथा नागरिकों द्वारा शरण लेने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा। हवाई हमला समाप्त होने पर ऑल क्लियर सायरन ध्वनित किया जाएगा, मॉक ड्रिल में अग्निशमन विभाग, स्काउट गाइड वालंटियर्स, टियर्स, नागरिक सुरक्षा सुरक्षा स्वयं सेवकों, एनसीसी वालंटियर्स द्वारा छोटी आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने, गंभीर रूप से घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने एवं ध्वस्त भवनों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाएगा, मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा कोर, पावर कारपोरेशन, पुलिस विभाग अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, स्काउट गाइड, राजस्व विभाग, आपदा मित्र के कार्यों को लेकर चर्चा की गयी।

# दुष्कर्म और शहर को लेकर शर्मनाक बयान, प्राचार्य के खिलाफ सड़क पर उतरा व्यापार मंडल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंदौसी। एसएम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य दानवीर सिंह यादव द्वारा सार्वजनिक रूप से यह कहना कि मेरी तरह खुलकर कोई दुष्कर्म नहीं कर सकता और साथ ही चंदौसी को छोटी मानसिकता का शहर बताने वाले बयान ने पूरे शहर में आक्रोश फैला दिया। इसी बयान के विरोध में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गांधी पार्क में एकत्र होकर महाविद्यालय के द्वार पर जोरदार प्रदर्शन किया और प्राचार्य के बयान को अशोभनीय व निंदनीय बताया। प्रदर्शन के दौरान व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि चंदौसी कोई छोटी मानसिकता का शहर नहीं, बल्कि यह प्रतिभाओं और मेहनतकश नागरिकों का शहर है। यहां से आईएएस, आईपीएस, चिकित्सक और अन्य उच्च पदों पर पहुंचकर देश की सेवा करने वाले अनेक लोग निकले हैं। शहर के कई प्रसिद्ध चिकित्सक मेडिकल क्षेत्र में सराहनीय सेवाएं दे रहे हैं, जिससे चंदौसी की पहचान देश व प्रदेश में बनी है। नगर अध्यक्ष ने आगे कहा कि चंदौसी क्षेत्र में सैकड़ों व्यापारी मेंथा, घी व अन्य उत्पादों के व्यवसाय से जुड़े हैं, जिनके द्वारा दिया गया टैक्स देश की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

ऐसे सम्मानित और मेहनती लोगों के चन्दौसी शहर को लेकर इस प्रकार की टिप्पणी करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। नगर महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि एक बड़े शैक्षिक संस्थान के प्राचार्य को पद पर रहते हुए इस तरह की भाषा का प्रयोग करना और उनकी सोच समाज के लिए पूर्णतः घातक है। मिनी वृंदावन नाम से विख्यात हमारी चांद सी नगरी चंदौसी पूरे देश और प्रदेश भर में अपनी अलग पहचान रखती है ऐसा निंदनीय बयान देना अशोभनीय हैं। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मांग की कि प्राचार्य अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। साथ ही, चेतावनी दी कि इस तरह की बयानबाजी भविष्य में न होने पाए नहीं तो संगठन उग्र आंदोलन करते हुए प्रशासन से कार्यवाही की मांग करेगा। प्रदर्शन में युवा जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा शाहआलम मंसूरी, कौशलनन्दन, पवन कुमार गुप्ता, सभासद अमन कोली, सभासद शिवकुमार सैनी, छात्र नेता विकास उपाध्याय, पराग शर्मा, निशान्त शर्मा, गुलशन मोर्य, कपिल देव आदि संगठन पदाधिकारी व सदस्य सहित सामाजिक बन्धु मौजूद रहे। निष्कर्ष स्वरूप व्यापार मंडल पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं की मांग पर प्राचार्य द्वारा अपने विवादित बयानों को लेकर कॉलेज के गेट पर आकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। उन्होंने कहा मैं दुष्कर्म नहीं दुष्कर कार्य कहना चाहता था भूलवश मेरे द्वारा दुष्कर्म निकल गया। चन्दौसी शहर की छोटी मानसिकता को लेकर कहा कि मेरे शब्दों से किसी की भावना आहत हुई हैं तो मैं अपने शब्द वापस लेता हूं और कोई बहुत ज्यादा आहत हुआ हैं तो मैं सार्वजनिक रूप से माफी मांगता हूं।

# अमेठी में सड़क हादसे में कांग्रेस नेता के सुपुत्र समेत दो की मौत

**कैनविज टाइम्स संवादाता**



अमेठी,गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र की स्टील फैक्ट्री के पास रविवार की सुबह घने कोहरे के कारण ओवरटेक के चक्कर में रोडवेज बस और कार की टक्कर में कांग्रेस नेता के सुपुत्र समेत दो युवकों की मौत हो गई है जबकि चार लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया और गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का कुशलक्षेम जाना और चिकित्सकों को घायलों का समुचित इलाज का निर्देश दिया है।कोतवाली क्षेत्र की स्टील फैक्ट्री बनी के पास घने कोहरे के चलते ओवरटेक के दौरान रोडवेज बस और एक कार की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी

## गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त कर पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया

मच गई और चारों ओर चीख पुकार सुनाई देने लगी। शोरगुल की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बस और कार में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और कई एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया गया। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है जहां कुछ की हालत गम्भीर बताई जा रही है जिन्हें रायबरेली रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर गौरीगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस सड़क हादसे में अन्नीबैजल निवासी कांग्रेस नेता नरसिंह बहादुर सिंह के सुपुत्र दीपक सिंह सहित एक अन्य युवक की मौत हो गई है जबकि चार लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये हैं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# मेडिकल स्टोर की आड़ में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही क्लिनिकों पर नहीं लग रही रोक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले में मेडिकल स्टोर की आड़ में बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध क्लिनिको व झोला छाप डॉक्टरों की भरमार है। यहां ऐसे कई क्लिनिक चल रहे हैं जिनकी स्वास्थ्य विभाग लगातार अ नदेखी कर रहा है।इस तरह के क्लिनिकों के न तो लाइसेंस हैं और न ही कथित डॉक्टर कहला ने वालों के पास कोई डिग्री इसके बाजूद गांव के मरीजों को बेवकूफ बनाकर खुद आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं।मरीजों की जान की परवाह किए बगैर इलाज के नाम पर ग्रामीणों से रुपए ऐंठ लेते हैं।बाजारों व चौक चौराहों पर झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें दिनों दिन बढ़ती ही जा रही हैं। उनकी दुकानों पर लगे बोर्ड में इस तरह लिखा जाता है जैसे ये लोग तमाम तरह की बीमारियों को पलभर में ठीक कर दें। लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए तमाम तरह की डिग्रियों का जिक्र भी होता है।लेकिन सोचने वाली बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग के लोग सबकुछ जानते हुए भी कुछ नहीं करते। इनके क्लिनिकों के नाम भी बड़े शहरों की क्लिनिकों की तर्ज पर रहते हैं।इससे लोग आ सानी से प्रभावित हो जाते हैं। मरीज अच्छा डॉक्टर समझकर इलाज करवाते हैं,लेकिन उन्हें इस बात का पता नहीं रहता है कि उनका इला ज भगवान भरोसे किया जा रहा है कार्रवाई नहीं होने के चलते बढ़ती जा रही है।

### फर्जी क्लिनिक जीवन से हो रहा खिलवाड़

फर्जी क्लिनिक सीरियस होने पर मरीजों को कर देते हैं रेफर मरीजों को वही दवा लिखी जाती है जिससे उन्हें कमीशन मिलते है।अक्स र ऐसे मामले देखने को मिलते हैं कि फर्जी डॉ क्टरों के इलाज से मरीज की जान पर आफत आ जाती है।फर्जी डॉक्टर अपने बचाव के लिए प्राइवेट अस्पताल रेफर कर देते है।स्वास्थ्य वि भाग एवं प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है कि क्षेत्र में फर्जी डॉक्टरों द्वारा कितने बिना पं जीकरण के क्लिनिक संचालित किए जा रहे हैं

### मरीजों को लुभाने के लिए कराते कई जांच

मरीजों को लुभाने के लिए बड़े डॉक्टरों की तर्ज पर कई तरह के जांच भी करवाते हैं और जांच के आधार पर मरीज का इलाज करते हैं। ताकि मरीजों को लगे कि डॉक्टर सही है एवं उनका इलाज सही तरीके से किया जा रहा है।लगभग हर बाजार में एक-दो फर्जी क्लिनिक चल रहे हैं फर्जी डाक्टरों ने इस धंधे को और लाभदायक बनाने के लिए जिले व सीमावर्ती प्रखंडों के कु छ निजी अस्पतालों से भी सांठगांठ कर रखी है मरीज की हालत ज्यादा गंभीर होने पर जिले में भेज देते हैं।वहां से उन्हें कमीशन के तौर पर फायदा होता है।

### झोलाछाप डॉक्टरों पर नहीं है खौफ

गांवों व बाजारों में सैकड़ों की संख्या में झोला छाप डॉक्टर क्लीनिक चला रहे हैं।उन्हें पता है कि विभाग के लोग कभी छापेमारी करने नहीं आते।कभी-कभार विभागीय पदाधिकारी आते भी हैं तो इस बात का पता पहले ही चल जाता है और वे लोग क्लीनिक बंद कर फरार हो जाते हैं।अवैध क्लीनिकों के अलावा अवैध मेडिकल स्टोर भी बड़ी संख्या में चल रहे हैं।यही नहीं इन मेडिकल स्टोर पर उन दवाइयों को भी आसानी से लिया जा सकता है जिन पर बैन है।

### सर्जन बनकर करते हैं आपरेशन

कई ऐसे झोलाछाप डॉक्टर हैं जो सर्जन बनकर मरीजों के जान से खिलवाड़ करते हैं।कई फर्जी क्लिनिकों में हाइड्रोसील, बवासीर, अपेंडिक्स आदि संवेदनशील ऑपरेशन किए जाते हैं। ये लोग मरीजों को कम खर्च में इलाज का लालच देकर उन्हें फंसा लेते हैं।जानकारी नहीं होने के चलते मरीज भी झांसे में आ जाते हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो इनकी संख्या बढ़ती ही जाएगी।मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ होता रहेगा। लोग स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जिससे आम जनमानस को फर्जी डॉक्टर के चंगुल में फंसने से बचाया जा सके। हाल यह है कि छोटी बीमारी में भी मरीजों की अच्छी-खासी खर्च हो जाती है।

# इटियाथोक में बेपटरी दौड़ रही मनरेगा अधिकारियों ने बंद की आंखें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । गांव के गरीब मजदूरों को रोजगार देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्री य ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की थी।सरकार इसे जनहित में ईमानदारी से चलाने के लिए ल गातार प्रयासरत है,लेकिन ज़मीनी हकीकत कु छ और ही कहानी बयां कर रही है। इटियाथोक ब्लॉक क्षेत्र की अधिकतर ग्राम पंचायतों में म नरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।इन दिनों डबल रोल फोटो के ज़रिए श्र मिकों की हाजिरी दर्ज कराने का चलन आम हो गया है।ग्राम पंचायतों में आय दिन ऐसे हथ कंडे अपनाए जा रहे हैं,जिनमें कागज़ पर काम होता है,लेकिन धरातल पर कुछ नहीं ताजा मा मला इटियाथोक ब्लॉक की ग्राम सभा अयाह, कर्मडीहकला,निसारुपुर,रुदापुर,सिसई बहलोल पुर और विजयगढवा में फर्जी फोटो लेकर कई मस्टररोल अपलोड की जा रही है।अयाह गाँव में एक कार्य के लिए 60 मजदूर, कर्मडीह कला में दो कार्य केलिए 73 मजदूर,निसारुपुर में एक कार्य के लिए 75 मजदूर, सिसई बहलोलपुर में एक कार्य के लिए 58 मजदूर, विजय गढ़वा में दो कार्य के लिए 67 श्रमिकों का डबल रोल में हाजिरी लगाई जा रही है।

### डबल रोल के बावजूद अधिकारी बने हैं अंजान

इटियाथोक ब्लॉक के स्थानीय ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह कोई नई बात नहीं है।यहां तो रोज़ ही कागज़ों पर काम होता है,असल में कुछ नहीं।जब भी शिकायत की जाती है,तो ब्लॉक स्तर से जांच होगी कह कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि ऊपर से नीचे तक सब सेटिंग गेटिंग का खेल चल रहा है,जिसमें जिम्मे दारों की मिलीभगत से गरीबों के नाम पर पैसा उड़ा या जा रहा है।ब्लॉक के ग्रामपंचायत में भी ऐसी ही तस्वीर सामने आई है। गांव में तालाब खुदाई और सड़क पटाई कार्य के लिए मजदूरों को ल गाया गया है लेकिन धरातल पर एक भी श्रमि क मौजूद नहीं रहते है सिर्फ फोटो में डब ल रोल का खेल जारी करके मनरेगा के साइड पर अप लोड किया जा रहा है।विश्वस्त सूत्रों की माने तो कुछ इसी तरह का खेल मनरेगा में चल रहा हैं।मामले की निष्पक्ष जांच हो जाए तो सब से मनरेगा योजना के जिम्मेदार एपीओ और क ई जिम्मेदार प्रतिनिधि और कर्मचारी कटघरे में होंगे।खैर देखना यह होगा की दूसरे मामलों की तरह जांच ठंडी रहेगी या भ्रष्टाचारियों के खिला फ कोई कार्रवाई होगी।

# सुशील मिश्रा ने तीर्थराज प्रयागराज कुंभ मेले में लगाया विशाल भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । ऐतिहासिक तीर्थराज प्रयागराज संगम नगरी कुंभ मेले में आए श्रद्धालुओं के लिए अमेरिकी बिजनेसमैन व समाजसेवी सुशील मिश्र के नेतृत्व में स्थान श्री भगवान नारायण खालसा द्वारा पीठ दरबार श्री पिंडोरी धाम गुर दास महावीर मार्ग खाक चौक प्रयागराज में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।सात समंदर पार जिले के चर्चित समाजसेवी सुशील मिश्रा व अमेरिकी बिजनेस मैन (रंगुलाल कैरिय र इंक) के एमडी सुशील मिश्रा ने तीर्थराज प्रया गराज कुंभ मेले के संगम नगरी में श्रद्धालुओं के लिए एक विशाल भंडारे का आयोजन किया

व्यवस्थापक डॉक्टर अरुण मिश्रा ने तीर्थराज प्रयागराज के संगम के तट पर महाकुंभ मेले में आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।भंडा रे में महंत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर जनार्दन दास जी महारा ज(तुलसीदास छावनी अयोध्या राजन दास जी महाराज अयोध्या के सानिध्य में संगम के तट तीर्थराज प्रयागराज के कुंभ मेले में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें कुम्भ मेले में स्नान करने आए लाखो श्र द्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया जिसमें प्रयागरा ज से महाकुम्भ स्नान करने आए श्रद्धालुओं के लिए चाय-पोहा,छोला- चावल,पूड़ी,सब्जी आदि की व्यवस्था की गयी थी।प्रयागराज के कुंभ मे ले में स्नान करने आ रहे यात्रियों की बसो को रोक कर नगर के सैकड़ों युवकों द्वारा हर स्नाना र्थी को प्रसाद के रूप में छोला-चावल, खिचड़ी व चाय- पूड़ी सब्जी बिस्किट,पानी आदि का वि तरण किया गया।इसी बीच राजन दास जी महा राज अयोध्या भी आ पहुँचे और उन्होंने भी प्र साद ग्रहण किया और भंडारा स्थल पर काफी देर तक उपस्थित रहे।जिसकी लोगो ने खूब स राहना की है अप्रवासी अमेरिकी बिजनेसमैन सुशील मिश्रा अमेरिका मे रह कर भी भारतीय संस्कार की परम्पराओ को निभाने मे पीछे नही हटते हैं।समाज सेवी सुशील मिश्रा ने लोगों की भलाई के लिए निरंतर समाज मे कार्य करते हैं सुशील मिश्रा समय-समय पर गरीब कन्याओं के हाथ पीले करवाना, मंदिरों का जीर्णो द्धार करवाना,ठंड में कंबल वितरण करना गरीबों को वस्त्र वितरण भोजन की व्यवस्था आदि कार्य समय पर करते रहते हैं।इस मौके पर व्यवस्थाप क समाज सेवी डॉ.अरुण मिश्रा,नीरज मिश्रा

सरवन उपाध्याय,संजय पाण्डेय,सुनील मिश्रा विजय दुबे,संदीप दुबे,आदि समाजसेवी मौजूद रहे।

# पूजा हत्याकांड, आरोपी पूर्व प्रेमी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में हुए पूजा कश्यप हत्याकांड का नवाबगंज पुलिस ने 48 घण्टे के अंदर ही खुलासा कर पूर्व प्रेमी राज कुमार सोनकर को गिरफ्तार कर जेल भेज दि या है।पुलिस के अनुसार पंद्रह जनवरी को रा जकुमार ने पूजा को ससुराल से मायके आने पर मिलने के लिए बुलाया था।मुलाकात के दौरान राजकुमार ने पूजा पर संबंध बनाने और पति को छोड़ने का दबाव डाला।जब पूजा ने इनकार किया, तो राजकुमार नाराज हो गया इसी नाराजगी में राजकुमार ने अपनी जेब में रखी प्लास्टिक की रस्सी से पूजा का गला घोंट दिया था।हत्या से पहले दोनों के बीच हाथापाई भी हुई थी, जिसमें पूजा की हाथ की चूड़ियां टूटकर गन्ने के खेत में गिर गई थीं।हत्या को अंजाम देने के बाद राजकुमार सोनकर शव को गन्ने के खेत में फेंककर फरार हो गया था। मृत क पूजा कश्यप की माता अनीता ने नवाबगंज थाने में राजकुमार सोनकर के खिलाफ गला द बाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकद मा दर्ज कराया था।दरअसल पूजा की शादी से पहले टपरा कॉलोनी गांव के राजकुमार सोनक र से प्रेम संबंध थे।दोनों आपस में बातचीत कर ते थे।जब पूजा के परिजनों ने उसकी शादी कुंजालपुर गांव के सुभाष से तय की,तो राज कुमार ने इसका विरोध किया था।हालांकि पूजा ने राजकुमार की बात नहीं मानी और सुभाष से शादी कर ली। शादी के बाद से राजकुमार लगा तार पूजा को परेशान कर रहा था।14 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार मनाने के लिए पूजा मायके आई थी।राजकुमार को इसकी जानकारी मिलते ही उसने 15 जनवरी को फो न करके जबरदस्ती मिलने के लिए बुलाया था।फिलहाल,नवाबगंज थाने की पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।वही नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पूजा कश्यप की शा दी होने से पहले राजकुमार सोनकर और यह दोनों एक दूसरे से बातचीत किया करते थे।राजकुमार ने कई बार इसे शादी न करने को लेकर कहा लेकिन उसने शादी कर लिया। फिर पति छोड़ने को लेकर कहा उसने पति नहीं छोड़ा फिर 14 जनवरी को जब वह अपने घर पर मकर संक्रांति का त्योहार मनाने आई। तो उसने फोन करके उसे जबरदस्ती बुलाया और 15 जनवरी को उसकी गन्ने के खेत में गला दबाकर हत्या कर दी थी।पुलिस ने 48 घंटे के अंदर इस पूरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है आगे की जांच की जा रही है।

# नशामुक्त समाज बनाए जाने का लिया सामूहिक संकल्प

नानपारा, बहराइच । भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में पौराणिक परमहंस बाबा कुटी आश्रम (बीर पुर बाबागंज) में विष मुक्त खेती नशामुक्त गांव विषयक पर चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय पर्यावरण विद, गायत्री परिजन, जनप्रतिनिधि व भारी संख्या में प्रगतशील किसान उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने विष मुक्त खेती नशामुक्त गांव विषयक से जन जन को जोड़ने की रणनीति बनाई और नशामुक्त समाज बनाए जाने का सामूहिक संकल्प भी लिया। किसान परिषद के तत्वावधान में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशक दवाइयों के अंधाधुंध खेती किसानी



में उपयोग से धरती बांझ हो रही है। रासायनिक उर्वरक व कीटनाशक दवाइयों के प्रयोग से उत्पादित होने वाले अनाज के उपयोग से जानलेना बीमारियां बढ़ती जा रही हैं इनपर प्रभावी नियंत्रण न पाया गया तो हालात भयावह होंगे। जिला संयोजक शिव पूजन सिंह ने कहा कि संगठन के तत्वावधान में विशेषकर सीमावर्ती इलाकों में जन जागरण अभियान चलाकर लोगों को रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाइयों का मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर उन्हें सचेत किया जा रहा है तथा परंपरागत खेती को बढ़ावा देने के लिए लोगों का आवाहन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह ने कहा कि जैविक व देशी खाद से उत्पादित अनाज के सेवन से हम लोग स्वस्थ एवं निरोगी रह सकते हैं हम अपने खेतों में कंपोस्ट खाद्य, नीम की खली, गोबर आधारित प्राकृतिक खेती कर स्वस्थ रहकर मजबूत समाज का निर्माण करें तभी राष्ट्र मजबूत बनेगा। आयोजित चौपाल का संचालन विकासखंड अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाविद राघवेंद्र शर्मा ने किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रगतिशील किसान भुवन भास्कर वर्मा, छेदा खान, जन प्रतिनिधी दिलीप वर्मा, अशोक पाठक, राहुल पाण्डेय, संजय वर्मा, किसान नेता बद्री सिंह, अनिल वर्मा, प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव, संघ विचारक अशोक जी, गायत्री परिजन वी गिरी, अनिल वर्मा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# नानपारा में शिया समुदाय ने निकाला कदीमी 28 रजब का जुलूस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। रविवार को शिया समुदाय द्वारा 28 रजब का कदीमी जुलूस अंजुमन अब्बासिया नानपारा के तत्वावधान में निकाला गया। जुलूस अपने पारंपरिक मार्ग से होता हुआ जन्नतुल बक़ी, मोहल्ला किला से प्रारंभ होकर पुरानी बाजार बावर्ची टोला होते हुए इमामबाड़ा सज्जादिया तक पहुंचा। बताया गया कि 28 रजब का यह जुलूस सौ वर्ष से भी अधिक पुरानी परंपरा है।



इसी दिन इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने अपने घरवालों और 71 साथियों के साथ कर्बला की ओर कूच किया था। जुलूस के दौरान अलम के साथ बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और इमाम हुसैन (अ.स.) की याद में गिरया किया। जुलूस में अंजुमन अब्बासिया के सदर नवाब रशीद, दस्ता सेक्रेटरी अख्तर नवाब, ज्वाइंट सेक्रेटरी जिया नवाब, जीशान कादिर, कादिर नवाब, फैजी, गय्युर, तहूर, कलीम अब्बास, जफर, सनी, शम्मू, शहवर नवाब, मौलाना मोहम्मद हैदर, रफी हैदर, रजी हैदर, फरहान, बजमी, सैय्यद दबीर, जैगम, एडवोकेट एहतेराम सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## मानव तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस ने किया स्पा व मसाज पार्लरों की जांच

गोंडा । अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन,उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार मानव तस्करी की रोकथाम, महि लाओं एवं बालिकाओं के संरक्षण,रेस्क्यू, विधि क कार्यवाही एवं पीड़ितों के पुनर्वास हेतु पंद्रह दिवसीय ऑपरेशन रक्षा अभियान प्रारंभ कि या गया है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय एवं क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा के कुशल निर्देशन में थाना कोतवाली नगर एवं थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत संचालित स्पा सेंटरों, मसाज पार्लरों एवं होटलों में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान किसी प्रकार की कोई अवांछ नीय गतिविधि प्रकाश में नहीं आई।साथ ही सं बंधित संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित कि या गया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की शि कायत या अवैध गतिविधि पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस अभियान के दौरान एएचटीयू प्रभारी लाल बिहारी टीम,एसजेपीयू प्रभारी प्रियंका मिश्रा जू ली वर्मा तथा अपराजिता सामाजिक संगठन से आत्रेय त्रिपाठी एवं चाइल्ड लाइन से मुकेश भारद्वाज उपस्थित रहे।

# संघ एक शताब्दी से राष्ट्र सेवा में समर्पित है : कृष्ण कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### अपने धर्म के लिए बलिदान होना सहर्ष स्वीकार : विष्णु देवाचार्य

### माधवपुरी में 'संगठित हिंदू-समर्थ भारत' का शंखनाद

### सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन एवं समरसता भोज का आयोजन संपन्न हुआ

बहराइच। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधवपुरी मे सकल हिंदू समाज के तत्वधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार ने संघ की गौरवशाली यात्रा का वर्णन करते हुए बताया कि संघ एक शताब्दी से राष्ट्र की सेवा में समर्पित है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक समाज के सभी सभी क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रहकर मां भारती का यशोगान कर रहे हैं। उन्होंने वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए समाज से 'पंच परिवर्तन' के संकल्पों को आत्मसात करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा सामाजिक समरसता से संपूर्ण हिंदू समाज को जातिगत भेदभाव से मुक्त होकर एक सूत्र में बंधना होगा। कुटुंब प्रबोधन को अपनाकर परिवार ही संस्कार की पहली पाठशाला है, इसे पुनः जागृत करना



होगा।पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से जल, पृथ्वी और वृक्षों की रक्षा करना हमारा आध्यात्मिक उत्तरदायित्व है। स्वदेशी व नागरिक कर्तव्य का पालन कर आत्मनिर्भरता हेतु स्वदेशी का उपयोग करें और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को सर्वोपरि रखें।

अनंत श्री विभूषित ब्रह्मर्षि स्वामी श्री विष्णुदेवाचार्य जी महाराज ने सनातन संस्कृति की 'अपौरुषेय' शक्ति का उल्लेख करते हुए समाज में नई चेतना का संचार किया। उन्होंने अत्यंत गंभीर विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने धर्म के लिए बलिदान होना सहर्ष स्वीकार है किंतु किसी भी परिस्थिति में परधर्म का अवलंबन स्वीकार नहीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर हमारा स्वाभिमान है इस स्वाभिमान को प्राप्त करने के लिए लाखों लोगों ने अपने जीवन को बाली विधि पर अर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि हिन्दू परिवारों को गौ पालन करना चाहिए क्योंकि गौ संरक्षण के बिना हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना साकार नही होगी।

ब्रह्माकुमारी बहराइच की प्रमुख साधना दीदी ने संघ के महान कार्यों को 'ईश्वरीय कार्य' की संज्ञा देते हुए कहा कि जिस प्रकार ईश्वर मानवता के कल्याण की योजना बनाता है, संघ के स्वयंसेवक उसी सेवा को धरातल पर क्रियान्वित कर रहे हैं।

मेजर डॉ. एस.पी. सिंह जी ने बल दिया कि जब तक हिंदू समाज संगठित और स्वाभिमानी है, तब तक भारत की सीमाएं और संस्कृति सुरक्षित हैं।

सम्मेलन के पश्चात आयोजित समरसता सहभोज में अद्भुत दृश्य देखने को मिला, कार्यक्रम में आए बंधुओं और भगिनियों ने एकसाथ सहभोज किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्र रक्षा के सामूहिक संकल्प और भारत माता की जय के गगनभेदी जयघोष के साथ हुआ।

कार्यक्रम का संचालन अखिलेश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में नगर संघचालक डॉ गोविंद शेखर, जिला कार्यवाह भूपेंद्र , जिला प्रचारक अजय, विभाग संपर्क धर्मेंद्र, विभाग प्रचारक प्रमुख अतुल गौड़, जिला सह संपर्क प्रमुख अमर सिंह,विजय बहादुर,ओम प्रकाश, राजेन्द्र प्रसाद, यमुना प्रकाश, मनीष,अभिषेक,उत्तम, विपिन, इंद्रेश सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वाइब्रेंट गांव बलाईगांव में सम्पन्न हुआ 30 दिवसीय बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम

### डीएम व एसपी ने उत्तीर्ण प्रतिभागियों को बांटे कम्प्यूटर

बहराइच । 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के मार्ग निर्देशन में 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वाइब्रेंट गांव बलाईगांव में आयोजित 30 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर कोर्स का शनिवार को देर शाम सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के 40 युवाओं ने सहभागिता कर कंप्यूटर की मूलभूत शिक्षा प्राप्त की। वाइब्रेंट गांव बलाईगांव में शनिवार को देर शाम आयोजित समापन समारोह का मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तथा ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट एसडीएम महसी आलोक प्रसाद आईएएस के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया तदोपरान्त बेसिक कंप्यूटर कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उत्तीर्ण प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप कंप्यूटर भी प्रदान किए गए।

समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम सीमावर्ती युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समापन अवसर पर कार्यवाहक कमांडेंट पंकज कुमार ठाकुर, द्वितीय कमान द्वारा भी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी गईं तथा कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पूरनपुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के चलाया पैदल गश्त व पेट्रोलिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। एसपी के निर्देशन पर पूरनपुर पुलिस ने कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन में सुरक्षा का वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को पूरनपुर पुलिस ने पैदल गश्त किया पुलिस टीम ने प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई इस अभियान के तहत पुलिस ने मुख्य मार्गों, बाजारों,व्यस्त चौराहों, मुख्य सड़कों फूट पेट्रोलिंग की अन्य भीड़-भाड़ वाले महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस ने गश्त की, ताकि लोग सुरक्षित महसूस करें और कानून व्यवस्था में कोई विघ्न न आए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिस प्रशासन का मुख्य लक्ष्य जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना है पवन पाण्डेय ने बताया शरारती तत्वों और मनचलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता या उत्पात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा महिलाओं और लड़कियों के साथ छेड़छाड़ या असभ्य व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी पाण्डेय ने पुलिस बल को बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित गश्त जारी रखने का निर्देश दिया, ताकि आमजन को सुरक्षा का एहसास हो सके उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस का उद्देश्य दहशत नहीं, बल्कि जनता में विश्वास पैदा करना है अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है थाना प्रभारी पाण्डेय ने शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी से सहयोग की अपील की है।

# विधायक एवं चेयरमैन ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लाभार्थियों को वितरण किये प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीएम आवास शहरी योजना के लाभार्थियों का इंतजार हुआ खत्म : चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता

पूरनपुर।उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा लखनऊ से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे रु 2,000 करोड़ की अनुदान राशि का ऑनलाइन वितरण किया गया जिसका विधायक बाबूराम पासवान ने नगर पालिका सभागार पूरनपुर में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रहकर व साथ में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 237 चयनित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया व ठंड से बचाओ के लिए उपहार स्वरूप कम्बल का वितरण किया भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जिसमें माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई गई योजना के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति छत विहीन नहीं रहेगा और सभी पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास और मुख्यमंत्री आवास दिए जाएंगे जिससे लाभार्थियों में बड़ी उत्साह की लहर है इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता,सभासद अनुज गुप्ता, सूरज बाथम,सौरभ सक्सेना, रोहित मिश्रा, तौफीक अहमद कादरी, नादिर रजा बरकाती, साजिद रिजवी सहित अन्य सभासद गण उपस्थित रहे है।

## आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य मे 21 जनवरी में शौर्य बाइक रैली 27 को हिन्दू सम्मेलन

पूरनपुर। पूरनपुर मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक भव्य शौर्य बाइक रैली 21 जनवरी को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से निकली जायेगी इस शताब्दी कार्यक्रम के दौरान विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करेंगे रैली के माध्यम से हिंदू समाज को एकजुट होने का संदेश दिया जायेगा 27 जनवरी को रामलीला मैदान मे हिन्दू सम्मेलन का कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे किया जायेगा इस गौरवशाली शताब्दी वर्ष को यादगार बनाने के लिए एक विशाल शौर्य रैली का आयोजन किया जाएगा बाइक । रैली का मुख्य उद्देश्य समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और हिंदुओं को एकता के सूत्र में पिरोकर उन्हें जागरूक करना होगा इन रैलियों का मुख्य उद्देश्य शताब्दी वर्ष को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना के प्रसार के संकल्प के रूप में मनाना और आगामी हिंदू सम्मेलनों के लिए जागरूकता फैलाना है बाइक रैली पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस आसाम रोड से प्रारंभ होकर कोतवाली रोड होते हुए ,ब्लाक चौराहा,स्टेशन चौराहा से तिरंगा चौक से पकड़िया, बंडा रोड घुंघचिहाई चौराहा होते हुए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर समापन के होगा कार्यक्रम को सफल बनाने की सभी से अपील की गई है हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में महामंडलेश्वर श्री भैया दास जी महाराज श्री बालाजी धाम आश्रम दिल्ली बागपत रोड वाले मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहेंगे ।

## हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट और खड़ाऊ चोरी

अमेठी । थाना जगदीशपुर क्षेत्र के गांव अशरफपुर स्थित प्राचीनतम हनुमान मंदिर बड़ागांव से शनिवार को दिनदहाड़े ताला तोड़कर चांदी का मुकुट और खड़ाऊ पार कर दिया गया है ।उक्त चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद पुलिस ने पुजारी की तहरीर पर अभियोग दर्जकर लिया है और आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है ।थाना क्षेत्र के गांव अशरफपुर निवासी कौशल किशोर उर्फ छेदी पुत्र शारदा प्रसाद प्राचीनतम हनुमान मंदिर बडागांव के पुजारी हैं। उन्होंने स्थानीय पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि शनिवार को दोपहर में करीब ढाई बजे गांव के ही मोनू उर्फ अभिषेक यादव पुत्र सोनू उर्फ आनंद कुमार के द्वारा मंदिर का ताला चोडकर चांदी का खडाऊ व मुकुट को चुराया गया ।

## समाजसेवी जैगम खान वितरण की खिचड़ी

पूरनपुर। मौनी अमावस्या गंगा स्नान के अच्छे मौके पर समाजसेवी मोहम्मद जैगम रजा खां के पुत्र अरमान खान व बाबर खान ने अपने फार्म हाउस (सईद बाग) धनारा घाट रोड पर देसी घी की खिचड़ी और हरा धनिया की चटनी बनवाकर सैकड़ो श्रद्धालुओं को खिचड़ी भोज कराया सभी श्रद्धालुओं ने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए दुआएं की जैगम खां के बच्चे बचपन से ही हिंदू मुस्लिम की एकता के प्रतीक रहे हैं बच्चों ने धनारा घाट रोड पर ठंड से परेशान गरीब लोगों को अपने फार्म हाउस पर बुलाकर सैकड़ो कंबल बांटे लोगों ने इन बच्चों की गरीबों के प्रति सेवा भाव देखकर काफी सराहनीय कार्य बताया और तमाम से लोगों ने कहा अरमान व बाबर किसी न किसी रूप समाज के लिए अच्छे-अच्छे काम करते रहते हैं एक दिन यह बच्चे अपने मां-बाप व अपने जिला का नाम रोशन करेंगे इस मौके पर सुधीर मिश्रा, मनोज राठौर, राजीव जाटव, सतपाल चौहान, रामकिशोर, अरुण ,मुसव्वर, अजीम, बातूनशाह ,आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# अपनों में बेगाने शहीद के परिवार को माहौर वैश्य समाज ने शाल उड़ाकर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। रविवार को माधोटांडा मे माहौर वैश्य सभा ने शहीद माखनलाल गुप्ता व नत्थू लाल गुप्ता के परिजनों को शाल उड़ाकर सम्मानित किया माहौर वैश्य सभा के पदाधिकारियो ने शहीद माखनलाल गुप्ता व नत्थू लाल गुप्ता के परिजनों के माधोटांडा निवास पर पहुंचकर उनको शाल उड़ाकर सम्मानित किया व शहीद हुए दोनों भाइयों की वीरगाथा की प्रशंसा की मुफलिसी की जिंदगी जी रहे शहीदों के परिवार को माहौर वैश्य सभा ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से मिलकर उनको सरकारी सुविधाओं का लाभ दिलवाने का आश्वासन दिया देश की आजादी और ब्रिटिश सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने वाले वैश्य समाज के दोनों भाई माखनलाल गुप्ता व नत्थू लाल गुप्ता का योगदान भी कम नहीं है इसके बावजूद हम अपने प्राणों को न्योछावर करने वालों को धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं इतिहास गवाह है कि देश को अंग्रेजी हुकूमत से मुक्त कराने के लिए यहां के लोगों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर अपनी आवाज बुलंद ही नहीं की बल्कि गोरों के छक्के तक छुड़ा दिया पाक ने जब-जब भी आंखें तेरी की तब-तब उसे राष्ट्र भक्तों ने मुंह तोड़ जवाब दिया इसके बावजूद शहीदों के परिवार और उनके नाम पर स्थापित किए गए स्मारक उपेक्षित हैं तहसील क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर में जन्मे माखन लाल और नत्थूलाल की अंग्रेजों ने उनके घर में घुसकर 19 जनवरी 1937 को इसलिए हत्या कर दी थी, क्योंकि वह चुनाव के दौरान ब्रिटिश प्रत्याशी का विरोध कर रहे थे। दोनों ने हमलावरों के सामने घुटने नहीं टेके कड़ा मुकाबला करते हुए हंसते-हंसते शहीद हो गए आजादी के 39 साल बाद 24 मार्च 1989 को प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे नारायण दत्त तिवारी ने गांव पहुंचकर शहीदों के नाम पर उद्यान और स्मारक की स्थापना कराई लेकिन दुर्भाग्य परिवार माधोटांडा मे शहीद स्मारक मुजफ्फरनगर मे लेकिन तब से मुजफ्फरनगर गांव में हर साल 20 जनवरी को शहीद मेला लगता है, लेकिन पार्क प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है शहीद ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष ओमपाल सिंह बताते हैं कि उस समय पार्क की देखरेख के लिए दो माली रखने का निर्णय लिया गया था इसके तहत गांव-गांव के जगदीश सिंह को रखा गया वर्तमान में सुरेश सिंह पार्क की देखरेख कर रहे हैं उन्होंने बताया कि माली को सालों से पारिश्रमिक तक नहीं दिया गया हालात यह है कि ग्रामीण आपसी सहयोग से पार्क की देखरेख के साथ साफ-सफाई करा रहे हैं मुफलिसी में जी रहे शहीदों के परिवार शहीद माखन लाल के भाई के परिवार की हालत दयनीय होने पर पूर्व में तैनात रहे डीएम जयशंकर मिश्र ने इंदिरा आवास देने के निर्देश दिए थे डीएम का स्थानांतरण होने के बाद उनके आदेश को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया जगदीश ओर उनका परिवार बान बटकर और मजदूरी करके जीवन गुजार रहा है पुत्र अंडा बेचता है वृद्धावस्था पेंशन मिल रही है जगदीश ने बताया कि उन लोगों को एक एकड़ कृषि भूमि का पट्टा कई साल पहले दिया गया था, लेकिन उस पर आज तक कब्जा नहीं दिलाया जा सका वन विभाग उक्त भूमि अपनी होने का दावा कर रहा है। पट्टा की भूमि पर कब्जा दिलवाने को तहसील और जिला स्तरीय अफसरों के तमाम चक्कर लगाए मजबूरन अब निराश होकर घर बैठ गए शहीद परिवार वालों का कहना है कि देश की आजादी के लिए होने वाले कार्यक्रमों में अफसर और नेता शहीदों के लिए गुणगान करते हैं मदद के वादे करते है, लेकिन उसके बाद उन्हें वादे याद नहीं रहते माहौर वैश्य समाज के अध्यक्ष अनूप गुप्ता, महामंत्री राज गुप्ता, बाबूराम आर्य , रोहित गुप्ता, सचिन गुप्ता, धीरज गुप्ता, गिरीश गुप्ता, विकास गुप्ता सभासद, मुरली गुप्ता, रानू गुप्ता ,अनिल यादव ,आरिफ खान आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अश्वनी कुमार 'मिन्ना जी' की पुण्यतिथि पर विशेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## पुण्यतिथि पर सेवा और श्रद्धा का संगम

सुल्तानपुर। पंजाब केसरी के निर्भीक, कर्मठ और जनसेवा के प्रति समर्पित प्रबंध संपादक स्वर्गीय अश्वनी कुमार मिन्ना जी की पुण्यतिथि पर पंजाब केसरी सुल्तानपुर टीम ने श्रद्धा, सेवा और संकल्प के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस प्रेरणादायी कार्यक्रम का नेतृत्व पंजाब केसरी सुल्तानपुर के जिला संवाददाता नीरज तिवारी ने किया, जिनकी अगुवाई में जेसीआई के जिलाध्यक्ष रामानंद मिश्र, कृतेश सेन सहित पूरे स्टॉफ ने समाजसेवा की एक अनुकरणीय मिसाल पेश की। शहर स्थित बनवासी आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान जिला संवाददाता नीरज तिवारी के मार्गदर्शन में आश्रम में रह रहे बच्चों और बुजुर्गों के बीच फल वितरित किए गए। साथ ही बच्चों की शिक्षा को संबल देने के उद्देश्य से कॉपी, पेंसिल व अन्य शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और बुजुर्गों के आशीर्वाद ने कार्यक्रम को भावनात्मक ऊँचाई दी। इस अवसर पर क्षेत्र के दर्जनों संभ्रांत नागरिक, समाजसेवी, पत्रकार और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने अश्वनी कुमार मिन्ना जी के जीवन, उनकी निर्भीक पत्रकारिता और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ पत्रकार एवं जिला संरक्षक इंद्र नारायण तिवारी ने कहा कि अश्वनी कुमार मिन्ना जी केवल एक संपादक नहीं, बल्कि पत्रकारिता के पथप्रदर्शक थे। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए पंजाब केसरी सुल्तानपुर टीम सदैव जनहित, सत्य और सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। इस मौके पर शुभम बरनवाल, डॉ दिनकर सिंह, श्रुति मिश्रा, वी.पी पांडेय, सुधांशु, मनोज, रोहित, श्रवण कुमान अमित सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर कादीपुर तहसील में पंजाब केसरी के तहसील संवाददाता अनुराग त्रिपाठी द्वारा भी पुण्यतिथि के अवसर पर एक गरिमामय सभा का आयोजन किया गया। रामाचार्य त्रिपाठी सर्वोदय शिक्षण संस्थान इंटरमीडिएट कॉलेज बड़गांव अखंड नगर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने स्वर्गीय श्री अश्विनी मिन्ना जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनका सरल स्वभाव, कर्मठता और सहयोगात्मक व्यवहार सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा। इस कार्यक्रम में पंजाब केसरी के पत्रकार अनुराग त्रिपाठी, विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, विद्यालय के अध्यापक, राजेश, अमित दुबे और कई अध्यापक एवं बड़गांव गांव के संतोष तिवारी गौरव विश्वकर्मा अभिषेक तिवारी अभी तिवारी आदित्य तिवारी आदर्श तिवारी और साथीगण उपस्थित रहे।

## डॉ सुप्रीत ने 13वी और तीसरी टाटा मुंबई मैराथन पूरी की

सुलतानपुर। जनपद के प्रख्यात सर्जन स्वशासी मेडिकल कॉलेज के शल्य चिकित्सा विभाग में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के पद पर कार्यरत डॉ सुप्रीत वर्मा ने टाटा मुंबई मैराथन पूरी की। डॉ सुप्रीत वर्मा की 13 मैराथन दौड़ में तीसरी बार टाटा मुंबई मैराथन में प्रतिभाग कर उसे पूरा किया हैं। डॉ सुप्रीत वर्मा ने बताया कि मैराथन रेस में भाग लेकर उसे पूरा करना रोमांचक होता है, धावक 42.2 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करते हैं जो स्वास्थ्य, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। टाटा मुंबई मैराथन 2026 में रिकॉर्ड 69,000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें कई नए धावकों ने फुल मैराथन दूरी तय की, जो दौड़ने के बढ़ते चलन और देश भर से लोगों की भागीदारी को दर्शाता है। जनपद के वरिष्ठ फिजिशियन एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा व श्रीपाल सिंह महाविद्यालय के चेयरमैन अजय प्रताप सिंह पिन्टू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बधाई दी और परिवार जानो, मित्रों, शुभचिंतकों और सभी साथियों के लिए गर्व का दिन है। डॉ सुप्रीत वर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा के ज्येष्ठ पुत्र हैं।

## चित्रगुप्त भगवान की मूर्ति स्थापित करने को हुआ चित्रगुप्त चौक का भूमि पूजन मौजूद रहे चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता

पूरनपुर। चित्रांश सभा ने भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति की स्थापना और चौक के लिये भूमि पूजन किया इस दौरान सभी कायस्थ बंधुओं ने पूजा अर्चना कर भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की इस मौके पर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता मौजूद रहे और कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज के लोगों को साथ जोड़ते हैं उन्होंने सभी से कायस्थ समाज को मजबूत करने में सहयोग देने की अपील की वही चित्रांश परिवार (कायस्थ समाज) द्वारा आयोजित सभा में नगर पालिका सभागार मे आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे शैलेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे इस अवसर पर समाज की मांग पर गाँधी पार्क में स्थापित की जाने वाली लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा स्थापित किये जाने पर शैलेन्द्र गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया इसके पश्चात पकड़िया चौराहे पर सम्पूर्ण कायस्थ समाज की उपस्थिति मे भूमि पूजन एवं निर्माण कार्य का शुभारंभ अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता एवं पूर्व विधायक प्रमोद कुमार प्रधान 'मुन्नू' द्वारा संयुक्त रूप से किया गया तथा निर्माण कार्य की प्रथम ईंट रख दी गई जिसका निर्माण भी जल्द पूरा कर दिया जायेगा

## सिम बदलकर ठगी करने वाला अंतरराज्यीय साइबर ठग को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पूरनपुर ।पुलिस ने सिम बदलकर साइबर ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय अपराधी को गिरफ्तार किया है आरोपी ने पूछताछ में देश के विभिन्न राज्यों में 47 ठगी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है पुलिस ने आरोपी के पास से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंक दस्तावेज और नकदी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था इसी क्रम में एनसीआरपी (गएटद्य) पोर्टल पर मिली शिकायतों की जांच की जा रही थी जांच के दौरान 19 दिसंबर 2025 को इको चालक दिनेश कुमार के साथ हुई 27 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया इस मामले की जांच के लिए थानाध्यक्ष जयशंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम और सर्विलांस सेल का गठन किया गया मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 17 जनवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे पुन्नापुर टांडा-कढैया मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान लखीमपुर खीरी के ग्राम खमरिया कोइलार निवासी आफाक (25 वर्ष) पुत्र फुरकान खान के रूप में हुई हैपूछताछ में आफाक ने बताया कि वह गाड़ियों में सवारी बनकर बैठता था और चालकों को फर्जी फोन पे और गूगल-पे ऐप दिखाकर ठगी करता था। स्कैनर लेने के बहाने वह चालक का यूपीआई पिन देख लेता और मौका पाकर उसके मोबाइल से सिम कार्ड निकाल लेता। इसके बाद वह उसी सिम का इस्तेमाल कर जनसेवा केंद्रों और पेट्रोल पंपों पर जाकर रकम कैश करवा लेता था आफाक ने स्वीकार किया कि उसने उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, नोएडा, जोधपुर (राजस्थान) सहित बरेली, लखनऊ, खीरी और पीलीभीत में कुल 47 साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया है। इसके अलावा आफाक के खिलाफ खीरी के थाना फरधान में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन मोबाइल फोन, एक टैबलेट, चार एटीएम कार्ड, एक ग्रीन रेमिट कार्ड, एक पासबुक, दो चेकबुक, तीन आधार कार्ड और 10,500 रुपये नकद बरामद किए हैं।

## पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी । थाना कमरौली पुलिस ने एक युवक को पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत थाना कमरौली के प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार पटेल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मेराज पुत्र अल्ताफ निवासी नासिरगंज मजरे बहुआ थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना कमरौली के प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार पटेल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग लड़कियों की मौत तीसरी घायल

सुल्तानपुर। लखनऊ-बलिया राज्यमार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। मोटरसाइकिल चलाना सीख रहीं दो लड़कियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। पीछे बैठी तीसरी किशोरी घायल मामूली रूप से घायल हो गई।

# रामनगरिया में गंगा स्नान करने गए दो बच्चे सहित एक युवक डूबे: गोताखोरों ने एक बच्चे और युवक को बाहर निकाला, दूसरे बच्चे की तलाश जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले थाना हजारा के रामनगरिया धनाराघाट में गंगा स्नान करने गए परिवार के दो बच्चे एक युवक गंगा में डूब गए आस पास के लोगो ने परिजनों को सूचना दी मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से काफी खोजबीन की एक बच्चे को और युवक को बाहर निकाल लिया स्नान करते दौरान अचानक वह गहरे पानी में चले गए रविवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर शारदा नदी के धनाराघाट पर मेला लगा था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे गांव चंदिया हजारा निवासी सुमित पुत्र सुशांत और सौरभ पुत्र निताई भी अपने परिजनों के साथ मेले में गए थे। घटना से परिजनों में चीख-पुकार मच गई तत्काल गोताखोरों को बुलाकर तलाश कराई गई बच्चों की तलाश के दौरान एक व्यक्ति भी नदी में डूब गया चंदिया हजारा के प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक बच्चे और एक व्यक्ति का शव नदी से बाहर निकाला दूसरे बच्चे की तलाश अभी जारी है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है गंगा स्नान के अवसर पर घाटों पर हमेशा बचाव दल (गक्टक्क जल पुलिस, गोताखोर) तैनात रहते हैं, जो श्रद्धालुओं की भीड़ में डूबने या किसी अन्य आपात स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद रहते हैं मौनी अमावस्या और मकर संक्रांति जैसे मौकों पर देखा गया, जहाँ गक्टक्क ने कई बार लोगों को बचाया और सुरक्षित बाहर निकाला, ताकि कोई अनहोनी न हो लेकिन अगर घाट पर मौके टीमें मौजूद और मुस्तैद होती तो शायद दोनों मासूमों को बचाया जा सकता और युवक को बचाया जा सकता था जो साफ साफ लापरवाही की ओर इशारा करता है गंगा स्नान के दौरान घाट पर बचाव दल हमेशा मौजूद रहता है ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके कही न कही प्रशासन की और मेला कमेटी की लापरवाही को उजागर करता है।

# डीएम ने कासिमपुर के मतदेय स्थल का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में रविवार को को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया जा रहा है। इस क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान द्वारा मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय कासिमपुर के बूथ संख्या 318 व 319 का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों तथा बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने फार्म छह भरने आई छात्राओं से वार्ता की और बूथ लेवल अधिकारियों से अब तक भरे गये फार्मों की जानकारी ली।जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार को जनपद की चारों विधानसभाओं के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा आलेख्य मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जा रही है उनके पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म छह, सात, आठ उपलब्ध है इसके साथ ही उनके पास एएसडी लिस्ट व जिनकी अब तक मैपिंग नहीं हो सकी उनकी भी लिस्ट उपलब्ध है।एसआईआर अभियान के द्वारा वोटर लिस्ट को पूरी तरह से पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है वहीं वह लोग जो किसी कारण से मतदाता सूची में शामिल होने से रह गए हैं या एएसडी लिस्ट में किसी तरह से उनका नाम आ गया है और वह पात्र है और ऐसे नए वोटर जो एक जनवरी 2026 को अठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उन सभी को मतदाता सूची में शामिल किया जायेगा। इस कार्य की निगरानी करने के लिये जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बूथों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# महायुति की महासफलता

महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा के नेतृत्व में महायुति गठबंधन की महत्वपूर्ण सफलता ने राज्य में बड़े राजनीतिक बदलाव का संकेत दे दिया है, जो आने वाले दशकों में राज्य की भगवा राजनीति की विरासत पर वर्चस्व की दिशा भी तय करेगा। राज्य के विधानसभा चुनावों में भाजपा नीत महायुति गठबंधन द्वारा विपक्ष को करारी शिकस्त देने के एक साल से कुछ अधिक समय के बाद अब सत्तारूढ़ गठबंधन ने राज्यव्यापी स्थानीय निकाय चुनावों में अपना दबदबा कायम कर लिया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दशकों तक शिवसेना के वर्चस्व वाले बहुचर्चित बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी के चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। निश्चित रूप से इस हालिया परिणाम से आने वाले सालों में मुंबई की सत्ता में निर्णायक बदलाव आएगा। अविभाजित पार्टी के रूप में, बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना ने दशकों तक भारत की वित्तीय राजधानी पर शासन किया। लेकिन अब भाजपा की अगुवाई में शिवसेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट बीएमसी में अहम भूमिका निभाएगा। जैसे महाराष्ट्र सरकार में एकनाथ शिंदे उप मुख्यमंत्री की भूमिका निभा रहे हैं, वैसी बीएमसी में पार्टी की भूमिका रहेगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दो दशक बाद ठाकरे भाइयों की पार्टियों के एकजुट होकर लड़ने के बावजूद राज्य में महायुति की लहर रुकी नहीं। यही वजह है कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की हाल ही में सामने आई प्रतीकात्मक एकता चुनावी सफलता में बदलने में कामयाब नहीं हो सकी। वहीं दूसरी ओर शरद पवार और उनके भतीजे अजीत पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गुटों के बीच गठबंधन पूणे में बुरी तरह विफल हो गया। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र की राजनीति में बीएमसी चुनाव परिणामों के गहरे निहितार्थ रहे हैं। बहुचर्चित बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी को देश का सबसे धनी नगर निगम होने का गौरव हासिल है। जिसके चलते इसका राजनीतिक महत्व बहुत अधिक है। महाराष्ट्र की राजनीति में बीएमसी के महत्व का अंदाजा इसके बजट से लगाया जा सकता है। इसका बजट वर्ष 2025-26 के लिये 74,427 करोड़ रुपये का है, जो हिमाचल प्रदेश और गोवा जैसे राज्यों के बजट से भी अधिक है। ऐसे में हालिया स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के वर्चस्व के बाद स्थानीय निकाय की नई संरचना का मुंबई के शासन, नीतिगत प्राथमिकताओं और महाराष्ट्र की राजनीतिक गतिशीलता पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। यहां सकारात्मक पहलू यह भी है कि जनता ने विकास की आकांक्षा को तरजीह दी और क्षेत्रीय संकीर्णता के नारे को खारिज किया। चुनाव परिणाम मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विकास के वादे का समर्थन करते हैं। हालांकि, ठाकरे परिवार का 'मराठी मानुष' कार्ड ज्यादा मतदाताओं को आकर्षित नहीं कर पाया। एक बार फिर महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों में कांग्रेस हाशिये पर नजर आई। ऐसे में यह कांग्रेस को फिर से आत्ममंथन का मौका देता है। निर्विवाद रूप से महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों ने विपक्ष के महा विकास अघाड़ी गठबंधन के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है, जिसके घटक दल पहले ही महाराष्ट्र की राजनीति में प्रासंगिक बने रहने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। राजनीतिक पंडित कह रहे हैं कि महाराष्ट्र की राजनीति में बरसों तक वर्चस्व रखने वाले ठाकरे और पवार के राजनीतिक परिवार को राज्य में अपनी प्रासंगिकता बनाये रखने के लिये नये सिरे से प्रयास करने होंगे। वहीं दूसरी ओर इन चुनाव परिणामों का एक निष्कर्ष यह भी है कि भाजपा चुनावों में जीतने का गणित सीख गई है। पार्टी के बूथ मैनेजमेंट के साथ संघ का संबल उसकी विजय की राह प्रशस्त करता है। यही वजह है कि स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा न केवल अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ती नजर आई, बल्कि अपने सहयोगियों पर भी भारी पड़ी है।

# महाराष्ट्र में भाजपा के विकास एवं विश्वास की निर्णायक जीत

**मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की राजनीतिक सोच और कार्यशैली इस पूरे परिदृश्य में एक निर्णायक कारक के रूप में उभरकर सामने आई है। फडणवीस ने महाराष्ट्र की राजनीति को केवल सत्ता संतुलन की सीमाओं में नहीं बांधा, बल्कि उसे दीर्घकालिक विकास दृष्टि से जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे व्यापक राष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों जैसे बुनियादी ढांचे का विस्तार, डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता, निवेश अनुकूल वातावरण और सुशासन को उन्होंने राज्य की आवश्यकताओं के अनुरूप जमीन पर उतारने का प्रयास किया है। उनकी राजनीति भावनात्मक उत्तेजना या तात्कालिक लोकप्रियता पर नहीं, बल्कि योजनाबद्ध विकास, प्रशासनिक दक्षता और भविष्य की तैयारी पर आधारित रही है। मुंबई से लेकर विदर्भ और मराठवाड़ा तक विकास की समान अवधारणा, शहरी-ग्रामीण संतुलन और रोजगार सृजन पर जोर उनकी सोच को प्रतिबिंबित करता है। इस महाविजय के पीछे फडणवीस की रणनीति के चार प्रमुख स्तंभ रहे हैं- हिंदुत्व और विकास का संतुलन, लोकल मुद्दों पर फोकस, विपक्ष पर प्रभावी जवाब और जनता के साथ जुडाव। यही कारण है कि स्थानीय निकाय चुनावों में जनता ने उन्हें केवल एक प्रशासक के रूप में नहीं, बल्कि एक दूरदृष्टा नेतृत्वकर्ता के रूप में स्वीकार किया है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की जो राष्ट्रीय अवधारणा गढ़ी गई, देवेंद्र फडणवीस ने उसे महाराष्ट्र की राजनीतिक और प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और यही दृष्टि महायुति की सफलता की वैचारिक रीढ़ बनती दिखाई देती है। बीएमसी का महत्व केवल राजनीतिक प्रतीकात्मकता तक सीमित नहीं है।**

महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न शहरी निकाय चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा, प्रवृत्ति और भविष्य का संकेत देने वाला एक बड़ा जनादेश बनकर सामने आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में महायुति गठबंधन की ऐतिहासिक सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महाराष्ट्र की राजनीति अब एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। यह बदलाव केवल सत्ता के हस्तांतरण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीतिक सोच, जन अपेक्षाओं और लोकतांत्रिक व्यवहार में गहरे परिवर्तन का द्योतक है। इन चुनावों ने जहां भगवा राजनीति की वैचारिक और संगठनात्मक शक्ति को नए सिरे से रेखांकित किया है, वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच एवं विकास की राजनीति को आगे बढ़ाया है। यह सफलता ऐसे समय में मिली है जब विधानसभा चुनावों में विपक्ष को करारी शिकस्त दिए जाने को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ था। इसके बावजूद राज्यव्यापी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा नीत महायुति गठबंधन का दबदबा यह दर्शाता है कि यह जीत क्षणिक नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ राजनीतिक प्रवाह का परिणाम है। इन परिणामों ने राष्ट्र का ध्यान इसलिए अपनी ओर खींचा, क्योंकि इन चुनावों को मिनी विधानसभा चुनावों की संज्ञा दी गई थी। दशकों तक शिवसेना के वर्चस्व का प्रतीक रहे बृहन्मुंबई नगर निगम, यानी बीएमसी में शिवसेना का दशकों पुराना किला ढ़ह गया, बीएमसी एवं राज्यभर के शहरी निकाय चुनाव में भाजपा का सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरना एवं उसका दबदबा कायम होना, एक बड़े राजनीतिक बदलाव का सबसे सशक्त प्रमाण है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की राजनीतिक सोच और कार्यशैली इस पूरे परिदृश्य में एक निर्णायक कारक के रूप में उभरकर सामने आई है। फडणवीस ने महाराष्ट्र की राजनीति को केवल सत्ता संतुलन की सीमाओं में नहीं बांधा, बल्कि उसे दीर्घकालिक विकास दृष्टि से जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे व्यापक राष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों जैसे बुनियादी ढांचे का विस्तार, डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता, निवेश अनुकूल वातावरण और सुशासन को उन्होंने राज्य की आवश्यकताओं के अनुरूप जमीन पर उतारने का प्रयास किया है। उनकी राजनीति भावनात्मक उत्तेजना या तात्कालिक लोकप्रियता पर नहीं, बल्कि योजनाबद्ध विकास, प्रशासनिक दक्षता और भविष्य की तैयारी पर आधारित रही है। मुंबई से लेकर विदर्भ और मराठवाड़ा तक विकास की समान अवधारणा, शहरी-ग्रामीण संतुलन और रोजगार सृजन पर जोर उनकी सोच को प्रतिबिंबित करता है। इस महाविजय के पीछे फडणवीस की रणनीति के चार प्रमुख स्तंभ रहे हैं- हिंदुत्व और विकास का संतुलन, लोकल मुद्दों पर फोकस, विपक्ष पर प्रभावी जवाब और जनता के साथ जुडाव। यही कारण है कि स्थानीय निकाय चुनावों में जनता ने उन्हें केवल एक प्रशासक के रूप में नहीं, बल्कि एक दूरदृष्टा नेतृत्वकर्ता के रूप में स्वीकार किया है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की जो राष्ट्रीय अवधारणा गढ़ी गई, देवेंद्र फडणवीस ने उसे महाराष्ट्र की राजनीतिक और प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और यही दृष्टि महायुति की सफलता की वैचारिक रीढ़ बनती दिखाई देती है। बीएमसी का महत्व केवल राजनीतिक प्रतीकात्मकता तक सीमित नहीं है। यह देश का सबसे धनी नगर निगम है, जिसका 2025-26 का बजट 74,427 करोड़ रुपये का है, जो कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है। इसीलिये बीएमसी शिवसेना का आर्थिक संबल थी, क्योंकि भ्रष्ट तौर-तरीकों के कारण नगर निकाय का पैसा उसके नेताओं के पास पहुंचता था। बीएमसी के इसी भ्रष्टाचार के कारण मुंबई अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में विकसित नहीं हो पा रही थी। ऐसे में बीएमसी पर नियंत्रण का अर्थ है नीतिगत प्राथमिकताओं, शहरी विकास की दिशा और संसाधनों के उपयोग पर निर्णायक प्रभाव। भाजपा नेतृत्व वाली महायुति की सफलता यह संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में मुंबई का प्रशासनिक और विकासात्मक स्वरूप नए सिरे से गढ़ा जाएगा। मुंबई को खराब सडकों, ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से त्रस्त शहर की छवि से मुक्त करना भाजपा की पहली प्राथमिकता बननी चाहिए। इन चुनावों का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि दो दशक बाद ठाकरे परिवार से जुड़ी पार्टियां एकजुट होकर मैदान में उतरीं, फिर भी वे महायुति की लहर को रोकने में असफल रहीं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की प्रतीकात्मक एकता मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर सकी। इसी तरह शरद पवार और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गुटों का पूणे में गठबंधन भी बुरी तरह विफल रहा। यह पराजय उन राजनीतिक परिवारों के लिए एक चेतावनी है, जिन्होंने लंबे समय तक राज्य की राजनीति में वर्चस्व बनाए रखा था। इन परिणामों से यह स्पष्ट है कि महाराष्ट्र की जनता ने क्षेत्रीय संकीर्णता और पुराने नारों की बजाय विकास, स्थिरता और विश्वास की राजनीति को प्राथमिकता दी है। 'मराठी मानुष' जैसे भावनात्मक मुद्दे इस बार ज्यादा प्रभाव नहीं डाल सके। मतदाताओं ने यह संकेत दिया है कि वे अपनी आकांक्षाओं को केवल पहचान की राजनीति में सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि वे बेहतर बुनियादी ढांचे, पारदर्शी प्रशासन और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि चाहते हैं। इन स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की हाशिये पर मौजूदगी भी एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह स्थिति कांग्रेस के लिए आत्ममंथन का अवसर है। महाराष्ट्र जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में उसकी कमजोर होती पकड़ यह सवाल उठाती है कि क्या पार्टी बदलते राजनीतिक परिदृश्य को समझने और उसके अनुरूप रणनीति बनाने में विफल हो रही है। महा विकास अघाड़ी गठबंधन के भविष्य पर भी इन परिणामों ने प्रश्नचिह्न लगा दिया है। इसके घटक दल पहले ही प्रासंगिक बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और यह पराजय उस संघर्ष को और कठिन बना देती है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ठाकरे और पवार जैसे परिवारों को अब अपनी राजनीति का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। केवल विरासत और अतीत की उपलब्धियों के सहारे राजनीति नहीं चलाई जा सकती। जनता अब जवाबदेही, परिणाम और स्पष्ट दिशा चाहती है। इसके विपरीत भाजपा ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह चुनाव जीतने का गणित अच्छी तरह समझ चुकी है। मजबूत बूथ मैनेजमेंट, कैडर आधारित संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वैचारिक व सांगठनिक संबल उसकी सफलता की आधारशिला बने हैं। यही कारण है कि भाजपा न केवल अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकली, बल्कि कई स्थानों पर अपने सहयोगियों पर भी भारी पड़ी। इन चुनावों का व्यापक अर्थ केवल महाराष्ट्र तक सीमित नहीं है। यह परिणाम राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक संकेत हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास, विकास और आश्वासन की राजनीति को जनता लगातार समर्थन दे रही है। यह राजनीति केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर बदलाव की अनुभूति कराती है। अंधेरों के बीच रोशनी की किरण की तरह यह राजनीति आम नागरिक को यह विश्वास दिलाती है कि उसका भविष्य सुरक्षित हाथों में है। इससे राजनीतिक परिभाषाएं ही नहीं बदलीं, बल्कि इंसान की सोच में भी परिवर्तन आया है। मतदाता अब भावनात्मक उकसावे से अधिक ठोस उपलब्धियों और संभावनाओं को महत्व देने लगा है। महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव इस बदलाव का सशक्त उदाहरण हैं। बड़े-बड़े दावे करने वालों के बोल ध्वस्त हुए हैं और विकास की राजनीति आगे बढ़ी है। जनता देश को एक नई दिशा, एक नए लोकतांत्रिक परिवेश और एक नई राजनीतिक संस्कृति में देखना चाहती है। यह संस्कृति केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि शासन के तौर-तरीकों में बदलाव की मांग करती है। पारदर्शिता, जवाबदेही और परिणामोन्मुखी प्रशासन अब केवल नारे नहीं, बल्कि जन अपेक्षा बन चुके हैं। बीएमसी जैसे शक्तिशाली संस्थान में भाजपा का वर्चस्व न केवल मुंबई की सत्ता संरचना को बदलेगा, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति की धुरी को भी नए सिरे से परिभाषित करेगा। यह जीत बताती है कि लोकतंत्र में वही राजनीतिक ताकत टिकाऊ होती है, जो समय के साथ खुद को बदलने, जनता की नब्ज पहचानने और विकास को केंद्र में रखने का साहस रखती है। महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों ने इसी सच्चाई को एक बार फिर उजागर किया है। **–ललित गर्ग**

# वेनेजुएला की भौजी और भूरा भाई की खुन्नस

**मुकेश कबीर**

जब से अमेरिका के राष्ट्रपति ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति को पत्नी सहित उठवाकर अमेरिका की जेल में डाला है तबसे सारी दुनिया के नेताओं में हड़कंप मचा हुआ है, सबको खुद की और पत्नी की चिंता हो रही होगी लेकिन भारत के नेता निश्चिंत हैं। हमें कोई फर्क़ नहीं पड़ता,हमारे यहां तो कुंवारों की सरकारें हैं। हमारे प्रधानमंत्री आज भी दहाड़ रहे हैं,हमारे यहां तो विपक्ष के नेता भी कुंवारे मिल जायेंगे और कई मुख्यमंत्री भी फिर भूरा भाई से कौन डरेगा ? वैसे भी वेनेजुएला का मामला थोड़ा अलग है, सबसे ज्यादा मिस वर्ल्ड देने वाला देश है वो। वहां की महिलाएं सबसे सुंदर मानी जाती हैं यह बात भूरा भाई जानते हैं लेकिन राष्ट्रपति की पत्नी भी सबसे खूबसूरत हो यह जरूरी तो नहीं लेकिन अपने भूरा भाई को कौन समझाये ? और वो समझते भी कब हैं? किसी ने उन्हें समझाने की ठान भी ली तो भी कोई फायदा नहीं। वो उसकी खुन्नस किसी और पर निकालने लगते हैं, पिछले साल यूक्रेन वाले ने बहुत अच्छे से समझाया था भूरा भाई को लेकिन उसके बाद ही भूरा भाई बहुत फ्रस्ट्रेशन में आ गए थे, शायद उसी का बदला उन्होंने वेनेजुएला से लिया है, ताकि फिर कोई उन्हें समझाने की न सोचे। यही बात जब हमने हमारे बेधड़क भोपाली को समझाई तो बेधड़क ने बड़ा वाजिब सा सवाल किया, बेधड़क बोले कि मियां भूरा भाई को जब हड़काया यूक्रेन वाले ने था फिर उठाया वेनेजुएला वाले को क्यूँ? यूक्रेन वाले को ही उठाना था न? तब हमने भी बेधड़क से दो वाजिब सवाल पूछे, हमने पूछा चचा कभी पागलखाने गए हो? चचा बोले हाँ तो हमने फिर पूछा कि वहां एक पागल को किसी दूसरे पागल से डरते हुए देखा है? तो चचा बोले बिल्कुल नहीं, हमने तो सिर्फ नॉर्मल आदमी को ही पागल से डरते देखा है, पागल को पागल से डरते हुए नहीं देखा। तब हमने समझाया कि चचा यहां भी तकरीबन मामला ऐसा ही है। जब सामने वाला अपनी टक्कर का हो फिर किसी को भी चक्कर आ जाता है इसलिए भूरा भाई यूक्रेन वाले से अब उतना ही दूर रहते हैं जितना नई पेंट वाले बाबू साब केले के छिलके से। भूरा भाई जानते हैं अभी तक पुराना दाग मिटा नहीं है फिर नया दाग लगवाने से क्या फायदा? और वैसे भी यूक्रेन वाले की हालत तो उस नंगे जैसी हो गई है जिससे खुदा भी डरता है, उसके पास तो अब खोने के लिए कुछ बचा ही नहीं और फिर जब वो भूरा भाई के दादा भाई से नहीं डरा तो भूरा भाई से क्या डरेगा और कहीं यूक्रेन वाले को उठवाकर अमेरिका ले भी आए तो खतरा और ज्यादा बढ़ जायेगा, कहीं उसे ढूंढते हुए दादा भाई भी अमेरिका तक आ गए तो कि होगा पापे? इसलिए वेनेजुएला ही ठीक लगा, अब भूरा भाई कम से कम कोई डील तो कर सकते हैं कि तुम हमें तेल दो हम तुम्हें बेल देंगे या फिर कोई और लेकिन फिर भी सवाल यह है कि तेल ही चाहिए था तो तेल निकाल देते राष्ट्रपति को उठवाने की क्या जरूरत थी? वो भी भौजी के साथ? तो इसका जवाब सिर्फ भूरा भाई ही दे सकते हैं क्योंकि दुनिया कुछ नेता ऐसे होते हैं जिनका अगला कदम क्या होगा यह वह खुद भी नहीं जानते, इस मामले में पहले नंबर पर हैं भूरा भाई और दूसरे नंबर पर हैं हमारे विपक्ष के नेता। हमारे विपक्ष के नेता भी कब क्या कर दें कोई नहीं जान पाया,अचानक आंख मार दें, अचानक प्रधानमन्त्री के गले पड जाएँ या फिर अचानक ही किसी की झप्पी पप्पी ले लें कोई ठिकाना नहीं। हमारे विपक्ष के नेता की भी क्या कहें। आजकल राजनीति में ट्रेंड ही ऐसा चल पड़ा है काम कुछ करो या मत करो पर धमाका जरूर करो जिससे पूरी दुनिया में हलचल मच जाये इसीलिए सारे नेता कुछ ना कुछ ऊल जुलूल करते रहते हैं। आज मीडिया का ज़माना है और मीडिया को किसी विकास पुरूष की जरूरत तो है नहीं, उन्हें तो चाहिए एकदम विदूषक जिसकी हरकत एकदम वायरल हो जाये इसलिए नेता और मीडिया एक दूसरे का ध्यान रखते हैं, मीडिया विकास के बजाए यह ज्यादा दिखाता है कि नेता किसको चूम रहा है,किसके साथ घूम रहा है। यही दिखाने के लिए कैमरा लेकर घूमते रहते हैं और कैमरे में आने के लिए नेता झूमते रहते हैं। अब देखते हैं भूरा भाई क्या करते हैं वेनेजुएला वाली का,तब तक के लिए देखते रहिए हमारा चैनल ''लम्पट न्यूज''...

## सेहत मंत्र

# छह घंटे से कम नींद पुरुषों के लिए है खतरनाक, बढ़ता है हृदय रोगों का है खतरा : शोध

जो पुरुष रात में छह घंटे से कम सोते हैं, उनमें सात और आठ घंटे के बीच सोने वालों की तुलना में हृदय रोगों का खतरा ज्यादा रहता है। यह एक नए अध्ययन से पता चलता है। अध्ययन से पता चलता है कि छह घंटों से कम की खराब गुणवत्ता वाली नींद से एथेरोस्क्लेरोसिस का खतरा सात से आठ घंटे की नींद की तुलना में 27 प्रतिशत बढ़ जाता है। एथेरोस्क्लेरोसिस पूरे शरीर में धमनी की दीवारों पर वसा, कोलेस्ट्रॉल और अन्य पदार्थों के निर्माण करता है। वहीं दूसरी तरह जो महिलाएं आठ घंटे से अधिक सोती हैं उनमें एथेरोस्क्लेरोसिस का खतरा बढ़ जाता है। सेन्ट्रो नैशनल डी इनवेस्टीगेशंस कार्डियोवास्कुलर कार्लोस के रिसर्चर जोस एम ऑर्डोवास के कहते हैं हृदय रोग एक प्रमुख वैश्विक समस्या है और हम शारीरिक गतिविधि और आहार सहित कई दृष्टिकोणों का उपयोग कर इसे रोकने का प्रयास करने के साथ इसका इलाज कर रहे हैं,' साथ यह भी कहते हैं कि, लेकिन अध्ययन में जोर दिया गया है कि हमें नींद को उन हथियारों के रूप में शामिल करना होगा जिनका उपयोग हम हृदय रोग से लड़ने के लिए करते हैं - एक ऐसा कारक जो हम हर दिन समझौता कर रहे हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के लिए, टीम में 3,974 बैंक कर्मचारी शामिल थे, जिनमें से सभी बिना हृदय रोग के थे और दो तिहाई पुरुष थे। रिसर्च में, इन सब के अलावा, शराब और कैफीन का सेवन नींद की कमी और बाधा उत्पन्न करने का कारण पाया गया। ऑर्डोवास कहते हैं कि, बहुत से लोग सोचते हैं कि अच्छी नींद के शराब पीना फायदेमंद है, लेकिन इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। यदि आप शराब पीते हैं, तो आप थोड़ी देर की नींद के बाद जाग सकते हैं और सोने के लिए आपको कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। और यदि आपको वापस अच्छी नींद नहीं आती तो ये यह खराब गुणवत्ता वाली नींद कहलाती है। नींद की कमी हृदय रोग के जोखिम कारकों जैसे कि ग्लूकोज के स्तर, रक्तचाप, सूजन और मोटापे को बढ़ाकर हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाने के लिए जाना जाता है।

## धर्म मंत्र

# श्री गणेश के कई सिद्ध मंदिरों में से एक हैं चिंतामन गणेश

भगवान गणेश के कई सिद्ध मंदिरों में चिंतामन गणेश मंदिर है, ऐसे कुल चार मंदिर हैं। कहते हैं यहां भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। भोपाल, उज्जैन, गुजरात और रणथंभौर में इन गणपति मंदिरों की सिद्धियां इनकी स्थापना की चर्चित कहानियों में छुपी हैं। भोपाल से 2 किलोमीटर की दूरी पर सीहोर में स्थित चिंतामन गणेश मंदिर की दंतकथा बेहद रोचक है। माना जाता है कि इस मंदिर की स्थापना विक्रमादित्य ने की थी लेकिन इसकी मूर्ति उन्हें स्वयं गणपति ने दी थी। प्रचलित कहानी के अनुसार एक बार राजा विक्रमादित्य के स्वप्न में गणपति आए और पार्वती नदी के तट पर पुष्प रूप में अपनी मूर्ति होने की बात बताते हुए उसे लाकर स्थापित करने का आदेश दिया। राजा विक्रमादित्य ने वैसा ही किया। पार्वती नदी के तट पर उन्हें वह पुष्प भी मिल गया और उसे रथ पर अपने साथ लेकर वह राज्य की ओर लौट पड़े। रास्ते में रात हो गई और अचानक वह पुष्प गणपति की मूर्ति में परिवर्तित होकर वहीं जमीन में धंस गई। राजा के साथ आए अंगरक्षकों ने जंजीर से रथ को बांधकर मूर्ति को जमीन से निकालने की बहुत कोशिश की पर मूर्ति निकली नहीं। तब विक्रमादित्य ने गणमति की मूर्ति वहीं स्थापित कर इस मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर में स्थापित गणपति की मूर्ति की आंख चांदी की बनी है। वास्तविक मूर्ति की आंख हीरे की थी। स्थानीय लोगों के अनुसार आज मंदिर और मूर्ति की सुरक्षा के लिए रात के समय मंदिर परिसर में ताला लगाया जाता है लेकिन पहले ऐसा नहीं था। 150 साल पहले इस खुले परिसर में मूर्ति की हीरे की आंख चोरी हो गई।

## पर्यटन



# देश के प्राचीन धरोहरों में से एक है कोणार्क का सूर्य मंदिर

वैदिक काल में मंत्रों द्वारा सूर्य देवता की पूजा की जाती थी। पिर राजाओं द्वारा इनके मंदिर का निर्माण शुरू हो गया। ओडिशा स्थित कोणार्क का सूर्य मंदिर देश के प्राचीन ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। सूर्य को वेदों में जगह की आत्मा कहा गया है। हिंदू धर्म के सभी प्राचीन ग्रंथों में इनकी महत्ता को बताया गया है। वैसे तो सूर्य प्रत्यक्ष देवता के रूप में सर्वसाधारण के सामने रहते हैं, इसलिए इन्हें ऊर्ज़ा का प्रमुख स्त्रोत कहा गया है। फिर भी कुछ राजाओं ने सूर्यदेव के प्रति अपनी आस्था प्रदर्शित करने के लिए उपासना स्थलों का भी निर्माण करवाया। कोणार्क का सूर्य मंदिर भी उन्हीं में से एक है। ओडिशा में पुरी जिले से लगभग 23 मील की दूरी पर चंद्रभागा नदी के तट पर कोणार्क का सूर्य मंदिर स्थित है। इसकी कल्पना सूर्य के रथ के रूप में की गई है। इसकी संरचना इस प्रकार है कि रथ में 12 जोड़े विशाल पहिए लगे हैं और इसे 7 शक्तिशाली घोड़े खींच रहे हैं। सूर्य का उदयकाल, मंदिर के शिखर के ठीक ऊपर से दिखाई देता है, ऐसा लगता है कि कोई लाल-नारंगी रंग का बड़ा सा गोला शिखर के चारों ओर अपनी किरणें बिखेर रहा है। यह मंदिर अपनी अनूठी वास्तुकला के लिए दुनियाभर में मशहूर है और ऊंचे प्रवेश द्वारों से घिरा है। इसका मूख पूर्व में उदीयमान सूर्य की ओर है और इसके तीन प्रधान हिस्से- देउल गर्भगृह, नाटमंडप और जगमोहन (मंडप) एक ही सीध में हैं। सबसे पहले नाटमंडप में प्रवेश द्वार है। इसके बाद जगमोहन और गर्भगृह एक ही जगह पर स्थित हैं। यहां अलग-अलग मुद्राओं में हाथियों की सजीव आकृतियां मौजूद हैं। इसके अलावा कई देवी-देवताओं, गंधर्व, नाग, किन्नर और अप्सराओं के चित्र नक्काशी से तैयार किए गए हैं। मंदिर के गर्भगृह में सूर्यदेव की अलौकिक पुरुषाकृति मूर्तियां विराजमान हैं। इसका शिखर स्तूप कोणाकार है और तीन तलों में विभक्त है। इसका निर्माण गंग वंश के नरेश नरसिंह देव (प्रथम) ने करवाया था।

# रामनगर को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना मेरा लक्ष्य : सिद्धार्थ अवस्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी ने राजनाथ सिंह से की मुलाकात**

**केंद्रीय रक्षामंत्री को नववर्ष की दी बधाई, मेरा गाँव, मेरा तीर्थ अभियान को सराहा**

बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी ने शुक्रवार नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और बुके भेंटकर नववर्ष की बधाई दी। इस दौरान रामनगर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। जिसमें बुनियादी ढांचे, पर्यटन, स्थानीय रोजगार और सुरक्षा को मजबूत करना शामिल रहा, ताकि यह क्षेत्र विकसित हो और आत्मनिर्भर बनें। श्री अवस्थी ने बताया कि रामनगर जनपद बाराबंकी का प्रमुख धार्मिक और व्यवसायिक केंद्र रहा है। कालांतर में यह क्षेत्र लकड़ी उत्पादन का प्रमुख केंद्र हुआ करता था। लेकिन धीरे धीरे यह क्षेत्र पिछड़ा होता चला गया। बीते कुछ समय से यह क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। मुलाकात के दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति और उनके शीघ्र पूर्ण होने की स्थिति के बारे में बताया। सिद्धार्थ अवस्थी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने स्थानीय विकास के लिए सरकार की योजनाओं को समझा और आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि यह मुलाक़ात क्षेत्र के लोगों के हित में महत्वपूर्ण रही और इसके सकारात्मक परिणाम जल्द देखने को मिल सकते हैं। इसके अलावा, मुलाक़ात के दौरान पार्टी की नीतियों, उनके क्रियान्वयन और आगामी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। सिद्धार्थ ने कहा कि इस तरह की मुलाकातें क्षेत्र के विकास और जनता के कल्याण के लिए लाभकारी साबित होती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह का बाराबंकी से विशेष लगाव रहता है, वह जिले से आने वाले हर व्यक्ति से ससम्मान मिलते है और उनकी समस्याओं को सुनते हैं। उन्होंने बताया कि अटल जी की जन्म शताब्दी पर खेल और साहित्य से जुडी कई गतिविधियों को शुरू किया। इसके अलावा सनातन परंपरा को योगी और मोदी जी की नीतियों से जोड़ते हुए ''मेरा गाँव, मेरा तीर्थ'' अभियान की शुरुआत की, जो क्षेत्र में काफ़ी लोकप्रिय हुआ। जिसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा नेता आकाश त्रिपाठी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। इस मुलाकात से रामनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान में नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# फसल के दुश्मन जान जोखिम छुट्टा जानवर, जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। लखनऊ-महमूदाबाद मुख्य मार्ग पर कस्बा कुर्सी, टिकैतगंज, निंदूरा और बड्डूपुर क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर छुट्टा जानवरों का जमावड़ा निरंतर बढ़ रहा है। सड़क के बीचों-बीच घूमते और आपस में लड़ते मवेशी राहगीरों, वाहन चालकों व जन सामान्य के लिए जान जोखिम बने हैं। कब इनमें आपसी भिडंत हो जाए और किसी निर्दोष व की जान चली जाए, अंदाजा करना मुश्किल है।

हैरानी की बात यह है कि बार-बार की शिकायतों और घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार विभाग और प्रशासन धतराष्ट्र की भूमिका में हैं। दिन के साथ-साथ रात में भी यह मार्ग बेहद खतरनाक हुए है। तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक आ जाने वाले मवेशी कभी भी बड़े सड़क हादसे का कारण बन सकते हैं।

किसान भी इस समस्या से त्रस्त हैं।



छुट्टा मवेशी खेतों में घुसकर गेहूं और सरसों की फसल को पूरी तरह सफाचट कर रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। फसल बचाने के लिए रात-रात भर पहरा देना किसानों की मजबूरी बन चुकी है। अभी कुछ दिन पूर्व ही बिसई ग्राम पंचायत के कुंडुआ चौराहे पर दो छुट्टा मवेशियों के आपसी संघर्ष के दौरान दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसमें हजारों का नुकसान हुआ। गनीमत रही कि उस समय कोई बड़ा जानलेवा हादसा नहीं हुआ, लेकिन प्रशासन यदि अब भी नहीं जागा तो भविष्य में इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

# मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रदर्शन, भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2026 के तहत रविवार को विकासखंड निंदूरा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर निर्वाचक नामावली का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कस्बा टिकैतगंज, कुर्सी, बाबागंज, नांदुरा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सभी मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) की उपस्थिति में मतदाता सूची का परीक्षण किया गया।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ अपने-अपने बूथ पर मौजूद रहे और मतदाताओं को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराई। मतदाताओं ने सूची में अपना नाम, पिता का नाम, आयु एवं पता आदि मिलान किया। जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची में छूट गए थे या जिनकी प्रविष्टियों में त्रुटि थी, उन्होंने मौके पर ही आवेदन प्रस्तुत किए। अभियान के दौरान नवीन मतदाताओं द्वारा नाम जोड़ने के लिए फॉर्म, प्रवासी भारतीय नागरिकों के लिए फॉर्म, नाम विलोपन हेतु फॉर्म, तथा नाम, पता, आयु में संशोधन एवं मतदान केन्द्र परिवर्तन के लिए फॉर्म के माध्यम से आवेदन स्वीकार किए गए। बीएलओ के पास सभी आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध रहे, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।आमजन से अपील की गई कि वे मतदाता सूची का अवलोकन कर आवश्यक सुधार अवश्य कराएं।जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक सुदृढ़ हो सके। रविवार को बड़ी संख्या में मतदाताओं ने भूत पर पहुंचकर जागरूकता का परिचय दिया।

# रामनगर में सुबह-सुबह छत पर लूट की सनसनीखेज वारदात

**नकाबपोश बदमाशों ने महिला को बनाया निशाना, झुमके लूटकर फरार**

**छत पर बने बाथरूम जाते समय वारदात**

**संघर्ष के दौरान गहनों पर हाथ साफ**

**मौके पर पहुंची सीओ गरिमा पंत व कोतवाल अनिल कुमार पांडे**

**गांव में दहशत, पुलिस ने जल्द खुलासे का दिया भरोसा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





रामनगर बराबंकी । रामनगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब घर की छत पर बने बाथरूम के लिए गई एक महिला को दो अज्ञात नकाबपोश लुटेरों ने निशाना बना लिया। बदमाश महिला के झुमके लूटकर मौके से फरार हो गए। इस वारदात से पूरे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है।

घटना का विवरण- प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जुरौन्डा में सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे गृहस्वामी कृष्ण प्रताप सिंह अपने घर के बाहर दरवाजे पर गाय को चारा-पानी दे रहे थे। इसी दौरान उनकी छोटी बहू रेनू सिंह छत पर बने बाथरूम जाने के लिए ऊपर गई थीं। बताया गया कि जैसे ही रेनू सिंह ने अंटिया के दरवाजे को खोलकर आगे कदम बढ़ाया, तभी दूसरी ओर घात लगाकर बैठे दो अज्ञात नकाबपोश लुटेरों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। बदमाशों ने उनका मुंह दबाकर जबरन बाथरूम की ओर खींच लिया और बाहर से दरवाजा बंद कर दिया।

संघर्ष में छीने गए गहने- पीड़िता के अनुसार, बदमाशों से हुई छीना-झपटी के दौरान वे एक पैर की पायल, दो बिछिया और दोनों झुमके निकालने में सफल रहे। हालांकि, संघर्ष और बदमाशों की जल्दबाजी में पायल और बिछिया नीचे गिर गईं, जबकि झुमके लेकर लुटेरे फरार हो गए।

परिजनों को देर से हुई जानकारी- परिजनों का कहना है कि उस समय नीचे घर में टीवी चल रहा था। ऊपर से तेज धम-धम की आवाज सुनकर जब वे छत की ओर दौड़े, तो वहां बाथरूम का दरवाजा बाहर से बंद मिला। दरवाजा खोला गया, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे।

> घटना को गंभीरता से लिया गया है और जल्द से जल्द मामले का खुलासा कर बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा। आसपास के क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एवं अन्य विधिक कर्रवाई की जा रही है।
>
> **सुश्री गरिमा पंत**
> **डिप्टी एसपी रामनगर**

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत और कोतवाल अनिल कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ित महिला और परिजनों से घटना की जानकारी ली तथा मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जांच तेज करने के आदेश दिए।

ग्रामीणों में दहशत- छत पर जाकर इस तरह लूट की वारदात सामने आने से ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। लोगों का कहना है कि इस तरह की नई विधा की वारदात से महिलाएं खासतौर पर असहज महसूस कर रही हैं।

# प्राथमिक शिक्षक संघ का खिचड़ी भोज, उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं खिचड़ी भोज में सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया गया सम्मानित

मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह, अंगद कुमार सिंह उपस्थित रहे।



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बाराबंकी द्वारा हैदरगढ़ रोड स्थित नेशनल पैलेस में शिक्षक सम्मान समारोह एवं खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह एवं विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह उपस्थित रहे। राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता वह समाज में सदैव अपना योगदान देता रहता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार ने शिक्षकों के हित में कैशलेश चिकित्सा सहित अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं एवं शिक्षकों का सम्मान सर्वोपरि है। विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शिक्षकों ने अपने मेहनत एवं लगन से अमूल्य परिवर्तन किए हैं एवं नित्य नए नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक राजीव श्रीवास्तव, रागिनी श्रीवास्तव, धर्मराज, लक्ष्मी सिंह,सुभाष श्रीवास्तव, विनोद कुमार श्रीवास्तव सहित अनेक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने समस्त शिक्षकों के साथ कार्यक्रम के पूर्व दिवंगत शिक्षिका उमा वर्मा को 02 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कार्यवाह सुधीर जी , जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अमित वर्मा, अशोक सिंह, रविबाला सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार तिवारी, जयदीप सिंह सिद्धू, विजय सिंह यादव, रवि वर्मा, शिवा जी मिश्रा, अरुण वर्मा, सौरभ वर्मा, अफजाल अहमद, सुधीर चौधरी, नीरज वर्मा, कुसुमलता, रुचि, श्रद्धा मणि, अभय प्रताप , अल्का गौतम, लोकेश शुक्ला, नीरज कुमार सहित अनेक शिक्षक गणमान्य उपस्थित रहे।

## परिवार से विमुख राम भक्त को भी नहीं मिलता सम्मान

फतेहपुर बाराबंकी। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गुरुसेल मे देवी माता मंदिर परिसर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों हिन्दूओ ने सहभागिता की। सम्मेलन मे मुख्यवक्ता अशोक केडिया ने हिन्दूसमाज की एकता व पारिवारिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में हिन्दुओं को अपने परिवारों को जोड़ने की आवश्यकता है। एकल परिवारों को त्योहारों पर मिल-बैठकर सामूहिक भोजन एवं पारिवारिक सहभागिता बढ़ानी चाहिए।सम्पूर्ण हिन्दू समाज एक परिवार है और सबको एक-दूसरे के सुख-दुःख में साथ खड़ा रहना चाहिए। उन्होंने उद्बोधन में धार्मिक उदाहरण प्रस्तुतकरते हुए कहा कि विभीषण भगवान राम के परम भक्त थे, किंतु परिवार का साथ न देने के कारण उनकी पूजा नहीं होती।यह उदाहरण हमें परिवार और समाज के महत्व को समझने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर वीरेंद्र वर्मा, साकेन्द्र प्रताप वर्मा,आदित्य,अतुल,ए.के. सिंह, सुनील सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे। सम्मेलन में उमड़ी भारी भीड़ ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।अंत मे वीरेंद्र कुमार शर्मा नें गुरुसेल माता का अष्टक पढ़कर सभी को भक्ति के रस मे डूबो दिया।

## घने कोहरे में वाहन टकराएं, एक की मौत आधा दर्जन जख्मी

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग 927 पर हरिनारायणपुर मोड़ के पास सुबह घने कोहरे के चलते भीषण सड़क हादसा हुआ। इनोवा व अर्टिगा कार की आमने सामने तेज टक्कर होने के बाद एक बस से भिड़ंत हो गई।इस हादसे में देवेंद्र कुमार पुत्र अशोक तिवारी निवासी थाना करनैल गंज 38 वर्ष की मौके पर ही मौत हुई।जबकि घटना में अन्य आठ लोग घायल हुए हैं।घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने राहत एवं बचाव कार्य कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आवश्यक कार्यवाही की।

## करंट से महिला की मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय क्षेत्र के मदारपुर गांव में रविवार की दोपहर टुल्लू पंप से करंट लगने से 55 वर्षीय सरस्वती कनौजिया की मौत हुई।घटना की सूचना मिलते ही बदोसरांय पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद, पुलिस ने आवश्यक पंचायतनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका सरस्वती कनौजिया के तीन बेटे और दो बेटियां हैं। इस संबंध में कोतवाली बदोसराय के प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया था, जिसके बाद शव का पंचायतनामा भरकर उन्हें सौंप दिया गया है।

## जैदपुर में निकला 28 रजब का कदीमी जुलूस

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम अपने 72 साथियों के साथ मदीने से कर्बला सफर की याद में निकलने वाला 28 रजब का जुलूस नगर पंचायत के मोहल्ला पचदरी से निकल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 रजब के जुलूस को लेकर मोहल्ला पचदरी स्थित शिया मस्जिद मैं मौलाना हसनैन बाकरी मजलिस खिताब फरमाया गया। इसके पश्चात अकीकत मंदो में . तबरूक का वितरण किया गया। अंजुमन दस्ताए हैदरी जैदपुर के नेतृत्व में गुलदस्ताए हैदर जुलूस के दौरान समाजसेवियों द्वारा जगह-जगह अकीकत मंदो के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। जुलूस के दौरान नगर प्रशासन साफ सफाई चूना छिड़काव. जैदपुर पुलिस द्वारा सुरक्षा के उचित प्रबंध किए गए थे।

## पी डी ए के अध्यक्ष बने डॉक्टर धर्मेंद्र, भव्य शपथ ग्रहण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। श्री महावीर जैन विद्यालय प्रांगण में आयोजित समारोह में प्राइवेट डॉक्टर्स एसोशिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को डॉ.आर आहूजा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र पांडे, सचिव डॉ वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष डॉ सईदुर रहमान ने शपथ गृहण की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे प्रो डॉ रवि आहूजा, विशिष्ट अतिथि डॉ फारूक अहमद, डॉ एन के गुप्ता, डॉ अनिल जैन, डॉ आर एन वर्मा के एवं उपस्थिति रही। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र पांडेय ने सभी का स्वागत किया! ! सभा का संचालन करते हुए डॉ सईदुर रहमान ने संस्था का विस्तृत परिचय दिया। इससे पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष डॉ महावीर जैन, उपाध्यक्ष डॉ रेहान ज़हीर, डॉ रोहित गुप्ता, डॉ मो शोएब, डॉ प्रवीन वर्मा ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।विद्यालय की छात्राओ ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया । सचिव डॉ वीरेंद्र श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ अबू बकर, डॉ जैनुल आबदीन, डॉ बरकत बारी, डा.एस एन दुबे, डॉ पंकज, डॉ इक़बाल, डॉ क़ादरी, डॉ अखिलेश वर्मा, डॉ सुधीर वर्मा, डॉ दीप्ति जैन, डॉ अमित कुमार, डॉ राजेंद्र सिंह, डॉ प्रवीन, डॉ मो शोएब, डॉ फारूक, डॉ एस के सिंह, डॉ एस एन दुबे, डॉ फुरक़ान, डॉ विनय जैन, डॉ रोहित गुप्ता, मो उस्मान, आदि मौजूद रहे।

# विशेष अभियान के तहत एसडीएम ने किया हैदरगढ़ क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण, बीएलओ को दिए गए आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । आगामी निर्वाचन तैयारियों के तहत आज विशेष अभियान के अंतर्गत हैदरगढ़ क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान बूथों की स्थिति, बीएलओ की उपस्थिति तथा मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के क्रम में सार्वजनिक इंटर कॉलेज स्थित बूथ संख्या 278, 279, 280, 281 एवं 282 का निरीक्षण किया गया, जहां देवेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, अनुपम यादव, अंबुज शुक्ला एवं नन्हेंलाल बीएलओ उपस्थित मिले।

इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय हैदरगढ़ प्रथम के बूथ संख्या 275, 276 एवं 277 का निरीक्षण किया गया, जिसमें वीरेंद्र प्रताप, शैलेंद्र कुमार सिंह एवं शमीम अहमद बीएलओ उपस्थित पाए गए।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ के बूथ संख्या 270, 271, 272, 273 एवं 274 का निरीक्षण किया गया, जहां सूर्य प्रताप मौर्य, अंकित तिवारी, वैभव शर्मा एवं वशी खान बीएलओ उपस्थित रहे।

वहीं प्राथमिक विद्यालय रौनी के बूथ संख्या 205, 206 एवं 207 का निरीक्षण किया गया, जिसमें जितेंद्र कुमार, शिवकुमार एवं अरुंधति बीएलओ उपस्थित मिलीं। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय मानपुर माजरा दादूपुर के बूथ संख्या 295 एवं 296 पर तैनात बीएलओ सविता श्रीवास्तव एवं सविता देवी अनुपस्थित पाई गईं। बताया गया कि सविता श्रीवास्तव ने अवकाश ले रखा था, जबकि सविता देवी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित थीं। इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को पत्राचार कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त प्राथमिक विद्यालय तारागंज के बूथ संख्या 221 एवं 222 का निरीक्षण किया गया, जहां अन्नपूर्णा एवं जितेंद्र कुमार बीएलओ उपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बीएलओ द्वारा फॉर्म 6, 7 एवं 8 भरने की कार्रवाई की जा रही है। सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया कि जिन मतदाताओं की आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनका फॉर्म 6 अनिवार्य रूप से भरवाया जाए। बीएलओ के पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6, 7 एवं 8 उपलब्ध पाए गए। साथ ही एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत जिन मतदाताओं के फॉर्म अंकलेक्टेबल श्रेणी में दर्ज हैं, उनके संबंध में बीएलओ को क्षेत्र भ्रमण कर पुनः सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। यदि ऐसे मतदाता मिलते हैं तो उनका फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

## बार कौंसिल का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**3117 मतदाताओं में 2521 ने किया मतदान**

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के चुनाव के प्रथम चरण के दो दिवसीय मतदान(16, 17 जनवरी) के दूसरे वी अंतिम दिन भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने मतदान किया 17 जनवरी को 1818 मतदाताओं ने अपने वोट डाले,16 जनवरी को प्रथम दिन कुछ अव्यवस्थाओं के कारण मात्र 703 मतदाता ही मतदान कर पाए थे। मतदान केन्द्र पर सुविधा बढ़ाने के लिऐ जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने मतदान केन्द्र पर रुककर व्यवस्था सुधार कराते हुए बूथों की संख्या करीब तीन गुना करते हुए 60 बूथ बनवा दिए। प्रथम दिन16 जनवरी को पहले 8 बूथ बनाए गए थे लेकिन भीड़ को देखते हुए चुनाव प्रभारी अपर जिला जज अशद अहमद हाशमी ने बूथ 8 से बढ़ाकर 25 किए थे। 17 जनवरी को बहुत लम्बी लाइन देख जिला जज ने बूथ संख्या में व्यापक बढ़ोतरी कर बूथ की संख्या 60 कर दी तो शीघ्रता से लोग मतदान कर पाए। पहले 3061 मतदाताओं की मतदाता सूची प्रकाशित हुई थी बाद ने 56 की सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी हुई इसे मिलाकर जिला मुख्यालय के मतदान केन्द्र पर 3117 मतदाता थे जिनमे से 2521 ने मताधिकार का प्रयोग किया। तहसील हैदरगढ़ में मुंसिफ कोर्ट होने के कारण वहां अलग मतदान केन्द्र था।हैदरगढ़ बार एसो में 299 मतदाताओं में से 255 के मतदान की खबर है। मतदान सुबह दस बजे शुरू होकर 5 बजे तक जारी रहा।मतदान केन्द्र के 100 मीटर दूरी से प्रत्याशियों के समर्थक वोट मांगते रहे।भारी संख्या में पुलिस बल आस पास तैनात रहा। बहुत सुलझे अधिकारी के रूप में जाने जाने वाले कोतवाली देवा के प्रभारी पुलिस टीम के साथ मतदान केन्द्र न्याय लिनियम भवन में अन्त तक मौजूद रहे।अंत में चुनाव प्रभारी अपर जिला जज अशद अहमद हाशमी ने बताया कि 16 वा 17 जनवरी को मिलाकर जिला मुख्यालय पर कुल 2521 मतदाताओं ने मतदान किया। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश बार कौंसिल चुनाव हेतु इस बार 333 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं इनमें से 25 चुने जाने हैं।अभी मतदान के तीन चरण शेष हैं।





# अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए उतरेगा आरसीब

एजेंसी

वडोदरा। अब तक अपने चारों मैच जीत कर उत्साह से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुजरात जायंट्स के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए मैदान पर उतरेगी।



कप्तान स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसकी टीम को हराना आसान नहीं होगा। दूसरी तरफ गुजरात जायंट्स ने पहले दो मैच जीत कर इस सत्र की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वह अगले दो मैच में हार गई और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गई। आरसीबी के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि कप्तान मंधाना ने फॉर्म में वापसी की है। उन्होंने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ विकेट से मिली शानदार जीत में 96 रन की मैच विजेता पारी खेली। सलामी बल्लेबाज ग्रेस हैरिस ने भी अच्छी शुरुआत की है लेकिन वह उन्हें बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहीं हैं। पिछले मैच में जॉर्जिया वोल ने भी नाबाद 54 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। आरसीबी के पास ऋचा घोष, नादिन डी क्लर्क, गौतमी नायक और राधा यादव जैसी आक्रामक बल्लेबाज भी हैं जिससे बल्लेबाजी उसका सबसे मजबूत पक्ष बन गया है। आरसीबी की गेंदबाजी इकाई भी काफी मजबूत है, जिसमें लॉरेन बेल और सायली सतघरे जैसी गेंदबाज शुरुआती ओवरों में जिम्मेदारी संभालती हैं जबकि श्रेयांका पाटिल, प्रेमा रावत और राधा यादव जैसे स्पिनरों ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ पिछला मैच जीता था और इससे भी उसकी टीम को आत्मविश्वास मिलेगा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एशले गार्डनर की अगुवाई वाली गुजरात जायंट्स की टीम में बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, कनिका आहूजा, गार्डनर, जॉर्जिया वेयरहम और भारती फुलमाली जैसी अच्छी बल्लेबाज शामिल हैं, लेकिन इन सभी को मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। गुजरात जायंट्स की गेंदबाजी की कमान रेणुका सिंह संभाल रही हैं, जो टूर्नामेंट में अब तक प्रभावित करने में विफल रही हैं। डिवाइन ने अभी तक बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें अन्य खिलाड़ियों से सहयोग की जरूरत है।

टीम इस प्रकार हैः गुजरात जायंट्सः एशले गार्डनर (कप्तान), बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, रेणुका सिंह ठाकुर, भारती फुलमाली, टिटास साधु, काशी गौतम, कनिका आहूजा, तनुजा कंवर, जॉर्जिया वेयरहम, अनुष्का शर्मा, हैप्पी कुमारी, किम गार्थ, यास्तिका भाटिया, शिवानी सिंह, डैनी व्याट-हॉज, राजेश्वरी गायकवाड़ और आयुषी सोनी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः स्मृति मंधाना (कप्तान), ऋचा घोष, श्रेयांका पाटिल, जॉर्जिया वोल, नादिन डी क्लर्क, राधा यादव, लॉरेन बेल, लिन्से स्मिथ, प्रेमा रावत, अरुंधति रेड्डी, पूजा वस्त्राकर, ग्रेस हैरिस, गौतमी नायक, प्रथ्योषा कुमार, डी. हेमलता और सयाली सतघरे।

# वानखेड़े स्टेडियम से भावनात्मक रूप से जुड़ने का इंतजार कर रहे हैं अमेरिकी तेज गेंदबाज नेत्रवलकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुंबई में जन्मे अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर उस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं जब वह सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ अपनी टीम के टी20 विश्व कप के पहले मैच में मैदान पर उतरेंगे।

यह वही मैदान है जहां से एक क्रिकेटर के रूप में उनके करियर की शुरुआत हुई थी। इसके बाद वह अपना करियर बनाने के लिए अमेरिका चले गए और वहां की नागरिकता हासिल करने के बाद उसकी राष्ट्रीय टीम के सदस्य बन गए। इस 34 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2013 में सूर्यकुमार यादव और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ियों के साथ मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट भी खेला था, लेकिन 2010 में अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद वह सीनियर टीम में जगह नहीं बना पाए। नेत्रवलकर ने आखिर में 2015 में प्रतिष्ठित कॉर्नेल विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में मास्टर डिग्री लेने के लिए अमेरिका में उच्च शिक्षा पाने का फैसला किया था। अपने जीवन में उन्होंने जो राह चुनी थी उसे देखते हुए नेत्रवलकर ने सोचा भी नहीं था कि वह फिर से क्रिकेट खेलेंगे लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था। वह अमेरिका की टीम से जुड़ गए और 2024 में टी20 विश्व कप में भी खेले। उनका मानना है कि जब वह वानखेड़े स्टेडियम में फिर से कदम रखेंगे तो भावनाएं उन पर हावी हो सकती हैं। अमेरिका की टीम अभी कोलंबो में अभ्यास कर रही है और नेत्रवलकर ने वहां से पीटीआई को बताया कि वानखेड़े में खेलना उनके लिए भावुक करने वाला पल होगा। उन्होंने कहा, ''मैं नहीं जानता कि वहां पहुंचने पर मेरी प्रतिक्रिया कैसी होगी लेकिन यह निश्चित रूप से भावुक क्षण होगा। एक तरह से यह मेरे लिए समय का एक चक्र पूरा होने जैसा है क्योंकि मैंने मुंबई में क्रिकेट खेलना शुरू किया था और फिर इस खेल को छोड़कर अमेरिका चला गया। मुझे दोबारा क्रिकेट खेलने की उम्मीद भी नहीं की थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट तो मेरे दिमाग में भी नहीं था। नेत्रवलकर ने कहा, ''यह एक तरह से मेरे लिए दूसरी पारी की तरह है। क्रिकेट ने मुझे फिर से मुंबई में खेलने का मौका दिया है। इससे मेरी कई पुरानी यादें ताजा हो जाएंगी और यह मेरे लिए भावनात्मक होगा। लेकिन अभी मैं इस बारे में नहीं सोच रहा हूं। नेत्रवलकर से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने अपने परिवार और दोस्तों के सामने वानखेड़े स्टेडियम में खेलने की कल्पना की थी, उन्होंने कहा, ''कुछ हद तक हां। मुझे इस तरह से खेलने का मौका मिलेगा इसके बारे में मैंने नहीं सोचा था। मैं मुंबई में पला बढ़ा हूं और जब से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया तभी से मेरा सपना देश की तरफ से खेलने का रहा है। मैं भी चाहता था कि मैं वानखेड़े में खेलूं। हम अंडर-15 के दिनों से ही वानखेड़े में प्रशिक्षण लेते रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं आभारी हूं कि मुझे अमेरिका की तरफ से खेलने का मौका मिला। वहां मेरा परिवार और दोस्त भी रहेंगे और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं।

# ज्वेरेव की संघर्षपूर्ण जीत, पाओलिनी और स्वितोलिना भी आगे बढ़ी

एजेंसी

मेलबर्न। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां गैब्रियल डियालो को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव ने कनाडा के 24 वर्षीय खिलाड़ी डियालो के खिलाफ अच्छी शुरुआत नहीं की लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव और दमदार सर्विस के दम पर वापसी करते हुए 6-7 (7), 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह लगातार दसवें साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं। ज्वेरेव ने मैच के बाद कहा, ''सच कहूं तो जब मैंने ड्रॉ देखा तो मैं बिल्कुल भी खुश नहीं था। पहले सेट में मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। मैं सोच रहा था कि इससे बुरा तो कुछ भी नहीं हो सकता। इसके बाद मैंने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। डियालो युवा है, बहुत प्रतिभाशाली है और अविश्वसनीय रूप से आक्रामक है।'' महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले दौर में अलीअक्सांद्रा सास्नोविच को 6-1, 6-2 से हराया। इटली की इस खिलाड़ी को यह मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहला सेट केवल 27 मिनट में जीत लिया था और इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी। इटली के विश्व रैंकिंग में 20वें नंबर पर काबिज फ्लेवियो कोबोली टूर्नामेंट से बाहर होने वाले पहले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी बन गए। उन्हें



ब्रिटिश क्वालीफायर आर्थर फ़ेरी ने 7-6 (7), 6-4, 6-1 से हराया। इसके अलावा 18वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने झांग झिझेन को 6-3, 7-6 (0), 6-3 से और 32वीं वरीयता प्राप्त कोरेंटिन माउटेट ने ट्रिस्टन स्कूलकेट को 6-4, 7-6 (1), 6-3 से पराजित किया। महिला वर्ग में नंबर 12 एलिना स्वितोलिना ने क्रिस्टीना बुक्सा को 6-4, 6-1 से हराया जबकि मारिया सकारी ने लियोलिया जीनजीन पर 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। विंबलडन की पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने पहले दौर के मैच से पूर्व कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया। इससे क्वालीफाइंग राउंड में खेल चुकी टेलर टाउनसेंड को मुख्य ड्रॉ में जगह मिल गई, जहां उनका सामना हैली बैपटिस्ट से हुआ। अमेरिका की दो खिलाड़ियों के बीच खेले गए इस मुकाबले में बैपटिस्ट 6-3, 6-7 (3), 6-3 से विजयी रही।

# पीडब्ल्यूएल 2026 : हरियाणा थंडर्स का अपराजेय अभियान जारी, दिल्ली पर 6-3 से दर्ज की जीत

एजेंसी

नोएडा। जापानी दिग्गज युई सुसाकी ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स को प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के पांचवें मैच में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ 6-3 की प्रभावशाली जीत दिलाई। सुसाकी ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मात्र 57 सेकंड में मुकाबला जीतकर लीग इतिहास की सबसे तेज़ तकनीकी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इस जीत के साथ हरियाणा ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए चार अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुसाकी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैच के बाद हरियाणा थंडर्स की कप्तान युई सुसाकी ने कहा, ‌‍आज का मुकाबला अच्छा रहा और मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। मेरा लक्ष्य निर्णायक तरीके से जीत दर्ज करना था,




चाहे वह पिन के जरिए हो या तकनीकी श्रेष्ठता से और मैं अपनी योजना को अच्छे से लागू कर पाई। टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और सभी खिलाड़ियों का प्रयास उत्साहजनक रहा। दिल्ली दंगल वॉरियर्स के कप्तान सुजीत कलकल ने कहा, हमारी उम्मीद जीत की थी, लेकिन शुरुआती कुछ मुकाबले हमारे पक्ष में नहीं गए। ये मुकाबले कड़े और करीबी थे, एकतरफा नहीं, लेकिन आज हमारा दिन नहीं था। हम हार से सीख लेंगे। टीम के रूप में खुद को दोबारा संगठित करेंगे और आगामी मुकाबलों में मजबूत वापसी करेंगे। हरियाणा ने शुरुआत 76 किग्रा महिला वर्ग में काजल धोचक के जरिए शानदार अंदाज में की। कड़े मुकाबले में काजल ने अनास्तासिया अल्पयेवा को 6-5 से हराया। दूसरे पीरियड में बनाई गई मामूली बढ़त को उन्होंने अंत तक बरकरार रखते हुए हरियाणा को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद 57 किग्रा पुरुष वर्ग में अंकुश चंद्रम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शुभम कौशिक को 13-3 से पराजित कर हरियाणा की बढ़त 2-0 कर दी। मैच का निर्णायक क्षण 53 किग्रा महिला मुकाबले में आया, जहां युई सुसाकी ने अपनी गति, तकनीक और आक्रामकता का बेहतरीन नमूना पेश किया। सारिका को पूरी तरह दबाव में रखते हुए सुसाकी ने मात्र 57 सेकंड में 16-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की, जो न केवल मुकाबले का रुख तय करने वाला पल था बल्कि एक नया लीग रिकॉर्ड भी बना। इसके बाद हैवीवेट वर्ग में अनिरुद्ध गुलिया ने रोनक को 13ऽ0 से हराकर हरियाणा की पकड़ और मजबूत कर दी। 57 किग्रा महिला वर्ग में नेहा सांगवान ने कनाडा की कार्ला गोंजालेज को तकनीकी श्रेष्ठता से पराजित कर हरियाणा के लिए पांचवीं जीत सुनिश्चित की और मैच लगभग सील कर दिया।

# डिसकॉम ने कई वर्षों के घाटे के बाद 2024-25 में 2,701 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने कई वर्षों तक लगातार घाटा उठाने के बाद वित्त वर्ष 2024-25 में सामूहिक रूप से 2,701 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। राज्य बिजली बोर्डों के पुनर्गठन और निगमीकरण के बाद से ही वितरण कंपनियां घाटे में चल रही थीं। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में इन कंपनियों को 25,553 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2013-14 में 67,962 करोड़ रुपये का भारी घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2024-25 के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए बिजली मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह वितरण क्षेत्र के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह मंत्रालय द्वारा बिजली वितरण क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का परिणाम है। मंत्री ने कहा, ‌‍भारत न केवल अपनी बल्कि दुनिया की प्रगति को गति दे रहा है और इसमें ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में आवश्यक सुधारों के लिए प्रतिबद्ध है ताकि बिजली क्षेत्र भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को सहारा दे सके और 'विकसित भारत' की यात्रा में अपना योगदान दे सके। मंत्रालय ने बताया कि सुधारों का असर न केवल मुनाफ़े में, बल्कि अन्य प्रदर्शन संकेतकों में भी दिख रहा है। एग्रीगेट तकनीकी और वाणिज्यिक (एटीएंडसी) घाटे में भी कमी आई है, जो इस क्षेत्र में बदलाव का संकेत है। वित्त वर्ष 2013-14 में एटीएंडसी घाटा 22.62 प्रतिशत था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर 15.04 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, लागत वसूली में सुधार के संकेत देते हुए, आपूर्ति की औसत लागत और औसत राजस्व प्राप्ति (एसीएस-एआरआर) के बीच का अंतर वित्त वर्ष 2013-14 के 0.78 रुपये प्रति यूनिट से घटकर वित्त वर्ष 2024-25 में 0.06 रुपये प्रति यूनिट रह गया।

# घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोने ने फिर बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने ने आज एक बार फिर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है। ये चमकीली धातु आज 360 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 390 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगी हो गई है। इसीर तरह चांदी ने भी एक दिन की गिरावट के बाद आज एक बार फिर मजबूती दिखाई है। दिल्ली सर्राफा बाजार में इस चमकीली धातु ने आज 3,100 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में आज आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,43,780 रुपये से लेकर 1,43,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,800 रुपये से लेकर 1,31,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर,



चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज ये चमकीली धातु 2,95,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 3,320 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 3,050 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 4,603.51 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंचा हुआ है। चांदी के भाव में भी पिछले सप्ताह की कारोबार में 35 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। लंदन सिल्वर मार्केट में चांदी का हाजिर भाव 93.92 डॉलर प्रति औंस के स्तर तक पहुंचने के बाद फिलहाल 90.33 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,43,930 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,43,780 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,31,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# डब्ल्यूईएफ: वैश्विक दिग्गजों के सामने दावोस में दमदार उपस्थिति के लिए तैयार भारत

एजेंसी

दावोस। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भारत एक दमदार प्रतिनिधित्व के लिए तैयार है। सोमवार से शुरू होने वाले पांच दिवसीय इस आयोजन में दुनिया भर के दिग्गज एक चुनौतीपूर्ण दुनिया में ‌‍संवाद की भावना‌‍ विषय पर चर्चा करेंगे। सरकार, व्यापार, शिक्षा, बहुपक्षीय निकायों, नागरिक समाज और श्रम संघों के 3,000 से अधिक वैश्विक नेताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सबसे बड़े आकर्षण होंगे। ट्रंप अपने मंत्रिमंडल के पांच सदस्यों के साथ आ रहे हैं। भारत से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के अलावा कम से कम चार केंद्रीय मंत्रियों ऽ अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और के राम मोहन नायडू के साथ ही छह मुख्यमंत्रियों और देश के 100 से अधिक शीर्ष मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के शामिल होने की उम्मीद है। बैठक में शामिल होने वाले मुख्यमंत्रियों में महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, असम के हिमंत विश्व शर्मा, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, तेलंगाना के ए रेवंत रेड्डी और झारखंड के हेमंत सोरेन शामिल हैं। जहां रेड्डी कांग्रेस पार्टी से हैं, सोरेन कांग्रेस की सहयोगी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा से और नायडू भाजपा की सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी से हैं, वहीं अन्य तीन मुख्यमंत्री भाजपा से हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार (कांग्रेस) के भी वहां रहने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्रियों में नायडू तेदेपा से हैं, जबकि अन्य चार भाजपा से हैं। इसके अलावा, गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष रमेशभाई संघवी (भाजपा) और उत्तर प्रदेश का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी दुनिया भर के अमीर और शक्तिशाली लोगों के इस वार्षिक जमावड़े के लिए दावोस की यात्रा करेंगे। वैश्विक नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने वरिष्ठ सहयोगियों- वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट, वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ वहां पहुंच सकते हैं।

# कंपनियों के तिमाही परिणामों से बाजार को मिलेगी दिशा

**शेयर समीक्षा**

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह प्रमुख सूचकांकों के सपाट रहने के बाद आने वाले सप्ताह में कंपनियों के तिमाही परिणामों से बाजार की दिशा तय होगी। आईटी कंपनियों के अच्छे तिमाही परिणामों से इस सेक्टर में तेजी बनी हुई है जो आने वाले सप्ताह में जारी रहने की संभावना है। अगले सप्ताह सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के वित्तीय परिणाम जारी होने हैं। संसद में 01 फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशक सतर्कता बरत सकते हैं। पिछले सप्ताह बृहन्न मुंबई नगर निगम चुनाव को कारण गुरुवार को बाजार में अवकाश रहा था। सोमवार और शुक्रवार को प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही जबकि मंगलवार और बुधवार को गिरावट देखी गयी। बीएसई का सेंसेक्स 5.89 अंक की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 83,570.35 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 11.05 अंक की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 25,694.35 अंक पर रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी



कंपनियों के लिए बीता सप्ताह अच्छा रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक भी 0.46 अंक ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 19 के शेयर पिछले सप्ताह टूट गये जबकि अन्य 11 में साप्ताहिक तेजी दर्ज की गयी। एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा 4.24 फीसदी लुढ़का। मारुति सुजुकी में 3.91 प्रतिशत, सन फार्मा में 3.51, एशियन पेंट्स में 2.39, आईटीसी में 2.33, इंडिगो में 2.19 और बीईएल में 2.08 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.86 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.67, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.20, बजाज फाइनेंस का 1.05 और अडानी पोर्ट्स का 0.99 प्रतिशत फिसल गया। एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड के शेयर भी साप्ताहिक गिरावट में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 5.65 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील का शेयर भी 5.50 प्रतिशत, इंफोसिस 4.62, भारतीय स्टेट बैंक 4.23, अल्ट्राटेक सीमेंट 3.52 और एनटीपीसी 3.04 प्रतिशत मजबूत हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर 2.20 फीसदी, एक्सिस बैंक के 1.78 और इटरनल के 1.11 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहे। आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयर भी हरे निशान में रहे।

# शीर्ष 10 में तीन कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 75,855 करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। छुट्टियों के कारण छोटे रहे बीते सप्ताह के दौरान देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में तीन का संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 75,855.43 करोड़ रुपये बढ़ गया। शेयर बाजार में सुस्त रुझान के बावजूद भारतीय स्टेट बैंक और इंफोसिस के शेयरों में बढ़त हुई। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 5.89 अंक गिरा, जबकि एनएसई निफ्टी 11.05 अंक ऊपर गया। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और इंफोसिस लाभ में रहे। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और लार्सन एंड टुब्रो के मूल्यांकन में कुल 75,549.89 करोड़ रुपये की गिरावट आई। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और इंफोसिस का कुल मूल्यांकन 75,855.43 करोड़ रुपये बढ़ा। इस दौरान एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 39,045.51 करोड़ रुपये बढ़कर 9,62,107.27 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का मूल्यांकन 31,014.59 करोड़ रुपये बढ़कर 7,01,889.59 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 23,952.48 करोड़ रुपये घटकर 19,72,493.21 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 23,501.8 करोड़ रुपये घटकर 5,30,410.23 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है।

# 2025 में भारत से वाहन निर्यात 24 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के ताजा आंकड़ों के अनुसार विदेशी बाजारों में कारों, दुपहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के कारण 2025 में भारत से वाहन निर्यात 24 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल भारत से कुल निर्यात 24.1 प्रतिशत बढ़कर 63,25,211 इकाई हो गया, जबकि 2024 में यह 50,98,474 इकाई था। इस दौरान यात्री वाहनों का निर्यात 16 प्रतिशत बढ़कर 8,63,233 इकाई रहा, जो 2024 में 7,43,979 इकाई था। उपयोगिता वाहनों का निर्यात पिछले साल सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 4,27,219 इकाई रहा। इस दौरान यात्री कारों का निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 4,25,396 इकाई हो गया। सियाम ने कहा कि पश्चिम एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका सहित अधिकांश बाजारों में मांग स्थिर रही है। मारुति सुजुकी 2025 में 3.95 लाख इकाइयों का निर्यात करके इस क्षेत्र में सबसे आगे रही।

# प्रधानमंत्री मोदी ने असम में दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

## कालियाबोर में 6,950 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की रखी आधारशिला

एजेंसी

कालियाबोर (असम), 18 जनवरी (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय असम दौरे के दौरान रविवार को उन्होंने नागांव जिले के कालियाबोर में 6,950 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी और दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-715 के कालियाबोर-नुमालीगढ़ खंड के चार लेन विस्तार से संबंधित है। यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के साथ काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की जैव विविधता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इससे पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा था कि वे कालियाबोर में महत्वपूर्ण विकास कार्यों के भूमि पूजन को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि काजीरंगा से होकर गुजरने वाला 35 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर विशेष रूप से मानसून के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा में सहायक होगा और इससे संपर्क व्यवस्था में भी सुधार आएगा। करीब 86 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में 35 किलोमीटर का एलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर शामिल है, जो काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र से होकर गुजरेगा। इसके अलावा 21 किलोमीटर का बाईपास खंड विकसित किया जाएगा, जबकि मौजूदा एनएच-715 के लगभग 30 किलोमीटर हिस्से को दो लेन से चार लेन में विस्तारित किया जाएगा। यह कॉरिडोर नागांव, कार्बी आंगलोंग और गोलाघाट जिलों से होकर गुजरेगा, जिससे ऊपरी असम, विशेष रूप से डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया के साथ सड़क संपर्क में उल्लेखनीय सुधार होगा। परियोजना से वन्यजीवों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होने के साथ मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी आने की उम्मीद है। साथ ही सड़क सुरक्षा में सुधार, यात्रा समय और दुर्घटना दर में कमी तथा बढ़ते यात्री एवं माल परिवहन को समर्थन मिलने की संभावना है। परियोजना के तहत जाखलबंधा और बोकाखाट में बाईपास का निर्माण किया जाएगा, जिससे शहरी क्षेत्रों में यातायात दबाव घटेगा और स्थानीय आवागमन सुगम होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी (कामाख्या)-रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस और डिब्रूगढ़-लखनऊ (गोमती नगर) अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन नई रेल सेवाओं से पूर्वोत्तर और उत्तरी भारत के बीच रेल संपर्क को मजबूती मिलेगी और यात्रियों के लिए सुरक्षित तथा सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध होंगे। कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा, असम सरकार में मंत्री अतुल बोरा, केशव महानता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीएसपीओसी का आयोजन अतिथि देवो भवः की महान परंपरा का प्रतीक:बिरला

एजेंसी

जयपुर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों का 28वां सम्मेलन (सीएसपीओसी) भारत की मेजबानी में होना भारत की ''अतिथि देवो भवः'' की महान परंपरा का प्रतीक है।

श्री बिरला सीएसपीओसी के बाद भ्रमण कार्यक्रम के तहत संसदीय प्रतिनिधियों के जयपुर आगमन पर शनिवार को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपने संबोधन यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत एक विशाल और विविधताओं से भरा देश है, जहां भौगोलिक विविधता, भाषाओं की विविधता, खानपान की विविधता के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत की समृद्धता भी अद्वितीय है।

उन्होंने कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों में अत्यंत प्राचीन सभ्यताएं और समृद्ध परंपराएं आज भी जीवंत हैं। उन्होंने राजस्थान की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां विशाल रेगिस्तान, भव्य महल, नदियां, बावड़ियां मौजूद है। राजस्थान शौर्य और वीरता की भूमि है। यहां महाराणा प्रताप ने शत्रुओं से संघर्ष करते हुए भी अपने आत्मसम्मान से कभी समझौता नहीं किया। श्री बिरला ने इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े का अभिनंदन किया और इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार का विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रमंडल देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि इस आतिथ्य का अवसर मिलना हमारे लिए गर्व का विषय है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद एवं पारस्परिक मिलन से विभिन्न देशों के लोग सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे के निकट आते हैं और इससे आपसी आत्मीयता और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। श्री देवनानी ने कहा कि राजस्थान में शौर्य, साहस, अतिथि-सत्कार, परंपरा और जीवटता का अनूठा संगम देखने को मिलता है। यह प्रदेश अपने विशिष्ट भूगोल और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद विकास, जनकल्याण एवं प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पधारो म्हारे देश की भावना के साथ राजस्थान की धरती पर आप सभी का स्वागत है।

# भारतीय वायुसेना ने गरुड़ कमांडोज़ के लिए मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया

नयी दिल्ली। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की विशेष बल इकाई 'गरुड़' के जवानों के प्रशिक्षण की सफल समाप्ति के उपलक्ष्य में रविवार को गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर (जीआरटीसी), एयर फोर्स स्टेशन चंडी नगर में मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। परेड की समीक्षा एयर स्टाफ ऑपरेशंस (एयर डिफेंस) के सहायक प्रमुख ने की। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया गया कि इस अवसर पर गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर के कमांडेंट ने प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 'गरुड़' जवानों को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप विशेष बलों के लिए कठोर प्रशिक्षण और उच्च स्तरीय कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर सफल प्रशिक्षुओं को मैरून बेरेट, गरुड़ प्रोफिशिएंसी बैज और स्पेशल फोर्सेज टैब प्रदान किए गए, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को ट्रॉफियां भी सौंपी गईं। पासिंग आउट समारोह के दौरान गरुड़ कमांडोज़ ने कॉम्बैट फायरिंग, बंधक बचाव अभियान, फायरिंग ड्रिल, असॉल्ट एक्सप्लोसिव्स, बाधा पार, दीवार चढ़ाई, स्लिथरिंग, रैपलिंग तथा सैन्य मार्शल आर्ट्स जैसे कौशलों का प्रदर्शन किया। मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड 'गरुड़' बल के लिए गर्व और उपलब्धि का क्षण है, जो अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफल परिणति और प्रशिक्षुओं के 'युवा विशेष बल ऑपरेटर' के रूप में रूपांतरण को दर्शाता है। बयान में कहा गया कि ऑपरेशन 'सिंदूर' में भारतीय वायुसेना के विशेष बलों की भूमिका को देखते हुए, नए पासआउट विशेष बल ऑपरेटर आईएएफ की नव-परिभाषित विशेष अभियानों को अंजाम देने की क्षमता को और सुदृढ़ करेंगे।

# अंडमान सागर में भारत की पहली ओपन-सी समुद्री मछली पालन परियोजना का शुभारंभ

एजेंसी

पोर्ट ब्लेयर/नयी दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को अंडमान सागर के उत्तरी खाड़ी क्षेत्र में भारत की पहली ओपन-सी (खुले समुद्र में) समुद्री मछली पालन परियोजना का शुभारंभ किया। यह परियोजना खुले समुद्र में वैज्ञानिक तरीके से मछली और समुद्री शैवाल की खेती की दिशा में देश का पहला बड़ा कदम मानी जा रही है।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पित ब्लू इकोनॉमी (नीली अर्थव्यवस्था) को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने इसे भारत के विशाल और अब तक कम उपयोग में लाए गए समुद्री संसाधनों की आर्थिक क्षमता को खोलने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया। यह परियोजना अंडमान सागर के खुले जल क्षेत्र में फील्ड दौरे के दौरान उत्तरी खाड़ी के श्री विजया पुरम में ही प्रारंभ की गई। श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता के बाद लगभग सात दशकों तक भारत के समुद्री संसाधन अपेक्षाकृत उपेक्षित रहे, जबकि इनमें भी हिमालय और मुख्य भूमि की तरह अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद राष्ट्रीय सोच में बड़ा बदलाव आया, जब समुद्रों को भी आर्थिक विकास के प्रमुख स्रोत के रूप में देखा जाने लगा। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत के पश्चिमी, दक्षिणी और पूर्वी तटों की भौगोलिक और जैविक विशेषताएं अलग-अलग हैं और सभी देश के विकास में विशिष्ट योगदान दे सकते हैं। यह परियोजना पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, उसकी तकनीकी इकाई राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी) और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह प्रशासन के सहयोग से लागू की जा रही है। यह एक पायलट परियोजना है, जिसके तहत प्राकृतिक समुद्री परिस्थितियों में समुद्री फिनफिश और समुद्री शैवाल की खुले समुद्र में खेती की जा रही है। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक नवाचार को स्थानीय समुदायों की आजीविका से जोड़ना है। मौके पर भ्रमण के दौरान आजीविका संवर्धन से जुड़े दो अहम कार्यों की शुरुआत की गई। समुद्री वनस्पति के तहत डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्थानीय मछुआरा समुदायों को समुद्री शैवाल के बीज सौंपे, ताकि खुले और गहरे समुद्री जल में इसकी खेती को बढ़ावा दिया जा सके।

# दिल्ली जदयू के दही-चूड़ा भोज में शामिल हुए भाजपा सहित समाज के वर्गों के लोग

एजेंसी

दिल्ली। दिल्ली प्रदेश जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ओर से रविवार को यहां मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में दही-चूड़ा भोज का आयोजित किया गया, जिसमें जदयू और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर दिल्ली जदयू के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने कहा, ''इस भोज के आयोजन का मुख्य उदेश्य बिहार से बाहर रहने वाले लोगों को राज्य की लोक परंपरा से बांधे रखना तथा देश के अन्य लोगों को इससे जोड़कर सांस्कृतिक एकता का संदेश देना है।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में बिहार और उत्तर प्रदेश के काफी लोग रहते हैं और और आज के कार्यक्रम ने इनकी भागीदारी ने यह साबित किया कि हमसब एकजुट हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्टी के कार्यकर्ता और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मकर संक्रांति के सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। दिल्ली जदयू के महासचिव सर्वेश कश्यप ने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार की ओर से आयोजित यह भोज सभी को साथ लेकर चलने की एक कोशिश है। उन्होंने कहा, ''जदयू सामाजिक सौहार्द,सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण तथा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की विचारधारा में विश्वास रखता है। मकर संक्रांति महोत्सव जैसे आयोजन इस भावना को मजबूत करने के माध्यम हैं। समग्र रूप से यह आयोजन सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक परंपराओं और आपसी एकता के संदेश को सशक्त रूप से प्रस्तुत करने में सफल रहा।

इस भोज के आयोजन में दिल्ली जदयू दिल्ली के प्रधान महासचिव राहुल मिश्रा,महासचिव पवन कुमार, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ब्रज किशोर,पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल झा और वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ एस एन ठाकुर ने अहम भूमिका निभायी।

# 'भारतीय भाषा परिवार: सांस्कृतिक विरासत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

नयी दिल्ली। सरस्वती आईकेएस सेंटर एवं आईक्यूएसी, श्याम लाल कॉलेज द्वारा भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से ''भारतीय भाषा परिवारः सांस्कृतिक विरासत'' विषय पर 16-17 जनवरी 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह सम्मेलन श्याम लाल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रबी नारायण कर के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया गया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और अकादमिक दृष्टि ने इस आयोजन को स्पष्ट दिशा प्रदान की तथा भारतीय ज्ञान-परंपरा एवं भाषायी विरासत के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय भाषाओं को केवल संप्रेषण का माध्यम न मानकर, उन्हें भारतीय ज्ञान-परंपरा, सांस्कृतिक चेतना एवं सभ्यतागत विरासत के संवाहक के रूप में समझना था। सम्मेलन के शैक्षणिक एवं वैचारिक संचालन में सरस्वती आईकेएस सेंटर एवं आईक्यूएसी की निदेशक प्रो. कुशा तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पेज एक का शेष

## यूपी बनेगा हेल्थकेयर...

सेंटर्स में सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए सुधारों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश ने मातृ एवं शिशु मृत्युदर को नियंत्रित करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। संस्थागत प्रसव अब राष्ट्रीय औसत के समकक्ष पहुंच चुका है। कई जनपद ऐसे हैं, जहां ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया है। एक समय उत्तर प्रदेश वेक्टर जनित रोगों की चपेट में रहता था। मानसून आते ही इंसेफ़ेलाइटिस, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व कालाजार जैसी बीमारियां विकराल रूप ले लेती थीं। इंसेफ़ेलाइटिस के कारण पिछले 40 वर्षों में उत्तर प्रदेश में लगभग 50 हजार मासूम बच्चों की मृत्यु हुई थी। वर्ष 2017 में सरकार ने इसके खिलाफ निर्णायक अभियान शुरू किया। समय पर पहचान, स्थानीय स्तर पर इलाज और जवाबदेही तय करने की व्यवस्था लागू की गई। मात्र दो वर्षों के भीतर इस बीमारी को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया और आज उत्तर प्रदेश में इंसेफ़ेलाइटिस से ज़ीरो डेथ दर्ज की जा रही है। डेंगू, मलेरिया, कालाजार और चिकनगुनिया पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब अगला लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'ईज़ ऑफ लिविंग' विज़न को साकार करना है। इसके लिए टेक्नोलॉजी का अधिकतम उपयोग आवश्यक है। स्क्रीनिंग की प्रक्रिया गांव स्तर से शुरू होनी चाहिए, ताकि मरीज को अनावश्यक रूप से 40-50 किलोमीटर दूर न जाना पड़े। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ही यह तय हो जाए कि मरीज को किस स्तर की चिकित्सा की आवश्यकता है। टेलीकंसल्टेशन, टेलीमेडिसिन और एआई आधारित स्क्रीनिंग से यह संभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क और ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क का विकास युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य केवल आत्मनिर्भर भारत नहीं, बल्कि 'मेक इन इंडिया' से 'मेक फॉर द वर्ल्ड' की दिशा में आगे बढ़ना है। कोविड काल ने यह सिखाया कि संकट के समय दुनिया अपनी मोनोपोली दिखाती है। ऐसे में देश व प्रदेश को स्वास्थ्य और मेडिकल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना ही होगा। मुख्यमंत्री ने तक्षशिला विश्वविद्यालय और वैद्य जीवक की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय मनीषा हमेशा यह मानती रही है कि ह्लनास्ति मूलमनौषधम्ङ्क यानि कोई भी वनस्पति ऐसी नहीं, जिसमें औषधीय गुण न हों। उसी तरह ह्लअयोग्यः पुरुषो नास्तिङ्क यानि कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं होता, आवश्यकता केवल सही योजक की होती है। आज सरकार की नीतियां वही योग्य योजक हैं, जो युवाओं, स्टार्टअप्स व इनोवेटर्स को अवसर प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश-विदेश के निवेशकों और उद्योग जगत को उत्तर प्रदेश आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि प्रदेश में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षित वातावरण और सिंगल विंडो सिस्टम उपलब्ध है। सरकार समयबद्ध स्वीकृति और हर स्तर पर सहयोग सुनिश्चित करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश मेडिकल टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर और फार्मा के क्षेत्र में देश ही नहीं, दुनिया का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह, सचिव भारत सरकार मनोज जोशी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अमित घोष और औषधि महानियंत्रक भारत सरकार राजीव रघुवंशी समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## योगी ने पीएम आवास...

2,000 करोड़ की अनुदान राशि के अंतरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ समेत विभिन्न जिलों के दस लाभार्थियों को अपने हाथों से पत्र दिए जबकि अन्य कई लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी परिवार को आवास के लिए राशि मिलने पर शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय शहरी एवं विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर वर्चुअल जुड़े और कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। इसके पहले कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के शहरी विकास मंत्री एके शर्मा ने अपने नगरीय निकाय विभाग की विभिन्न उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि अब प्रदेश में स्वच्छता मिशन , प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई योजनाएं सफलता के साथ आगे बढ रही हैं। लखनऊ को स्वच्छता अभियान में देश भर में तृतीय स्थान मिलने पर बधाई दी और कहा कि नोएडा दुनिया के 50 स्वच्छ शहरों की सूची में शामिल हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में नगरीय निकाय के अधिकारियों से कहा कि वे एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें जो पीएम आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को दी जा रही राशि के उपयोग को देखें कि निर्माण करने व निर्माण सामग्री की उपलब्धता में कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। साथ ही समय से सत्यापन कराकर अगली किश्त प्रदान करने की कार्यवाही पूरी करें । योजना के तहत बने आवासों की दीवारों पर पीएम आवास योजना का भी उल्लेख करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का असर है कि उत्तर प्रदेश में अब तक 62 लाख लोगों को पीएम आवास योजना के तहत लाभान्वित किया जा चुका है। उन्हें केवल एक मकान नहीं ?मिला बल्कि स्वावलंबन का बडा सहारा मिला है। उन्होंने अपने भाषण में अयोध्या और सोनभद्र के उन परिवारों का जिक्र किया जिनके पास मकान नहीं थे और इतनी पूंजी भी नहीं थी कि आवास बनाते लेकिन जब पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच से लाभार्थी बने तो आवास बन गया और आवास बनाने के लिए खुद की जुटाई पूंजी से व्यवसाय शुरु किया और नियमित आय होने लगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब पौने नौ साल के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में हर स्तर पर विकास हुआ है और तेजी से हो रहा है; लाखों लोगों को आवास मिल रहा है। इलाज की सुविधा मिल रही है। रोजगार शुरु करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना से लेकर स्टार्टअप योजना तक संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश से गंदगी और माफिया दोनों हट रहे हैं। इसलिए विकास में और गति आई है। सीएम योगी के भाषण के दौरान सभागार में कई बार लाभार्थियों ने तालियां बजाकर आभार जताया। इस कार्यक्रम में विभाग के राज्य मंत्री राकेश राठौर, राज्यसभा सांसद संजय सेठ, ब्रजलाल, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल समेत लखनऊ के विधायक व विधान परिषद सदस्य उपस्थित रहे।

## संगम पर...

शांकराचार्य के साथ चल रहे लोगो ने पुलिस से कहासुनी कर ली। मामला धक्का मुक्की तक पहुँच गया। कुछ देर तक हंगामा होता रहा, बाद मे पुलिस ने उनके रथ क़ो रास्ते से हटाया जिससे शंकराचार्य और उनके अनुयाई काफी नाराज़ दिखे और धरने पर बैठ गए। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार नें बताया कि स्नान पर्व के दिन वीआईपी प्रोटोकॉल नही होता है और भीड़ मे रथ लेकर शंकराचार्य जी जा रहें थे। जिससे अव्यवस्था होती इस वजह से उनको रोका गया उनसे कहा गया था कि आप पांच लोगो के साथ जाकर स्नान करें, लेकिन उनके समर्थक रथ से ही जाने पर अड़े रहे और धरने पर बैठ गए। पुलिस के अधिकारियों ने उनको धरने से उठने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन वो धरने पर बैठे रहे।

## धर्म ही मुझे...

होगा। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में जाति काम और पेशे से जुड़ी थी, लेकिन समय के साथ वह भेदभाव का कारण बन गई, जिसे समाप्त करना समाज की जिम्मेदारी है। आरएसएस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए भागवत ने कहा कि संघ का लक्ष्य समाज के साथ मिलकर भारत को उसके सर्वोच्च गौरव तक पहुंचाना है। संघ व्यक्ति के चरित्र निर्माण के जरिए राष्ट्र निर्माण का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि आरएसएस न तो किसी से प्रतिस्पर्धा करता है और न ही किसी प्रतिक्रिया में बना संगठन है। भागवत ने कहा कि संघ स्वयं बड़ा बनने की बजाय पूरे समाज को आगे बढ़ाने में विश्वास रखता है। जो लोग को समझना चाहते हैं, उन्हें संघ की शाखाओं में आकर उसके कार्यों को नजदीक से देखना चाहिए।

## विधानसभा में...

की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन भी प्रस्तावित है। समापन सत्र 21 जनवरी को होगा। सम्मेलन के दौरान विधायी परंपराओं, संसदीय नवाचारों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने से जुड़े विषयों पर संवाद होगा। सम्मेलन के बाद 22 जनवरी को अयोध्या धाम भ्रमण का कार्यक्रम है।

## सांसों पर...

हिस्सों ( जिसमें दिल्ली और आसपास के इलाके शामिल हैं) में घना कोहरा छाने का अनुमान है, जिससे सुबह और रात के समय दृश्यता कम हो सकती है और यातायात प्रभावित हो सकता है। अधिकारियों ने निवासियों से गंभीर प्रदूषण और सर्दियों के कोहरे के बीच, खासकर सुबह के समय, बाहरी गतिविधियों को सीमित करने और खतरनाक हवा केसंपर्क में आने से बचने की सलाह दी है। दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान पांच से सात डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जो सामान्य से 1.6 से 3 डिग्री सेल्सियस कम है। हवा की गुणवत्ता बिगड़ने के जवाब में, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम ) ने शनिवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर ) में श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप ) के तहत स्टेज-ऋ्रु के उपायों को फिर से लागू किया है। आयोग के आदेश में कहा गया है, ''हवा की गुणवत्ता के मौजूदा रुझान और संबंधित कारकों को ध्यान में रखते हुए और क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता को और खराब होने से रोकने के प्रयास में ग्रैप पर सीएक्यूएम की उप-समिति सर्वसम्मति से मौजूदा ग्रैप श्रेणी-IV - 'गंभीर' वायु गुणवत्ता (दिल्ली 450) के तहत परिकल्पित सभी कार्यों को तत्काल प्रभाव से पूरे एनसीआर में एक सक्रिय उपाय के रूप में लागू करने का फैसला करती है। यह मौजूदा ग्रैप की श्रेणी I, II और III के तहत एनसीआर में पहले से लागू कार्यों के अतिरिक्त है।''

## देश लगातार नकार...

की रणनीति बनाई थी और उनके नेतृत्व में असम के लोगों ने साहस, एकजुटता और दृढ़ संकल्प के साथ मुगल सेना को पराजित किया। यह केवल एक सैन्य विजय नहीं थी बल्कि असम के स्वाभिमान और आत्मविश्वास का जयघोष था। अहोम शासन काल से ही कालियाबोर का रणनीतिक महत्व रहा है और उन्हें खुशी है कि भाजपा सरकार में यह क्षेत्र विकास का अहम केंद्र बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भाजपा पूरे देश में लोगों की पहली पसंद बन चुकी है और बीते एक-डेढ़ वर्षों में पार्टी पर देश का भरोसा लगातार बढ़ा है। हाल ही में बिहार में हुए चुनाव में 20 वर्षों बाद भी जनता ने भाजपा को रिकॉर्ड मत और रिकॉर्ड सीटें दीं। महाराष्ट्र के बड़े शहरों में हुए महापौर और पार्षद चुनावों में मुंबई जैसे विश्व के सबसे बड़े नगर निगमों में से एक में पहली बार भाजपा को जनादेश मिला। यह जीत मुंबई में हुई है, लेकिन उसका उत्सव काजीरंगा में मनाया जा रहा है। महाराष्ट्र के अधिकांश शहरों की जनता ने भाजपा को सेवा का अवसर दिया है और दक्षिण में केरल की जनता ने भी भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन दिया है, जहां पहली बार भाजपा का महापौर बना है और तिरुवनंतपुरम में पार्टी सेवा कर रही है। हालिया चुनाव परिणामों का जनादेश पूरी तरह स्पष्ट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट अब विकास के हाशिए पर नहीं है, नॉर्थ ईस्ट अब दूर नहीं रहा बल्कि दिल के भी पास है और दिल्ली के भी पास है। लंबे समय तक यह धारणा बनी रही कि प्रकृति और प्रगति एक-दूसरे के विपरीत हैं लेकिन आज भारत दुनिया को दिखा रहा है कि दोनों साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं। जब प्रकृति सुरक्षित होती है, तो उसके साथ अवसर भी पैदा होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जिससे होमस्टे, गाइड सेवाएं, परिवहन, हस्तशिल्प और छोटे व्यवसायों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को आय के नए साधन मिले हैं। काजीरंगा केवल एक राष्ट्रीय उद्यान नहीं है बल्कि असम की आत्मा है और भारत की जैव-विविधता का एक अनमोल रत्न है। यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर स्थल का दर्ज़ा दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए कालियाबोर से नुमालीगढ़ तक लगभग 90 किलोमीटर लंबा गलियारा करीब 7,000 करोड़ रुपये के निवेश से बनाया जा रहा है, जिसमें 35 किलोमीटर लंबा ऊंचा खंड शामिल है, ताकि वाहन ऊपर से गुजर सकें और नीचे जानवरों की आवाजाही बाधित न हो। एक समय था जब काजीरंगा में एक सींग वाले गैंडों का अवैध शिकार असम के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गया था। 2013-14 में दर्जनों गैंडे मारे गए थे। भाजपा सरकार ने इसे रोकने का संकल्प लिया, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया और वन विभाग को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए। वन दुर्गा पहल के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई गई, जिसके परिणामस्वरूप साल 2025 तक गैंडों के अवैध शिकार की कोई घटना दर्ज नहीं हुई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान असम को बहुत कम बजट मिलता था और नॉर्थ ईस्ट की सबसे बड़ी पीड़ा दूरी की रही है। दशकों तक यहां के लोगों को यह महसूस होता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है, जिससे भरोसा भी कमजोर पड़ा। भाजपा सरकार ने रोडवेज, रेलवे, एयरवेज और जलमार्ग के माध्यम से असम को जोड़ने का काम किया, जबकि कांग्रेस ने कभी इसकी परवाह नहीं की। कांग्रेस शासन में असम को लगभग 2,000 करोड़ रुपये का रेल बजट मिलता था, जिसे भाजपा सरकार ने बढ़ाकर लगभग 10,000 करोड़ रुपये सालाना कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम इस समय अपनी पहचान और संस्कृति को बचाने की बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। जिस तरह असम में भाजपा सरकार घुसपैठ से निपट रही है, जंगलों और धार्मिक, सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक धरोहरों को अतिक्रमण से मुक्त करा रही है, उसकी व्यापक सराहना हो रही है। कांग्रेस ने केवल सत्ता और वोटों के लिए असम की धरती को घुसपैठियों के हवाले कर दिया। बिहार में भी कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने घुसपैठियों के समर्थन में गतिविधियां कीं लेकिन जनता ने उन्हें करारा जवाब दिया और अब असम की जनता भी ऐसा ही करेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने सभा में आए कई युवाओं से संवाद किया, जो उनके चित्र हाथों में लिए खड़े थे। प्रधानमंत्री ने उनसे कहा कि वे अपने चित्र सुरक्षा कर्मियों को सौंप दें और चित्रों के पीछे अपना नाम और पता लिख दें, ताकि वे व्यक्तिगत रूप से पत्र भेजकर उनका आभार व्यक्त कर सकें।

# गायत्री परिवार युग चेतना का प्रवाह: धामी

- गायत्री परिवार का शताब्दी समारोह नवयुग निर्माण में मील का पत्थर: शेखावत
- ध्वज वंदन के साथ शताब्दी समारोह का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गायत्री परिवार को किसी एक संगठन की सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता। यह युग चेतना का वह प्रवाह है, जो व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र के उत्थान की ओर अग्रसर करता है। रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज के तत्वावधान में आयोजित माता भगवती देवी शर्मा व अखंड दीपक के शताब्दी समारोह का शुभारंभ ध्वज वंदन के साथ श्रद्धामय वातावरण में हुआ। यह कार्यक्रम 23 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने माताजी के तपस्वी जीवन, निःस्वार्थ सेवा और अखंड साधना को राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि शताब्दी समारोह भारतीय संस्कृति, संस्कार और साधना परंपरा के नवजागरण का संदेश देता है। उनका संपूर्ण जीवन त्याग, बलिदान और साधना की वह ज्योति है, जिसने असंख्य जीवनों को सही दिशा और नई दृष्टि दी। मुख्यमंत्री ने देवभूमि उत्तराखंड की आध्यात्मिक चेतना का स्मरण करते हुए कहा कि ऐसे पावन परिवेश में आयोजित यह शताब्दी समारोह भारतीय संस्कृति, संस्कार और साधना परंपरा के नवजागरण का संदेश देता है। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इसे सेवा, साधना और संस्कार का त्रिवेणी संगम बताते हुए नवयुग निर्माण में मील का पत्थर करार दिया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि यह समारोह व्यक्ति और समाज में आत्मपरिवर्तन का अवसर प्रदान करता है। समारोह में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, राज्य मंत्री विनय रुहेला, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, विधायकों और विदेशों सहित भारत के विभिन्न हिस्सों से आए हजारों स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विशिष्ट अतिथियों को शांतिकुंज का प्रतीक चिह्न, गंगाजली, रुद्राक्ष माला और युग साहित्य से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि सेवा, साधना और संस्कार का त्रिवेणी संगम यह शताब्दी समारोह नवयुग के बारेनिर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। विश्व की महान सभ्यताओं का निर्माण सामूहिक चरित्र निर्माण के माध्यम से ही संभव हुआ है। जब समाज के व्यक्ति नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सेवा भाव को अपने जीवन का आधार बनाते हैं, तभी सशक्त संस्कृति और स्थायी सभ्यता का निर्माण होता है। जनशताब्दी समारोह इसी सामूहिक चेतना को जाग्रत करने का एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है। शताब्दी समारोह के दलनायक एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि यह आयोजन किसी वैराग्यपूर्ण एकांत तपोभूमि का नहीं, बल्कि युगऋषि आचार्यश्री का खोया-पाया विभाग है। जहां व्यक्ति स्वयं को और अपने दायित्व को पुनः खोजता है।

## गीता कॉलोनी में शराब के नशे में झगड़ा लकड़ी के डंडे से सिर पर वार कर हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। शाहदरा जिले के गीता कॉलोनी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात शराब के नशे में हुए आपसी विवाद के दौरान एक रिक्शा चालक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में इस्तेमाल लकड़ी का डंडा भी बरामद कर लिया गया है। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने रविवार को बताया कि शनिवार रात करीब 9:49 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल मिली कि गांधी नगर स्थित एसकेवी नंबर-1 स्कूल की बाउंड्री वॉल के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति खून से लथपथ हालत में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला, जिसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और चारों ओर खून फैला हुआ था। जांच में मृतक की पहचान 36 वर्षीय दनुआ उर्फ लालबत्ती, निवासी जिला हाथरस (उप्र) के रूप में हुई है। वह गांधी नगर इलाके में मटका बनाने का काम करता था और रिक्शा भी चलाता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेजा गया। क्राइम टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और फोटोग्राफी कराई। पुलिस को गांधी नगर में स्कूल की बाउंड्री वॉल के पास फुटपाथ पर ढाबा चलाने वाले 62 वर्षीय खुशीराम ने बताया कि शाम के समय दनुआ और उसका साथी बंटी ढाबे पर आए थे, जहां दोनों ने शराब पी। कुछ देर बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और झगड़े में बदल गई। इसी दौरान गुस्से में आकर बंटी ने पास में पड़ा लकड़ी का डंडा उठाकर दनुआ के सिर पर पूरी ताकत से वार कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से दनुआ जमीन पर गिर पड़ा और उसके मुंह से खून बहने लगा। कुछ देर बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शिकायत के आधार पर गीता कॉलोनी थाने में हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी बंटी (26) को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा भी बरामद कर लिया गया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीण जीवन को मिला नया आधार

- सरकार की पहल से गांवों में साकार हुए पक्के आवास के सपने




कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। जनपद पौड़ी गढ़वाल के ग्रामीण अंचलों में अब सिर्फ घर नहीं बन रहे, बल्कि उम्मीदें आकार ले रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने उन परिवारों के जीवन में स्थायित्व और आत्मविश्वास भर दिया है, जिनके लिए कभी पक्की छत सिर्फ एक सपना हुआ करती थी। आज वही सपना हकीकत बनकर गांव-गांव मुस्कान बिखेर रहा है। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने बताया कि वर्ष 2016 से 2024 के बीच जनपद में 4594 पात्र परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिल चुका है। यह आंकड़ा सिर्फ निर्माण का नहीं, बल्कि विश्वास के निर्माण का प्रमाण है। वहीं आवास प्लस सर्वे-2024 के तहत सभी विकासखंडों में 12379 नए आवासों के लिए सर्वे पूरा कर लिया गया है। यह सर्वे तीन चरणों में किया जाता है और इसकी वैधता पांच वर्षों तक रहती है, ताकि वास्तविक जरूरतमंद ही योजना से जुड़ें। अब जिला स्तरीय समिति द्वारा पात्र लोगों को चिन्हित कर आगे की प्रक्रिया तेज की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता है सीधा और पारदर्शी लाभ। पात्र लाभार्थियों को 1 लाख 30 हजार रुपये की सहायता राशि तीन किश्तों में सीधे खाते में मिलती है। इसके साथ 95 दिन की विकसित भारत - जी राम जी मजदूरी और उत्तराखंड सरकार द्वारा किचन सामग्री व बर्तनों के लिए 6 हजार रुपये की अतिरिक्त मदद भी दी जा रही है। इस योजना से पात्र लाभार्थियों को एक कमरा, एक किचन और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं वाला घर मिल रहा है। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना सिर्फ मकान बनाने की योजना नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के जीवन को मजबूत आधार देने की पहल है। उन्होंने कहा योजना की पारदर्शी प्रक्रिया और समयबद्ध क्रियान्वयन के कारण जनपद हर वर्ष अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर रहा है। इससे पात्र लोगों का सरकार के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है। योजना के तहत वर्ष 2016-17 में 215 का लक्ष्य पूरा, 2017-18 में 184 का लक्ष्य हासिल, 2020-21 में 860 का लक्ष्य पूर्ण, 2021-22 में 147 का लक्ष्य प्राप्त, 2022-23 में 2049 के सापेक्ष 2043 आवास, 2023-24 में 1146 के सापेक्ष 1145 परिवारों को घर मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने जनपद के गांवों में बदलाव की नींव रख दी है। आज पक्की दीवारों के साथ-साथ लोगों के सपने भी मजबूत हुए हैं।

### लंबे पैदल मार्ग को ट्रेक ऑफ द ईयर–2026 घोषित करने की मांग

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से रविवार को भेंट कर लंबे पैदल मार्ग को 'ट्रेक ऑफ द ईयर–2026' घोषित करने की मांग की है। मनवीर चौहान ने बताया कि जनपद उत्तरकाशी के नौगांव व चिन्यालीसौड़ क्षेत्र में पर्यटन मार्ग, आवास गृह और ग्रामीण सड़कों के निर्माण से जुड़ी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि चिन्यालीसौड़ विकासखण्ड के अंतर्गत सेममुखेम एवं सप्तसेम धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल हैं। जगडगांव दिचली व बनकोट से इन स्थलों तक लगभग 28 किमी वाहन मार्ग एवं आगे 6 किमी पैदल मार्ग है। उन्होंने सेममुखेम से सप्तसेम तक के 6 किमी लंबे मार्ग को ट्रेक ऑफ द ईयर–2026 घोषित करने की मांग की।

## सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत पार्क स्ट्रीट इलेक्ट्रिक आरएसएस का पुनर्स्थापन पूरा, मेट्रो को मिलेगी निर्बाध बिजली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत पार्क स्ट्रीट इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब स्टेशन (आरएसएस) के पुनर्स्थापन और पुनर्निर्माण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस उपलब्धि से राजधानी की प्रमुख मेट्रो लाइनों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी और आने वाली मेट्रो परियोजनाओं को भी मजबूती मिलेगी। डीएमआरसी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पार्क स्ट्रीट आरएसएस का निर्माण वर्ष 2010 में दिल्ली मेट्रो के फ़ेज-2 के दौरान किया गया था। यह आरएसएस एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन और वायलेट लाइन (लाइन-6) को बिजली आपूर्ति करता था। वर्ष 2021522 में सेंट्रल विस्टा परियोजना के निर्माण के चलते इस सब स्टेशन को हटाया गया। इसके बाद 2023 में सीपीडब्ल्यूडी द्वारा उपलब्ध कराई गई वैकल्पिक भूमि पर नए आरएसएस का निर्माण शुरू किया गया, जिसे दिसंबर 2025 में पूरा कर लिया गया। नए आरएसएस को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह इंद्रप्रस्थ से आर.के. आश्रम मार्ग तक प्रस्तावित सेंट्रल विस्टा मेट्रो लाइन (फ़ेज-5ए विस्तार परियोजना) की भविष्य की बिजली जरूरतों को भी पूरा कर सके। इसमें सभी प्रमुख विद्युत उपकरणों को दोबारा स्थापित और चालू किया गया है, जिनमें 66 केवी पावर ट्रांसफॉर्मर, 66 केवी जीआईएस पैनल, 33 केवी पैनल और 25 केवी जीआईएस पैनल शामिल हैं। यह संयुक्त आरएसएस अब एयरपोर्ट लाइन, वायलेट लाइन के साथ-साथ आगामी सेंट्रल विस्टा मेट्रो लाइन को भी बिजली आपूर्ति करेगा। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त 25 केवी फीडर भी उपलब्ध कराए गए हैं। डीएमआरसी के अनुसार, नए आरएसएस का निर्माण अत्याधुनिक मानकों के अनुरूप किया गया है। इसमें उन्नत सब स्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम, ऊर्जा-सक्षम वीआरएफ एयर-कंडीशनिंग सिस्टम और एलईडी लाइटिंग लगाई गई है। सुरक्षा के लिहाज से ट्रांसफॉर्मर और इलेक्ट्रिकल पैनलों के लिए ऑटोमैटिक फायर प्रोटेक्शन सिस्टम और पूरी तरह एड्रेसेबल फायर अलार्म सिस्टम लगाया गया है। आरएसएस को ग्रीन बिल्डिंग मानकों के अनुरूप डिजाइन किया गया है और इसके लिए प्रमाणन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, परिसर में सोलर रूफटॉप पावर सिस्टम लगाने की योजना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कार्बन फुटप्रिंट भी कम किया जा सकेगा।

## लुधियाना में फिरौती मॉड्यूल का भंडाफोड़ बारह पिस्तौल के साथ दस बदमाश गिरफ्तार

लुधियाना। पंजाब में लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने रविवार को गैंगस्टर गोल्डी बरार से जुड़े एक जबरन वसूली मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि तीन सप्ताह के एक खास ऑपरेशन में 10 गुर्गों को गिरफ्तार कर उनके पास से विदेश में बनी पिस्तौलें बरामद कीं, जिनमें दो ऑस्ट्रियन ग्लॉक पिस्तौलें और 10 दूसरे एडवांस्ड हथियार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए गुर्गों पर गैर-कानूनी हथियारों की तस्करी, जबरन वसूली और राज्य भर में अराजकता फैलाने के मकसद से नियोजित हत्या करने का आरोप है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में बी एन एस और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस संगठित अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क को खत्म करने और पूरे पंजाब में शांति और सुरक्षा सुनिश्चत करने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है।

## मौनी अमावस्या पर बिहार के सभी पवित्र घाटों पर लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। मौनी अमावस्या पर बिहार में राजधानी पटना के सभी गंगा घाटों एवं राज्यभर में कोसी, बाघमती और नारायणी के पावन तट पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था एवं श्रद्धा की डुबकी लगाई। बक्सर के रामरेखा एवं अन्य प्रमुख घाटों पर भी लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद पूजा-पाठ व दान-पुण्य किया। बक्सर के रामरेखा घाट पर बक्सर के अलावा शाहाबाद और गोपालगंज सिवान के भी श्रद्धालु आकर गंगा स्नान कर रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन सूर्योदय से पूर्व मौन धारण कर गंगा स्नान करने, तिल, आंवला सहित अन्य वस्तुओं का दान करने और पितरों के लिए तर्पण करने का विशेष महत्व होता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और पुण्य मिलता है। स्नान और दान-पुण्य के बाद ही श्रद्धालु मौन व्रत तोड़ते हैं। पश्चिम चंपारण जिले के भारत व नेपाल की सीमा के वाल्मीकिनगर स्थित नारायणी (गंडक) नदी में स्नान का अपना महत्व है। ऐसा माना जाता है कि माघ अमावस्या पर डुबकी लगाने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। स्नान और मेला को लेकर वाल्मीकि नगर पुलिस के अलावा एसएसबी भी सुरक्षा में तैनात रहे। शनिवार की रात बगहा एसपी रामानंद कौशल भी वाल्मीकि नगर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रत्येक वर्ष माघ अमावस्या पर उत्तरप्रदेश के गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर आदि जिलों के साथ ही बिहार के कई जिलों तथा नेपाल से श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए वाल्मीकिनगर पहुंचते है। माघ अमावस्या पर वाल्मीकिनगर तथा सीमावर्ती त्रिवेणी में मेला का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें बाहर से आनेवाले दुकानदारों के द्वारा श्रृंगार प्रसाधन, दैनिक जरूरत से संबंधी समानों के साथ ही बर्तन की दुकानें लगाया जाता है।

## डरोली कलां में पुलिस मुठभेड़ में हत्या मामले के दो आरोपी घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस के साथ रविवार सुबह हुई एक मुठभेड़ में आदमपुर में एक युवक की हत्या करने के दो आरोपी घायल हो गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह विर्क (जालंधर देहाती) ने बताया कि 16 जनवरी, 2026 को संत बाबा भाग सिंह यूनिवर्सिटी के निकट हुई हत्या की घटना, जिसमें केसर धामी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, के संबंध में थाना आदमपुर में एफआईआर दर्ज की गई थी तथा जांच को अंजाम देने के लिए एसएसपी जालंधर देहाती द्वारा कई पुलिस टीमों का गठन किया गया था। एसएसपी विर्क ने बताया कि 18 जनवरी, 2026 को पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि हत्या करने के बाद आरोपियों ने संत बाबा भाग सिंह यूनिवर्सिटी के निकट एक मोटर के पास अपने हथियार छिपाए थे और उन्हें वापस लेने के लिए वहां पहुंचने की संभावना है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर एक गुप्त अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि जब पुलिस पार्टी–जिसमें एएसआई दिया चंद (थाना आदमपुर), एएसआई मनदीप (सीआईए), सिपाही सोनी कुमार, ड्राइवर सिपाही अमनदीप सिंह तथा पीएचजी नीना रानी शामिल थे–डरोली की ओर से मौके की तरफ बढ़ रही थी, तभी आरोपी वहां पहुंचे, छिपाए गए हथियार निकाले और भागने का प्रयास करने लगे। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। आरोपियों द्वारा चलाई गई तीन गोलियों में से एक गोली थाना आदमपुर की स्कॉर्पियो गाड़ी के दाहिने हिस्से में लगी, एक गोली पेड़ से टकराई और एक निशाना चूक गया।

## हरिद्वार : मौनी अमावस्या पर गंगा में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। मौनी अमावस्या के मौके पर धर्मनगरी हरिद्वार में हरकी पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगायी। स्नान पर्व को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। रविवार को कड़ाके की सर्दी के बावजूद गंगा स्नान के लिए भोर सुबह से ही गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गयी। इस दौरान सभी गंगा घाट हर-हर गंगे के जयकारों से गूंजायमान होते रहे। मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान के साथ ही तीर्थनगरी के आश्रम-अखाड़ों में कई धार्मिक आयोजन हुए। अमावस्या होने के कारण नारायणीशिला पर अपने पितरों के निमित्त पिण्डदान, श्राद्ध-तर्पण व नारायण बलि करवाने वालों की भारी भीड़ रही। सनातन धर्म में मौनी अमावस्या पर मौन रहकर गंगा में स्नान करने के साथ ही अन्न, वस्त्र और तिल दान करने का विशेष महत्व है। नारायणी शिला मंदिर के पुजारी पंडित मनोज त्रिपाठी ने बताया कि माघ माह में पड़ने वाली अमावस्या को मौनी अमावस्या कहा जाता है। यह बहुत ही पुण्यदाई समय होता है। जो व्यक्ति आज के दिन अपने आसपास की नदियों में स्नान करता है, उसे कुंभ के स्नान के बराबर फल मिलता है। आज के दिन सभी देवी देवता और ऋषि-मुनि भी धरती पर स्नान के लिए आते हैं। आज के दिन गंगा स्नान और दान का विशेष महत्व है। जो व्यक्ति गंगा स्नान करने के बाद तिल, गुड़, अन्न, गर्म वस्त्र इत्यादि का दान करता है, उसे सहस्त्र वर्षों तक पुण्यफल की प्राप्ति होती है। स्नान पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## आप विधायक सुखविंदर कुमार सुखी ने कैबिनेट रैंक छोड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा श्री ग्रंथ साहिब के लापता स्वरूपों के संबंध में दिए बयान से आहत, बंगा से आम आदमी पार्टी के विधायक सुखविंदर कुमार सुक्खी ने रविवार को वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है और अपना कैबिनेट रैंक छोड़ दिया है। विधायक सुक्खी रविवार सुबह बंगा के गुरुद्वारा राजा साहिब रसोखाना पहुंचे और सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफ़े की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनकी राजा साहिब अस्थान के प्रति गहरी आस्था है। चोरी हुए पावन स्वरूप मामले में भगवंत मान के बयान को इसका कारण बताया। उल्लेखनीय है कि भगवंत मान ने माघी मेले पर श्री मुक्तसर साहिब में बंगा हलके के एक डेरे से चोरी हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 169 स्वरूपों के बरामद होने के संबंध में बयान दिया था। ये बयान अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर सियासी और धार्मिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। इसी मामले के विरोध में आज डॉ. सुखविंदर कुमार सुक्खी ने राजा साहिब के गुरु घर (रसोखाना) पहुंचकर अपने कैबिनेट रैंक से इस्तीफा दे दिया। डॉ. सुक्खी ने इसकी पुष्टि अपने सोशल मीडिया पेज पर लाइव होकर की। शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) के बंगा में पैदा हुए डॉ. सुखविंदर कुमार सुक्खी ने 2017 में राजनीति में कदम रखा। पहली बार बंगा एससी सीट से शिरोमणि अकाली दल की टिकट से चुनाव लड़ा और जीता। 2017 के पंजाब विधानसभा चुनाव में उन्होंने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरजोत सिंह को हराया था। डॉक्टर सुक्खी को 1893 वोटों की लीड से जीत मिली। इसी तरह से 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार तरलोचन सिंह को हराया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063